सौंदर्य बोध के लिए कुछ अन्य बातें भी होनी अतिआवश्यक है जैसे गायकों का सरल व मधुर कंठ, कला के प्रदर्शन से पहले वाद्य का सही मिला होना, प्रदर्शन करते समय राग का विधिवत ढंग से आरंभ करना, प्रदर्शन करते समय कलाकार का मंच पर बैठने का सही ढंग, गायकों व वादकों की परस्पर अनुकूलता, गीत की रसमयता, छंद और ताल का उचित सामंजस्य, स्वर और लय की रसानुवर्तिता, प्रदर्शन के समय कलाकार की वेशभूषा और सबसे बड़ी बात कलाकार और श्रोताओं के लिए उचित वातावरण का निर्माण करना ताकि वो दोनों आनंद प्राप्त कर सकें।

राग सौंदर्य अनंत है, असीम है। कभी सौंदर्यतरंगे स्वर से स्फुटित होती है-, कभी लय में से और कभी गंभीर हो जाती है, कभी चंचल, कभी वक्र, तो कभी सरल। राग सौंदर्य एक महासागर की तरह है और श्रोता उसका तट है।-

अंत में गेटे (Gate) का सौंदर्य संबंधी मत देना चाहूंगा, गेटे के अनुसार, "सौंदर्य कि व्याख्या करना करना असंभव है। यह तरल, भंगुर या अमूर्त एवं भासात्मक छाया सा है।"

संदर्भ सूची-

१. मुटाटकर, सुमति.(सितंबर २०१८). *संगीत- भारतीय संगीत शास्त्र की सौंदर्यशास्त्रीय संरचना-* हाथरस: संगीत प्रकाशन,हाथरस

२. श्रीवास्तव, सुधा.(नवम्बर २०१८) . *संगीत - उतर भारतीय संगीत में सौंदर्य आदर्श-*हाथरस: संगीत प्रकाशन,हाथरस

३. सक्सेना, मधुबाला.(मई २०१९) . *संगीत– सौंदर्य और संगीत कला.* हाथरस: संगीत प्रकाशन,हाथरस

४. मयानिल, माधुरी.(दिसंबर २०१९) . *संगीत - संगीत में सौंदर्य.* हाथरस: संगीत प्रकाशन,हाथरस

५. गर्ग, बालकृष्ण.*(*फरवरी २०२) . *संगीत - संगीत में सौंदर्य बोध.* हाथरस: संगीत प्रकाशन,हाथरस

६. पाठक, निशा.*(*अगस्त २०२१) . *संगीत– संगीत में सौंदर्य बोध के तत्व.* हाथरस: संगीत प्रकाशन,हाथरस

****

ISSN : 2277- 4262
SJIF : 8.244
INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY E-JOURNAL
An International Peer Reviewed, Refereed Journal

INDIAN CLASSICAL MUSIC AND ITS BENEFITS FOR MEDITATION

-Dr. Parag Shriram Choudhari
Assistant Professor
Dr. (Sou) I B P Mahila Mahavidyalaya, Aurangabad
Nirala Bazar, Aurangabad

Abstract--- *Music with its instantaneous pleasing effect are often a solution to misery. It is a sort of art that's easily accessible anytime and anywhere. This article gives a summary of music therapy practiced in ancient India, its influence on emotion and mind, and speculates its possible clinical applications within the era based on the available scientific literature. Through music, human consciousness can be elevated to a degree which allows one to understand the eternal essence of the universe. Meditation is a state of mind to distress from external affairs and getting in line with the inner peace. The music and meditation both aligned can do wonders for human body in terms of healing. By making use of rhythms of music to get surrounding ready for meditation is a modern art. Nowadays fusion of music to attain meditation is a topic of research for the scientists. This paper gives brief introduction of how music and meditation gets side by side to help human body and their healing.*

Keywords- *Carnatic, hindustani, music, meditation, therapy, veda*

Introduction-Indian genre features a much long-accumulated heritage of centuries. The ancient literature of our country, just like the Vedas, Agamas, Upanishad, Vayu Sanskrit literature, Brihaddharma Sanskrit literature, Ramayana, Mahabharatum, Bhagavata, Shiksha granthas et al. contain priceless references to the fundamental principles of musical style like – seven swaras, 3 gramas, twenty one murchanas, 3 layas (speeds), nine rasas, 3 thayis (octaves), srutis, etc. The origin of Indian music will be derived back to almost 2 thousand years past. It's unarguably believed that the sage Narada introduced the art of music to the world, conjointly it's aforesaid that the sound that pervades the entire universe, i.e., Nadabrahma, itself represents divinity. Scientifically structured Indian music owes its origin to the Samaveda. The Vedic literature scriptures describe all the seven notes of the raga karaharpriya in down order that could be a favorite analysis topic theory and writing writers to explore, however the core sound 'Om' gave rise to the assorted notes. 1st|the primary} evidentiary relevancy music dates to five hundred before Christ by Panini and also the first relevancy musical theory dates to four hundred before Christ found in Rikpratisakhya. Bharata's Natya Shastra dating fourth Century AD contains many chapters on music. This can be the primary renowned work that clearly careful the octave of its structured characteristics for numerous applications. There's a nonstop statement concerning the history of Indian Music that "classical Indian music comes from the Vedas". Though nobody will say that this statement is fake, it's deceivingly oversimplified, once discussing the relevancy of Music in religious text Traditions and modern context. The music of India includes multiple forms of people, popular, pop, genre, and R&B. India's genre tradition, together with Carnatic and Hindustani music, features a history spanning millennia and developed over many eras. It remains basic to the lives of Indians these days as sources of religious inspiration, cultural expression, and pure amusement. India is formed of many dozen ethnic teams, speaking their own languages and dialects, having distinct cultural traditions.

The Hindustani or North Indian form of music developed once the landmass was invaded by the Moguls from the thirteenth century forrader. Within the empire, cultures derived from Persia et al. incorporate with native traditions. The native music of India, with its tangled systems of ragas and talas, continued uninterrupted and has become the Carnatic or South Indian vogue, dominant within the areas not conquered by the Moguls. Originally, all Indian music was sung in Indic. however once the 2 systems divided, Hindustani music was targeted around Hindi and its non-standard speech Braja bhasha, whereas the Carnatic system was principally influenced by Telegu in addition as by Kannadese and Tamil.

A raaga may be a permutation-combination of a minimum 5|of 5} to seven notes out of a complete of twelve - seven pure (shuddh) and five changed (vikrita) notes. In any raaga the foremost oft used note is named the vaadi svara whereas the note that is employed abundant oftentimes however but that of vaadi svara is that the samvaadi svara. All different notes of a raaga are referred to as anuvaadi svara. Where a variety is mentioned within the table(s) within the coming back sections, it means that the given frequency matches at some shruti-sthaan among the given vary. There are practices of making use of varied shruti-sthaan for changed notes in several raagas e.g. raaga Darbaari use changed gaandhaara of flat third shruti whereas raaga Bhairava has changed gaandhaara of flat second shruti.

Music of any kind can be used as a healing to the human emotions which gets damaged or hurt by actions and reactions to any kind of situations caused by self or other person's actions. Previous studies have shown that the process of music aesthetic feeling involves the dimensional measure of each the psychological and also the behavioural phenomena. Neuroscientific proof shows that music evokes complicated emotions on the far side pleasant/unpleasant or happy/sad dichotomies. The process of music aesthetic feeling is closely associated with the emotional response, aesthetic judgment, and aesthetic preference of a private whereas paying attention to music.

If we see larger perspective of the situation then music and meditation does not seem to be related to each other but in the hindsight both music and meditation are the two sides of a coin. There are certain kinds of music genres which cannot be aligned with the meditation but soulful music are one of the helping tools to attain the meditation state. There are researches going on to study the topic of Healing through Indian music.

We hear integrated sound of various musical notes. This integration additionally includes some irregular and ugly atmospherical noises. We tend consciously ignore and target the pleasant, regular and sleek sounds too fancy the music. This collective sound impact influences our mind and generates vibrations within the body fluids which ends in either disturbance or healing within the body. Ears solely don't seem to be to blame for listening/hearing rather the entire material body gets influenced by sounds. The experiments have shown that even deaf persons fancy the musical sounds as a result of the skin and bones area unit equally sensitive to the noises although ears dominate the method. The air vibrations created by sounds bit the skin and different body elements that activate brain by generating waves within the body fluids. That's why the sound of temples, churches etc. calms United States whereas the rowdy music of pubs energizes at first however become complete finally. Shardaatanaya relates seven musical notes with seven main constituents of the body. Shadja (Sa) with semen, Rishabha (Re) with marrow, Gaandhaara (Ga) with bones, Madhyama (Ma) with fats, Panchama (Pa) with flesh, Dhaivata (Dha) with skin, and Nishaada (Ni) with blood. Some versions of literature relate Dhaivata (Dha) to skin, and Nishaada to Shrotra. no matter be the case, this association, additionally to info of Table II, could also be suggestive some cure for a number of bodily disorders.

Meditation is may be a observe within which a personal uses a method – like mindfulness, or focusing the mind on a specific object, thought, or activity – to coach attention and awareness, and come through a mentally clear and showing emotion calm and stable state.

Mindfulness meditation, as a state, trait, or clinical intervention, has been wide utilized in feeling regulation, attention, psychotherapy, and clinical medication, among different fields. it's brought several positive effects to individuals, like regulated negative emotions, increased consciousness, improved well-being, increased psychological perform, and reduced stress symptoms, and improved psychological feature recovery. Previous studies have shown a precise relationship between attentiveness meditation and specific music activities. Mindfulness-based music listening will increase listening sensitivity and pleasure, improve well-being, enhance body awareness and listening experiences, and reduce psychological stress and anxiety symptoms. Specific musical activities, like taking note of attentiveness. Music, chorus coaching, music performance, and music creation, might induce a state of attentiveness meditation that moderates the absorption of musical stimuli by the participants and affects their emotional experiences.

When we say music therapy, can we mean solely the sound effects? If it's so, then why a similar seven notes have an effect on us otherwise in several situations? Occasionally the musical sounds create us calm and composed however on the opposite time they create us happy or unhappy. The background music of theatre/films might produce horrific atmosphere while not being actual horror gift. The musical sounds side to a death-scene might convincingly generate associate feeling of unhappiness to the extent that sentimental people get frantic with the instant and become teary. One could say the rationale lies within the chosen permutation or combination of the notes however once {more} there's a matter then why a similar raaga performed by musician 'A' has more wizard result as compared to the musician 'B'? Once Megha Malhaara was sung by the great Taansena might originate the rain however today nobody has that wizard ability!

It is a long gone conclusion that for meditation we need complete silence in the surrounding and any kind of noise tend to disturb the focus and concentration of the one's meditation state. Now neuroscience study has shown that the listening to the music has same kind of effects as one can achieve by meditation process. It is but should be taken into the account that a specific kind or genre of music should help in meditating and not all the genres will have same amount of inclination as of meditation.

From mood improvement and relaxation to full-blown in distinguishability with the cosmos, music has the power to powerfully shift our state of mind. Meditation isn't that totally different. Meditation lowers the strain endocrine hydrocortisone, helps us sleep deeper, and rewires the brain with a bunch of positive emotional qualities. Making an attempt to meditate in a very club might not be high on the list of counseled practices for monks and yogis, however perhaps it ought to be: once you're absolutely lost in music, you're obtaining a style of nirvana with none of the rigorous coaching. Music forces one to attain a present-centered perspective on reality so as to have interaction with it. Whether or not it's Claude Debussey or deep house, so as to understand a musical piece we've got to follow every beat or note because it happens in real time. This sense of being gift feels good; not being present will even build us sad.

Conclusion- Music is commonly the scene to our lives from car radios to picture soundtracks. Music will remodel our psychological state and transport us to alternative places, each from our reminiscences and even to imaginary alternative worlds. Vedic mantras are ancient, sacred sounds with undulation effects once heard, spoken, or thought of that enable your mind to dissolve and repose. Exceptional music with mantras is their undulation qualities and influence
on our physiology and mental well-being. Singing these ancient sounds usually in the middle of varied instrumentation may be a tool for meditation. Combining both music and meditation can be helpful and simple stress buster practice for many. Both of them can deepen the benefits of positivity and bring greater relive and joy. Music meditation can feel simpler and have larger impact than any other techniques or methods used for meditation.

References

1) Sharma, Vagisha. (2019). *Therapeutic Aspects of Indian Classical Music*, Sangeet Galaxy, Vol. 8, Issue -2 pp. 37-52.
2) https://pubmed.ncbi.nlm.nih.gov/34366968/
3) Sharma, Vagisha. (January 2020). "*Indian Classical Music and Aayurveda*" Sangeet Galaxy, Vol. 9, Issue -1 pp. 13-23.
4) Oscar, Lecuona, King Juan Carlos University, Raquel Rodríguez- Carvajal, Universidad Autónoma de Madrid. (April 2014). "*Mindfulness and Music: A Promising Subject of an Unmapped Field*". International Journal of Behavioral Research & Psychology (IJBRP),.
5) Samdarshi, Pranshu. (August 2020)."*Philosophical Nature of Indian Classical Music*" In: Yojana. New Delhi: Publication Division India.

****

ISSN : 2277- 4262
SJIF : 8.244
INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY E-JOURNAL
An International Peer Reviewed, Refereed Journal

CONSONANCE- AN INTERPRETATION FOR INDIAN MUSIC

-Dr.T.K.Saroja
Lecturer
International Institute of
Information Technology
Hyderabad, Professor CR Road
Telangana-500032

Abstract-- Consonance *in music is a pleasing sound. In Indian music, this term gets translated as Samvaditva.*

- *In a language, we have vowels, the pranas and consonants, the pranis. The consonants attain their shape from the vowels.*
- *In music, swaras become self -entertaining entities, based on the sruti-s.*

A vowel – consonant relation can be seen between sruthi and swara. This relation is a Prana-Prani relation. 'Samvada' is a thorough discussion, a conversation, an agreement and it centers around 'Vada'. If Vada is an argument or a discussion, then Samvada would be an agreeable argument or a harmonious discussion, the consonance. Vadi, Samvadi, Anuvadi, Vivadi are the characteristics given to swaras according to their behavior, relationship, with each other as to how they communicate and bring out meanings, aesthetics from the musical concepts. After all, music is the sensible phenomena that communicates and generates aesthetics from sound. 'Art' is something that strives to re-create reality and establish harmony. 'Music' as one such form of art, has its effective impact on the world through the medium of sound. On a general note, consonance is that harmony that every art form intends to bring in. Indian music, which is unique in the music systems of the world, has its own fabulous technique of playing with consonance. This paper intends to study consonance in multiple contexts of music, by exploring Prana-Prani relation around it and entwine them in establishing harmony.

Key words- *Consonance, Indian music, Harmony, Prana, Prani, Samvaditwa, Samvadi, Vadi*

Introduction- Art is the phenomenon that strives incessantly to achieve harmony in the world. Every art form has its interiors and exteriors play and interact to finally bestow that harmony. The interplay of time and space in art brings in consonance. Consonance, as such is the very disclosure of any art form, the intended result. In music, it is intriguing to see how this result called consonance becomes the cause too. Consonance as the cause, manifests as the root for the concepts. Consonance as result is the harmony, the ultimate goal.

Technically consonance can be termed as Samvaditva in Indian music. Different lakshanagrandhas defined this concept with slight differences in perception. Swaras that have antaras of 9 sruthies and 13 sruthies are mutually samvadis *(Ramanathan,N 1983)*. These are consonant notes. Is this term 'consonant' same as 'consonance'? In the context of swara - sruthi alignment it is true. But consonance is a much bigger idea that encapsulates many things. In Western system of music, two consonant notes go together in producing harmony, which is one of the prime concepts of the system *(Bernstein Martin, Picker Martin 1972)*. The swaras that are samvadis to each other produce harmony in when sounded together. This is the general idea of consonance that lead to the concepts like vadi, samvadi swaras in Hindustani ragas, the first and second important notes *(Hema Hirlekar, 2010).* In Indian music notes move subsequently and not simultaneously.

Interpretations:

Consonance in the adhara shadja of Indian music- It is quite absorbing to bring in a different perspective to consonance in Indian music. In any language vowels are 'pranas' and consonants are 'pranis', that depend on 'prana'. Indian music has been revolving around the swara 'shadja' as adhara swara, base note for many centuries. And in this system Tanpura acts as a drone instrument in providing this tonic in the combination of shadja and panchama. These two notes are obvious samvadis to each other. As we understand from the modern approach, the twenty-two sruthies were derived from the cycle of fifths and cycle of fourths where the fifth (pa) and the fourth(ma) are consonant to shadja. If we try to bring in a prana-prani relation here, our adhara shadja is the *prana* and rest six swaras derived from it are the *pranis.* Indian music being entwined with Shadja as *sruthi* in the sense of tonic, any melodic phrase is always celebrated in its fullest form along with this tonic from the tanpura. Hence shadja as prana always backs all other swaras, the pranis, irrespective of the samvada

relation as defined in the lakshanagranthas. Hence shadja is the Vadi which builds a strong relation (samvada) with any other swara. As such there is always a consonance between shadja and any other swara from the context of tonic. The combination of shadja and any other swara is not taken in the sense of harmony of western music. But the sound of shadja behind any swara builds the strong consonance. The consonance here is the prana-prani relation. But this is not the same relation that led to the twenty-two sruthies by sa- pa as prana- prani and sa- ma as well. Here, it is interesting to study the idea of consonance implying prana – prani relation in two different ways.

Consonance in the concept of *raga*- The second context attributed to consonance is in the definition of *Raga* from the musical treatises, right from Brhaddesi where the concept is defined exclusively for the first time.

"Yo sau dhvani viseshastu swara varna vibhushithaha

Ranjako jana chittanam sa ragaha kadhito budhaihi" (Sambamurthy P 1994)

The very term 'dhvani' in this definition is the *consonance.* This refers to that sound which is the sound of the raga. The *samvada* between various swaras with their respective raga specific behavior brings out the sound of the raga which is the consonance. This sound is what we call as the ragabhava. Even those not trained in music identify the ragas from this very sound, the consonance. The literal meaning of raga, colour, is contributed by the consonant conversations of the swaras among themselves. The phrase "Ranjako jana chittanam" meaning – that which is appealing to people, gets its meaning from the 'dhvani', the consonance

Consonance in the concept of *swara*:

There is Consonance in the very definition of the concept 'swara'.

'*swatho ranjayathi srothu chittam suswara uchyathe'* (*Satyanarayanamurthy Aripirala 1979)*

Swara means that which is self-pleasing, self- entertaining, aesthetic by nature. Anything pleasing is consonant in nature and thus swaras themselves are consonant entities.

Consonance in a compositional form- In Indian music, sahitya plays a vital role. Much to mention, Carnatic music gives equal place to the lyrics along with the melodic, rhythmic and improvisational aspects. A song, be it any compositional form turns out to be a consonant work with the appropriate confluence of text, melody and rhythm. That means there is an ideal conversation and interaction between these elements to create consonance. *Samvada*, the flawless communication leads to *Samvaditwa*, the *consonance*. The different sections of the musical composition pallavi, anupallavi, charanam are like vadi, anuvadi, samvadi. Here *vada* is the point of discussion, anuvada is the way it gets translated and samvada is the discussion that leads to conclusion, the *consonance*. *Pallavam* means sprout and the section pallavi of a composition is indicative of the birth of an idea, be it poetic or melodic or rhythmic. Anupallavi is the section where the born idea gets translated into the next level and Charanam is where it gets elaborated with a conclusion. Unless and until these stages interact in perfect conversation, ultimate consonance is not derived. We can clearly see the prana - prani relationship here where pallavi is the prana and the other sections are pranis. This vada-anuvada-samvada results in samvaditwa.

Consonance between music and language- The concept of *swarakshara* is a fascinating feature where the swara and textual syllable coincide *(Sambamurthy P 1994).* This feature excites us when identified. Otherwise it does not cater to any special effect. The idea of swarakshara can also be ascribed as *consonance.* The swaras sa, ri, ga, ma, pa, dha, ni, represent 12 melodic frequencies in music. When these same letters, as a part of words sound with the same melodic frequency they represent in music, they create a certain amusement which can be termed as *consonance.* The letters sa, ri, ga, ma, pa, dha, ni are pranas and the melodic frequencies they represent in music are pranis in case of swaraksharas, not otherwise. This imputed relation between the letter of language and its musical frequency is a form of *consonance.*

This co-relation of the syllable and the music frequency associated to it, has led to a new idea of giving music identity to the names of individuals. The concept is *'Music in your name'*. By defining a relationship between every letter of the language and musical swara, every name becomes a tune. This refers to the letters of *Devanagari* script which are common to almost all Indian languages. Though this defined relation is not totally logical, it matches closely to the phonetic aspect of the letters and swaras, where from they are produced inside the mouth. For example, the letters aa, cha, chha, ja, jha, ya, ha will be mapped to 'sa' following the close phonetic relation. Similarly, ka, kha, ga, gha, ha map to 'ga' and so on. This mapping with all the letters of Devanagari to the seven swaras gives a sound signature to our names. This is an interesting experiment where the mapping itself is seen as *consonance*.

Below is the defined mapping of the letters of the language to sapta swaras along with some more rules necessary to give a sound identity to the names.

Vowels:

A	Sa
I	Ri
U	Ga
E	Ma
Ai	Pa
O	Da
Au	Ni

Consonants:

ka, kha, ga, gha, ha	Ga
cha, chha, ja, jha, ya, śa, sha, sa, ksha	Sa
ṭa, ṭha, ḍa, ḍha, ta, tha, da, dha, la, ḷa	Da
pa, pha, ba, bha, va	Pa
jna, na, ṇa	Ni
Ma	Ma
Ra	Ri

Letters with conjunct-

Sva : sa and pa with increased speed (tempo increase)

Double letters:

Lla : da and da with two varieties śuddha , ṣatuśrti
(Komal, śuddh)

Sounds like sam, vam :

Sam : sa and pratimadhyama(tivra ‘ma’)

Vam : pa and pratimadhyama (tivra ‘ma’)

For uniformity sake swaras of Sankarabharanam are suggested.

Notation for some names where all the above defined cases appear:

sarōja sr,s

vaiṣṇav p, sn p, (underline indicates slight speed in rendition)

madhurima mdrm

śivāmś s, p,m s (prathimadhyamam)

narasimhāçāryulu nrsm g, s, rs d (pratimadhyamam)

mallanna m dd nn (both d2, d1 and n2,n1)

iiit hyderābād pppd gdr,p,d

Consonance in an Indian music concert- The regular ensemble of artists in a concert is a consonant phenomenon. A vocalist singing to the accompaniment of a violin and a mridangam is a consonant journey. The idea of consonance being conceptualized as harmonies in western music is also inclusive in this Indian

concert happening. The regular accompaniment violin in Carnatic music projects the concept of harmonies by playing in a different octave to the vocals. This is the very consonance in the form of harmony seen in Western music. Even in duo concerts of Indian classical music, harmony has become a common feature.

Consonance in the time theory of Hindustani ragas- In Hindustani music, ragas are time specific. They have relevance to different hours among the 24 hours of the day. The 24 hours are divided into eight prahars and every raga is related to some prahar of the day so that we have morning ragas, noon ragas, evening ragas, night ragas etc. There used to be a strict adherence to perform the ragas only in their respective time zones. If we try to investigate into this theory, *consonance* would be guiding us towards the reason. It might be that the atmosphere has a natural sound in different segments of the day and when the sound of the raga builds in a consonant relation with the sound of the atmosphere at specific time, it attains the qualification as that time based raga. The *consonance* in between the nature sound and the sound of the raga must be the base for the time adherence behind ragas. Thus the theory of consonance gives us a clue towards the time theory of ragas. As the world today has changed so much with no more relevance to the sound of nature in specific hours of the day, the time theory of ragas might not hold much significance in today's practice, as it used to be few centuries ago.

Consonance in the concept of *Nada*- *'Nada',* the union of Prana(na) and Agni(da) is the ultimate truth that ascertains harmony in the world. It is the causal sound and causal music. This is how and why the *Supreme* is regarded as 'nadamaya', 'nadaroopa', 'nada brahman'. Even *'Pranava'* is portrayed as the primary *'nada', 'the para vak.'(Suresh Chandra Dey 1990).* That is why vaggeyakaras like saint Tyagaraja explained the importance of *Nada* in kritis like Mokshamu galada from the lines, "*Prana anala samyogamu valana pranava naadamu saptha swaramulai parage"* which means saptha swaras emanated from Pranava which is the resultant of the collusion of Prana and Anala. Like how vadi and samvadi swaras interact together to spread out harmony, prana (air) and agni (fire) collude to generate *Nada*, the *consonance*. Nada is itself the cause and effect in music.

Conclusion- The paper attempted to entwine many primary concepts of music, with consonance to establish the massiveness and majesty of consonance as a vibrant and core concept which is universal in nature. Music is an exclusive form of art that travels in time through the medium of sound. The sonic nature of this art attains consonance because of the consonant combination of its varied features. The idea called *consonance* plays numerous roles as cause sometimes, effect sometimes, a connection between concepts sometimes thus contributing to the aesthetics of the system. This paper tried to study consonance from newer angles to establish its grandeur and magnanimity. The focus of the paper is on the varied interpretations that could be weaved around the concept with emphasis on *Consonance in Indian music*. The multi layered consonance is finally marked as the flawless output of the work of art that generates the aesthetics, which in turn gets embodied as harmony.

Bibliography-

1. Ramanathan, N. (1983). "*Vadi, samvadi, vivadi and anuvadi svaras*". Madras: Journal of the Music Academy. vol.54.
2. Martin Bernstein, Martin Picker. (1972). *An Introduction to Music*.New Jersey : EnglewoodCliffs.
3. Hirlekar, Hema. (2010). "*Nuances of Hindustani Classical Music*" New Delhi: Unicorn Books.
4. Sambamurthy, P. (1994). "*South Indian Music – Book III*" Madras : The Indian Music Publishing House
5. Satyanarayanamurthy, Aripirala. (1979). "*Sangitha Kala Pradarsini*". Vijayawada.: Sri Panduranga Printing Works.
6. Sambamurthy, P. (1994). "*South Indian Music – Book III*". Madras. The Indian Music Publishing House,
7. Dey, Suresh Chandra. (1990). "*The Quest for Music Divine*" New Delhi.: Ashish Publishing House.

****

ISSN : 2277- 4262
SJIF : 8.244
INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY E-JOURNAL
An International Peer Reviewed, Refereed Journal

भारतीय संगीत के विकास में संवाद तत्व (स्वर, ग्राम, श्रुति, थाट, राग, वादी संवादी आदि।)

-डॉ. उज्जवल
असिस्टेंट प्रोफेसर
(संगीत गायन)
एमडीएसडी गर्ल्स कॉलेज, अंबाला सिटी

सारांश *– भारतीय संगीत का विकास मानव जाति के विकास के साथ ही जुड़ा हुआ है। इसीलिए संगीत का इतिहास भी उतना ही प्राचीन है, जितना की मानव सभ्यता का इतिहास है। मानव सभ्यता के विकास के साथ- साथ ही संगीत का विकास भी होता चला गया। प्राचीन काल से लेकर आधुनिक काल तक संगीत के विकास में मधुरता तथा भाव पक्ष का अत्यधिक महत्व रहा है। मधुरता संगीत का स्वाभाविक गुण है, और यह मधुरता संगीत में स्वर- संवाद के कारण उत्पन्न होती है। स्वर- संवाद का संबंध मनुष्य की कलात्मक एवं ज्ञानात्मक प्रवृत्ति से है। मनुष्य की प्रत्येक ज्ञानेंद्रिय सूख चाहती हैं। आंखें सुंदर-सुंदर वस्तुओं को देखना चाहती हैं, तथा नाक महकते हुए फूलों की सुगंध को महसूस करना चाहती है, इसी प्रकार कान मधुर स्वरों को सुनना चाहते हैं। विश्वमें व्याप्त सभी संगीत का आधार स्वर- संवाद ही है। उत्तर भारतीय संगीत में दो संवाद प्रमुख माने गए हैं। सड़ज- पंचम और सड़ज- मध्यम संवाद। इनके अलावा और भी संवाद हो सकते हैं, जिनकी मान्यता शास्त्र में नहीं है। व्यवहार में अवश्य हैं। पाश्चात्य संगीत में सा-गा संवाद को भी मान्यता मिली है।*

दो स्वरों की संगति को संवाद कहते हैं जिन दो स्वरों की संगति कानों को प्रिय लगती है, उसके भाव को शुभ स्वर- संवाद और जिन दो स्वरों से अप्रिय भाव उत्पन्न होता है, उसे विवाद कहते हैं। यहां पर स्वर - संवाद से हमारा तात्पर्य शुभ स्वर - संवाद से है। संवाद अथवा विवाद केवल दो स्वरों के साथ-साथ उच्चारण में ही नहीं उत्पन्न होता बल्कि एक के बाद एक तुरंत दूसरे स्वर के उच्चारण में भी उत्पन्न होता है। जो कानों को अनुभव होता है। भारतीय संगीत का विकास जिन चरणों से होकर गुजरा है उनमें प्राचीन काल से लेकर आधुनिक काल तक श्रुति, स्वर, ग्राम, थाट, राग, वादी, संवादी इत्यादि संवाद तत्वों का अत्यधिक महत्व रहा है।

Keywords *1)भारतीय संगीत का विकास 2) स्वर संवाद 3) महत्वपूर्ण संवाद तत्व*

भारतीय संगीत के विकास में महत्वपूर्ण संवाद तत्वों का वर्णनः-

स्वर- स्वर संगीत की आत्मा है। स्वर ही राग का जनक है, और आत्मा की अभिव्यक्ति का साधन है। स्वर की उत्पत्ति श्रुतियों से ही मानी जाती है। जो स्वयं प्रकाशित हों वह स्वर हैं, स्वर वह नाद है जो रंजक हो और जिसका अन्य नादों के मध्य विशिष्ट स्थान हो। केवल नाद के रंजक होने से वह नाद स्वर नहीं बन सकता। स्वं कहलाने के लिए उसका श्रुतियों से संबंध होना अनिवार्य है। हमारे संगीत विद्वानों ने 22 श्रुतियों में से 12 स्वरों को संगीत कार्य के लिए उपयुक्त माना है। 12 स्वरों में से शुद्ध स्वर केवल सात हैं, और विकृत स्वर पांच निर्धारित किए गए हैं। जो स्वर अपने निश्चित स्थान पर स्थित रहते हैं वह शुद्ध स्वर कहलाते हैं, और जो स्वर अपने निश्चित स्थान से हट जाते हैं वह विकृत स्वर कहलाते हैं। जब हम एक स्वर से दूसरे स्वर पर जाते हैं तो एक मधुर भाव उत्पन्न होता है वह मधुर भाव ही संवाद कहलाता है। सा-मा तथा सा-पा स्वरों में जो श्रुति अंतराल है, उन श्रुति अंतरालों में जितने भी स्वर आते हैं वे सभी स्वर- संवाद के अंतर्गत ही माने गए हैं।

ग्राम- ग्राम एक समूहवाचक शब्द है। सात स्वरों की मूलभूत व्यवस्था को ग्राम कहा जाता है। साधारण भाषा में ग्राम शब्द का अर्थ है ''गांव'' जिस प्रकार कई व्यक्तियों से मिलकर परिवार तथा कई परिवारों से मिलकर गांव बनता है, उसी प्रकार संगीत क्षेत्र में स्वरों के समूह से ग्राम बनता है। ग्राम तीन प्रकार के माने गए हैं- 1)षड़ज ग्राम 2)मध्यमग्राम 3)गंधार ग्राम ।

षड़ज ग्राम - इस ग्राम में सा स्वर प्रधान माना जाता है। और इस ग्राम का प्रारंभ भी सा स्वर से ही होता है। षड़ज ग्राम में सात स्वर सा रे गा मा पा धा नि क्रमशः 4-3-2-4-4-3-2 की श्रुति अंतरों पर स्थापित होता है। इस ग्राम में यदि कोई स्वर अपनी श्रुति बदल लेता है तो वह षड़ज ग्राम में नहीं रहता।

मध्यमग्राम - षड़ज ग्राम की भांति मध्यमग्राम में मा स्वर ही प्रमुख माना गया है। मध्यमग्राम के सात स्वर सा रे गा मा पा धा नि क्रमशः 4-3-2-4-3-4-2 के श्रुति अंतराल पर स्थापित रहते हैं। इस श्रुति स्वर स्थापना के अनुसार मध्यमग्राम का पंचम एक श्रुति नीचे हो जाता है। अर्थात 16 वीं श्रुति पर स्थापित होता है। इस आधार पर षड़ज ग्राम और मध्यमग्राम में मुख्य यही अंतर माना गया है। षड़ज ग्राम का पंचम स्वर चतुश्रुतिक है, तथा मध्यम ग्राम में पंचम त्रिश्रुतिक माना गया है।

गंधार ग्राम- संगीत विद्वानों ने गंधार ग्राम को स्वर्ग लोक में स्थित बताया है। इस आधार पर यह कहा जा सकता है कि गंधार ग्राम लुप्त हो चुका है।अतः ग्राम स्वरों का स्वरों का समूह है, इसी कारण इसमें संवाद तत्व विद्यमान है।

श्रुति- वह सूक्ष्म से सूक्ष्म ध्वनि जो एक दूसरे से भिन्न स्पष्ट सुनाई दे श्रुति कहलाती है। श्रुति शब्द की उत्पत्ति "श्रु" धातु से मानी है। श्रु का अर्थ सुनना अर्थात जो सुनाई दे वह श्रुति है। शास्त्रकारों के अनुसार श्रुति की परिभाषा इस प्रकार है- "श्रुयते इति श्रुतिः" अर्थात जो आवाज सुनाई दे वह श्रुति है। परंतु कानों को सुनाई देने वाली हर आवाज श्रुति नहीं हो सकती इसलिए श्रुति को इस प्रकार भी परिभाषित किया जा सकता है, कि संगीत प्रयोगी ध्वनि अथवा नाद जो कानों को स्पष्ट रूप से सुनाई दे सके श्रुति कहलाती है। श्रुति को परिभाषित करते हुए यह भी कहा जा सकता है कि जो ध्वनि स्पष्ट सुनी जा सके समझी जा सके और किन्ही दो ध्वनियों के बीच का अंतर बता सके वह श्रुति कहलाती है। संगीत विद्वानों ने श्रुतियों की संख्या 22 मानी है, और इन 22 श्रुतियों में से 12 श्रुतियां चुनकर उन पर 12 स्वरों की स्थापना की गई है। इस प्रकार 12 स्वरों के मध्य जो श्रुति अंतराल है वहां पर भी संवाद विद्यमान रहता है।

थाट- थाट का अर्थ है जन्मदाता अर्थात जन्म देने वाला। हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत में कुल 10 थाट माने गए हैं। इन 10 थाटों के अंतर्गत ही हमारे सभी राग आते हैं। लेकिन थॉट में राग की तरह आरोह तथा अवरोह दोनों का होना आवश्यक नहीं है। थॉट में केवल सात स्वरों का आरोह होता है। थाट में रंजकता का होना भी आवश्यक नहीं है क्योंकि थाट गाए बजाए नहीं जाते।

राग- राग का अर्थ है रंजन करने वाला। राग की उत्पत्ति "रंज" धातु से हुई है। जिसका अर्थ है मन को रंजकता से भरने वाला। राग में आरोह तथा अवरोह दोनों का होना आवश्यक है। राग में कम से कम 5 तथा अधिक से अधिक 7 स्वर हो सकते हैं। राग में रंजकता का होना अति आवश्यक है, क्योंकि राग गाये बजाए जाते हैं। राग में लगने वाले स्वरों से जो मधुरता का भाव उत्पन्न होता है वही संवाद है। हर राग का अपना एक अलग स्वरूप होता है, जिससे उस राग की पहचान होती है।

वादी-संवादी

राग में लगने वाला मुख्य स्वर जिससे राग की पहचान होती है, वह "वादी" स्वर कहलाता है। वादी स्वर पर बार-बार ठहराव किया जाता है। वादी स्वर को राजा स्वर भी कहते हैं। वादी स्वर के बाद जिस स्वर पर ठहराव किया जाता है, वह "संवादी" स्वर कहलाता है। संवादी स्वर को मंत्री भी कहा जाता है।

निष्कर्ष-

निष्कर्ष तौर पर हम यह कह सकते हैं, कि स्वर, ग्राम, श्रुति, थाट, राग तथा वादी- संवादी इत्यादि का भारतीय संगीत के विकास में महत्वपूर्ण स्थान रहा है। इन सभी संवाद तत्वों से मिलकर ही भारतीय संगीत संपूर्ण होता है। सबसे पहले नाद अथवा ध्वनि की उत्पत्ति मानी जाती है, तथा संगीत में नाद को व्यवस्थित रूप देकर 22 श्रुतियों में विभाजित किया गया तथा उन 22 श्रुतियों पर 12 स्वरों की स्थापना की गई। इसी प्रकार राग, थाट, ग्राम इत्यादि के परस्पर संवाद से ही भारतीय संगीत विकास के हर पड़ाव को पार कर पाया है।

संदर्भ सूची-

1) https://andjournalin.files.wordpress.com
2) श्रीवास्तव, हरीश चंद्र. (2022).*राग परिचय भाग-4.* इलाहाबाद:.संगीत सदन प्रकाशन.
3) मीरा,(2014).*संगीत शिक्षण भाग-1.* करनाल: ई बी डी पब्लिकेशन.
4) क्यूटी, (2018).*संगीत शाश्वत.* जींद: आरती पब्लिकेशन.
5) यमन, अशोक कुमार.(2008).*संगीत रत्नावली.* चंडीगढ़: अभिषेक पब्लिकेशन.
6) श्रीवास्तव, हरीश चंद्र.*(* 2022*). राग परिचय भाग -3.* इलाहाबाद : संगीत सदन प्रकाशन.

****

ISSN : 2277- 4262
SJIF : 8.244
INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY E-JOURNAL
An International Peer Reviewed, Refereed Journal

ग़ज़ल गायकी में शब्द एवं स्वरों का सहसंवाद

-पूजा पाण्डेय
शोधार्थी, मुम्बई विश्वविद्यालय

सारांश- *ग़ज़ल गायकी साहित्य और संगीत का एक समंवित रूप है। साहित्य, शब्दों की ऐसी सौंदर्ययुक्त रचना है जिसके अर्थबोध से एक श्रोता अथवा पाठक आनंद की अनुभूति करता है। वहीं संगीत, एक ऐसा विषय है जिसके सुक्ष्म तत्वों की जानकारी न रखने वाला व्यक्ति भी इसके किसी न किसी रूप से रसानांदित अवश्य होता है। मूलत: ग़ज़ल एक साहित्यिक रचना है जो कि आज संगीत के साथ संगठित होकर भारतीय संगीत की एक विशिष्ट शैली बन गयी है।*

ग़ज़ल के शब्दों के साथ स्वर, ताल, लय इत्यादि के समायोजन के फलस्वरूप ग़ज़ल का सौंदर्य और अधिक निखरा है। अत: इस गायकी में शब्दों व स्वरों के समायोजन व इनके संवाद से ग़ज़ल का प्रस्तुतिकरण, अदायगी एवं उसके प्रभाव में किस प्रकार अद्वितीय मोड़ आता है जो शब्दों के अनुसार स्वरों के प्रस्तुतिकरण के महत्व को उजागर करता है। इसी संदर्भ में इस शोध पत्र में चर्चा की गयी है।

Keywords- *अदायगी, अभिव्यक्ति, ग़ज़ल गायन, सहसंवाद*

प्रस्तावना- ग़ज़ल भारतीय संगीत की एक ऐसी विधा है जिसमें शब्द और संगीत दोनों का रूप, सौंदर्य, लावण्य व अनुरंजकता एक साथ एक स्थान पर विद्यमान रहती है। इसमें जितनी नज़ाक़त- नफ़ासत और सूक्ष्मता के साथ शब्दों की अभिव्यक्ति होती है, उतनी ही सूक्ष्मता और गहराई लिये हुए संगीत भी जुड़ा रहता है। भारतीय संगीत में वर्तमान काल तक विकसित होने वाली विधाओं को तीन भागों में बांटा गया है- पहली शास्त्रीय संगीत विधा दूसरी उपशास्त्रीय संगीत विधा तथा तीसरी सुगम संगीत विधा। शास्त्रीय संगीत के अंतर्गत संगीत की उन शैलियों को स्वीकारा जाता है जो कुछ निर्धारित नियमों में बद्ध हैं तथा उन नियमों के अंतर्गत रहते हुए ही उनकी प्रस्तुति स्वीकारी जाती है लेकिन शास्त्रीय संगीत विधा की नियमबद्धता से कुछ दूर रहते हुए भारतीय संगीत की दूसरी विधा उपशास्त्रीय संगीत विकसित हुई। इसके अतिरिक्त तीसरी संगीत विधा जिसमें भारतीय संगीत के सभी तत्व निहित रहते हुए भी उनके नियमों के प्रति कठोरता नहीं बरती जाती है, ऐसी नियमबद्धता रहित संगीत की सुगम विधा में ग़ज़ल गायन शैली प्रमुख है। ग़ज़ल मूलत: एक काव्यात्मक साहित्यिक रचना है जो कि आज संगीत के साथ संगठित होकर संगीत की एक विशिष्ट शैली बन गई है और इस शैली ने काव्य और संगीत, दोनों पर ही अपना पूर्ण आधिपत्य जमा लिया है।

ग़ज़ल और संगीत का समंवयन-

वस्तुत: ग़ज़ल पढ़ने की चीज़ है, शायर इसे तरन्नुम में पढ़ते हैं। "मुशायरों में तरन्नुम में ग़ज़ल पढ़ने के प्रमाण क़रीब चार-पाँच सौ साल पुराने भी मिलते हैं"[1]। प्राय: देखा जाता है कि कुछ शायर मुशायरों में ग़ज़ल को, उसकी बहर/छंदों के अनुसार भावनात्मक स्वर (अक्सर मंद्र स्वर में) तथा लफ़्ज़ों के उच्चारण पर गंभीर ज़ोर देते हुए पढ़ा करते हैं तथा कुछ शायर ग़ज़लों को तरन्नुम में पढ़ते हैं। तरन्नुम का अर्थ है स्वर माधुर्य, गुंजन या हल्का गाना। यह न तो पूरा गाना होता है और न ही केवल पाठ। यह पढ़ने और गाने की एक मध्यवर्ती शैली है। इस शैली में शायर अथवा प्रस्तुतकर्ता ग़ज़ल को अपनी व्यक्तिगत शैली व अपनी बनाई धुन में श्रोताओं को सुनाता है। तरन्नुम शैली में उच्चारण की स्पष्टता और इसके गुंजन की आकर्षक अपील, श्रोता के दिल पर गहरी छाप छोड़ती है। परंतु यह कहा जा सकता है कि तरन्नुम में पढ़ने की अपेक्षा जब ग़ज़ल स्वरबद्ध होकर किसी गायक के मधुर कंठ से निकलती है तब उसके आनंद में असीम वृद्धि हो जाती है क्योंकि काव्यात्मक अभिव्यक्ति का गीतात्मक स्वरूप अधिक प्रभावकारी होता है। यही कारण है कि बड़े-बड़े शायरों की भी सिर्फ वही ग़ज़लें जनमानस को अधिक गहराई तक छू सकी हैं, जिन ग़ज़लों को गायकों ने स्वर, ताल तथा लय में बाँधकर लोगों तक अपनी आवाज़ के ज़रिये पहुँचाया है। संगीत के बगैर ग़ज़ल केवल साहित्यिक अभिव्यक्ति के रूप में किताबों में सिमट कर रह जाती है तथा उसकी पहुँच

सीमित रहती है परंतु जब उसे स्वरों का आधार मिल जाता है तो वह किताबों के दायरे से बाहर निकल कर जन-जन की ज़बान की अभिव्यक्ति और अनुभूति बन जाती है।

यूँ तो संगीत की समस्त विधाओं का प्रयोजन मानव को परम आनंद की अनुभूति तथा सांसारिक चिंताओं से दबे हुए या थके हुए मानव को उन चिंताओं से मुक्त कराकर, अलौकिक सुख की प्राप्ति कराना है लेकिन केवल दो मिसरों में जीवन के किसी भी सत्य को हृदय की गहराई तक आभास करा देने की जितनी क्षमता 'ग़ज़ल' में है, उतनी किसी अन्य विधा में नहीं। ग़ज़ल की विषयवस्तु में निहित भावों को उसके रस के अनुरूप श्रोताओं तक पहुँचाने में ग़ज़ल गायकी पर्याप्त सीमा तक सफल हुई है।

आज इस ज़माने तक ग़ज़ल अपनी गायकी के दायरे को विस्तृत करती आ रही है तथा इस विस्तृत होते हुए दायरे में नये लहजे, नये तर्ज़ व नयी शैलियाँ सामने आई हैं। आज प्रत्येक गायक ग़ज़ल की साहित्यिक रचना का सहारा लेकर उसमें अपनी गायकी को समाहित कर ग़ज़ल में निहित शब्दों के भावों को अपनी आवाज़ और स्वर-संयोजनों के माध्यम से एक विशिष्ट सांगीतिक अर्थ प्रदान करने का प्रयास करता दिखाई देता है। भाव प्रदर्शन में ग़ज़ल गायक अपने हृदयगत भावों पर आश्रित रहता है अर्थात वह अपने हृदय में उठते भावों को अपनी कल्पना शक्ति द्वारा शब्दों एवं स्वरों के माध्यम से इस प्रकार व्यक्त करता है कि श्रोता को ग़ज़ल में अपनी दास्ताँ सुनाई देने लगती है। यही कारण है कि ग़ज़ल जनसाधारण की ज़बान पर चढ़कर बोलती है। इस विषय में ग़ज़ल गायक डॉ. प्रेम भंडारी जी भी अपनी पुस्तक 'हिंदुस्तानी संगीत में ग़ज़ल गायकी' में लिखते हैं कि "हंगामा है क्यूँ बरपा' तथा 'चुपके-चुपके रात दिन' जैसी ग़ज़लें जो कभी गुमनामी के अंधेरे में पड़ी हुई थी उन्हें ग़ुलाम अली ने अपने स्वर-ताल और आवाज़ बख्शी तो वो चांद और सूरज की तरह ग़ज़लों के आकाश पर चमकने लगी और सभी तरफ अपनी शोहरत बिखेरने लगी"[2] ।

ग़ज़ल गायकी में शब्दानुकूल स्वर-संयोजन का असर-

ग़ुलाम अली द्वारा गाई गई ग़ज़लों में शब्दों की भावाभिव्यक्ति बहुत ही सशक्त ढंग से हुई है। "दिल में एक लहर सी उठी है अभी"[3] नासिर क़ाज़मी की इस ग़ज़ल में ग़ुलाम अली ने 'लहर' शब्द को अपनी गायकी द्वारा सजीव करने की बड़ी कामयाब कोशिश की है उन्होनें 6 प्रकार के अलग-अलग स्वर संयोजनों के माध्यम से 'लहर' शब्द को लहर जैसा आभास दिया है। एक अन्य ग़ज़ल जिसका मतला है- "अपनी तस्वीर को आंखों से लगाता क्या है, इक नज़र मेरी तरफ देख तेरा जाता क्या है[4]", शहज़ाद अहमद की इस ग़ज़ल में ग़ुलाम अली द्वारा की गई 'क्या' शब्द की अदायगी मात्र से ही इस मतले में जो बेचैनी, व्याकुलता, अधीरता का भाव है वो स्पष्ट छलक आता है। इस ग़ज़ल के एक -एक लफ़्ज़ को ग़ुलाम अली ने इस कदर प्रस्तुत किया है कि जैसे उन लफ़्ज़ों के अर्थ मूर्त रूप ग्रहण कर सामने खड़े हो रहे हों। इस ग़ज़ल का एक शेर 'पास रहकर भी ना पहचान सका तू मुझको, दूर से देख के अब हाथ हिलाता क्या है' इस शेर में 'दूर' और 'हिलाता' शब्द को विशिष्ट भाव प्रदान किया गया है। 'दूर' शब्द को, ([ग]सां..) इस प्रकार गंधार स्वर का कण लेते हुए मींड की तरह तार सां पर छोड़ा है। इन स्वरों की पारस्परिक दूरी के कारण 'दूर' शब्द में 'दूरी' का बख़ूबी अहसास होता है तथा 'हिलाता' शब्द में केवल दो सुरों (मग मग मग म..) द्वारा ही हाथ को हिलाने की अद्भुत अनुभूति कराई है। इसी प्रकार एक अन्य ग़ज़ल "जब तसव्वुर मेरा चुपके से तुझे छू आये[5]" में 'छू' शब्द को, किसी चीज़ को केवल छूकर आने जैसा आभास दिया है।

अमीर मिनाई की एक ग़ज़ल "सरकती जाए है रूख़ से नक़ाब आहिस्ता-आहिस्ता[6]" जो कि मशहूर ग़ज़ल गायक जगजीत सिंह द्वारा गाई गई है। जगजीत सिंह के स्वर पाकर यह बेहद मशहूर हुई है। इस शेर के पहले मिसरे में ही उन्होनें छोटी-छोटी तानों और मुर्कियों के प्रयोग से नक़ाब के सरकने का आभास बड़ी कुशलता से कराया है। इन्हीं की एक अन्य ग़ज़ल "उम्र जलवों में बसर हो ये ज़रूरी तो नहीं, हर शब-ए-ग़म की सहर हो ये ज़रूरी तो नहीं[7]" इस ग़ज़ल में एक शेर है जिसका पहला मिसरा इस तरह है कि 'शेख़ करता तो है मस्जिद में ख़ुदा को सजदे, उसके सजदों में असर हो ये ज़रूरी तो नहीं' इस शेर में सजदे को बिल्कुल उसी अंदाज़ में पेश किया है जिन स्वरों में नमाज़ पढ़ी जाती है। जगजीत सिंह ने इस शेर को शब्दों के अनुरूप स्वर-संगतियों से तथा अपनी आवाज़ की विविधता का प्रयोग कर इस प्रकार प्रस्तुत किया है जैसे ख़ुदा से दुआ मांगी जाती है, याचना की जाती है। इस शेर को सुनकर इसके भाव का एक चित्र सा आंखों में खिंच जाता है। इस प्रकार से गायकों द्वारा ग़ज़ल में शब्दों और स्वरों के माध्यम से ऐसे भावनात्मक प्रभाव उत्पन्न किये जाते हैं कि श्रोता उसके प्रभाव में जल्दी से बह जाता है।

इसी प्रकार बेगम अख़्तर जो कि ग़ज़लों की दुनियाँ में मल्लिका-ए-ग़ज़ल कहलाती हैं। उनके भी 'पुकार' लेने का तरीक़ा बहुत ही आकर्षक प्रतीत होता है। जैसे- "दुनियाँ के सितम याद ना अपनी ही वफ़ा याद[8]" इस ग़ज़ल में उनके द्वारा अनेक स्थानों पर 'पुकार' का प्रयोग बहुत सहजता से किया गया है। एक अन्य ग़ज़ल "दायम पड़ा हुआ तेरे दर पर नही हूँ मैं[9]" के दूसरे शेर के पहले मिसरे के बोल हैं- 'या रब ज़माना मुझको मिटाता है किसलिये' इसमें (या रब) शब्द तथा इसी ग़ज़ल के तीसरे शेर 'हद चाहिये सदा में उक़ूबत के वास्ते' में (सदा) शब्द में एक 'हूक' अथवा 'पुकार' का इस प्रकार निर्वहन किया गया है मानो उनकी हृदय की वेदना मुखरित हो रही हो। उनके स्वरों का लगाव तथा सुरों की सच्चाई उनके गायन में एक असर पैदा करती है। वे अपनी आवाज़ और गायकी के ज़रिये शब्दों को भाव प्रदान करने की कोशिश में रहती थी।

ग़ज़ल गायकी के क्षेत्र में शहंशाह-ए-ग़ज़ल कहलाए जाने वाले गायक मेंहदी हसन भी शब्दों को भावों का जामा पहनाने में खूब माहिर रहे हैं। एक ही शब्द को कई-कई स्वर संयोजनों के साथ गाने में उन्हें कमाल हासिल है। शब्दों को कहाँ थोड़ा रुककर बोलना है, कहाँ पर ज़ोर से, कहाँ हल्का बोलना है, ये खूब जानते हैं। मेंहदी हसन अधिकतर बोल आलापों के माध्यम से शब्दों में निहित भावों को उजागर करने का प्रयास किया करते दिखाई देते हैं। मेंहदी हसन की एक ग़ज़ल, "बात करनी मुझे मुश्किल कभी ऐसी तो ना थी[10]" में एक शेर है जिसका पहला मिसरा 'ले गया छीन के कौन तेरा सब्र-ओ-क़रार' इसमें उन्होनें 'ले गया छीन के कौन' इन बोलों को लेकर कहरवा ताल के 12 आवर्तन तक आलाप किया है उसके बाद एक बार मुखड़ा लेकर पुन: 7 आवर्तन तक बोल-आलाप किया है। इसी प्रकार अन्य अंतरों में भी यह क्रिया की गई है। उनकी गाई अन्य ग़ज़लों में भी इसी तरह की खूबियाँ देखी जा सकती है। इस प्रकार की ग़ज़लों को सुनकर यही आभास होता है कि यह कोई पहले से लय में बँधी हुई चीज़ें नहीं होती बल्कि गायक अपनी क्षमता व कल्पनाशीलता तथा श्रोतावर्ग की समझ के आधार पर अपनी प्रस्तुति में संगीत के इन तत्वों को उकेरता है।

इसके अतिरिक्त विभिन्न कलाकारों द्वारा ग़ज़ल की संगीत रचना करते समय उसके साहित्य के अनुसार ही रागों का भी चयन कर ग़ज़ल में सौंदर्य डालने का प्रयास किया हुआ दिखाई देता है। जैसे- जगजीत सिंह द्वारा गाई "कोई पास आया सवेरे-सवेरे, मुझे आज़माया सवेरे-सवेरे[11]" इस ग़ज़ल में सवेरे-सवेरे शब्द की पुनरावृत्ति है। यदि इसकी संगीत रचना सुनें तो सुबह के समय का बख़ूबी अहसास होता है क्योंकि शब्दों के अनुसार राग ललित का प्रयोग इस ग़ज़ल में किया गया है जो कि सुबह का राग माना जाता है। एक अन्य ग़ज़ल "फूल ही फूल खिल उठे मेरे पैमाने में, आप क्या आए बहार आ गई मैख़ाने में[12]" मेंहदी हसन द्वारा गाई यह ग़ज़ल यूँ तो राग मल्हार में बांधी गई है लेकिन 'बहार' शब्द में बड़ी ख़ूबी से राग बहार की छाया दिखाई गई है जो सुनने में प्रिय लगता है तथा बहार शब्द की यथार्थता की पुष्टि करता है। शब्द एवम भाव के अनुसार कभी-कभी वर्जित अथवा विवादि स्वर के प्रयोग द्वारा भी प्रस्तुति में चपलता, गम्भीरता, मधुरता इत्यादि लाने का प्रयास किया जाता है। इस प्रकार के प्रयोगों से ग़ज़ल में रंजकता की अभिवृद्धि ही होती है।

कुछ साहित्यकारों का कहना है कि ग़ज़लों में साहित्य की प्रधानता बनी रहनी चाहिये और संगीत का रूप बहुत सरल होना चाहिये परंतु निष्पक्ष होकर हम यदि ग़ज़ल शैली को सुनें तो हमें अनुभव होगा कि साहित्य इतना संगीतमय हो जाता है कि दोनों को अलग करना असम्भव है यह सम्मिलित प्रभाव ही ग़ज़ल गायकी का प्राण है।

निष्कर्षत: ऐसा कहा जा सकता है कि ग़ज़ल गायकी में भावाभिव्यक्ति एवं रसानुभूति के लिये ग़ज़ल के शब्दों के अनुसार स्वर की सत्ता तय होनी चाहिये तभी उसका आशय श्रोता के कानों से गुज़र कर उसके हृदय की गहराइयों को छूता है। इस कथन को विभिन्न ग़ज़ल गायकों ने अपनी गायकी के ज़रिये प्रमाणित भी किया है। ग़ज़ल के शायर, सौंदर्य और प्रेम की शैली में दुनियाँ भर की बातें ग़ज़ल के माध्यम से कह देते हैं तथा गयक, ग़ज़ल के शब्दों की प्रस्तुति स्वरों की उपज के माध्यम से करते हैं। शब्दों और स्वरों के इसी संवाद के फलस्वरूप ग़ज़ल अपने भावों में मुखरित होती हुई श्रोताओं के दिल और दिमाग तक बड़ी आसानी से पहुंच जाती है।

संदर्भ सूचि:

1. श्रीवास्तव, डॉ. नीना. अनहद लोक. ग़ज़ल गायकी और रागदारी. इलाहाबाद: व्यंजना आर्ट एंड कल्चर सोसाइटी. पृ.सं. 23.
2. भंडारी, प्रेम. हिंदुस्तानी संगीत में ग़ज़ल गायकी. जोधपुर : राजस्थानी ग्रंथागार. पृ. सं. 133
3. https://youtu.be/RcmzCYZZbM8
4. https://youtu.be/xUaeNexxdqk
5. https://youtu.be/O2b-u_YN5qE

6. https://youtu.be/g_j79wkBV5U
7. https://youtu.be/58nVjj-pTR8
8. https://youtu.be/bYN2ucWmCkY
9. https://youtu.be/uyQ_gLPYNi0
10. https://youtu.be/KkF8kRli9Vo
11. https://youtu.be/iZxbEFsBw-U
12. https://youtu.be/8owQFE8AV24

****

ISSN : 2277- 4262
SJIF : 8.244
INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY E-JOURNAL
An International Peer Reviewed, Refereed Journal

ख्याल की रचनाओं में भाव सम्वाद

दीप्ती शर्मा (शोधार्थी)
संगीत विभाग, मुम्बई विश्वविद्यालय
शोध निर्देशिका - प्रो. चेतना पाठक
संगीत विभाग, मुम्बई विश्वविद्यालय

सारांश- *संगीत, साहित्य तथा भाव (रस) तीनों ही अलग-अलग होते हुये भी परस्पर एक दूसरे के साथ घनिष्ट सम्बंध रखते है, साहित्य की सुंदर भाषा संगीत को प्रभावोत्पादक बनाने में सहायता करती है तो वहीं सांगीतिक स्वर, लय में बंधा साहित्य अत्यधिक प्रभावी व कर्णप्रिय लगता है तथा साथ ही साहित्य व संगीत के सुंदर समन्वय से मधुर तथा ह्रदयस्पर्शी रसों की निष्पत्ति होती है। मानव जाति के अन्त:करण में वास करने वाली विशिष्ट भावनाओं के परमोत्कर्ष को ही 'रस' कहते है। रसाभिव्यक्ति व भावाभिव्यक्ति के लिये स्वर व शब्द दोनों में उचित संवाद आवश्यक व महत्वपूर्ण होता है जहां तक सम्भव हो स्वर व शब्द का ऐसा संतुलन होना चाहिये जिससे गीत व राग को शुद्ध रूप से अभिव्यक्त किया जा सके। संगीत में स्वर, ताल, पद के बद्धरूप को शास्त्रीय गायन के अंतर्गत 'बंदिश'/रचना कहा जाता है। शास्त्रीय संगीत में रागों की प्रस्तुति का अधार है-बंदिश। बंदिश में रागबद्ध स्वर रचना, साहित्य एवं ताल की सुयोजना होती है। प्रत्येक रचना कुछ अर्थ रखती है और किसी ना किसी भाव अथवा रस की संवाहक होती है। संगीत में प्रत्येक गायन शैली की रचनाओं का अपना एक अलग भाव सम्वाद होता है इसी प्रकार ख्याल की रचनाओं में श्रृंगार, विरह, भक्ति, वात्सल्य आदि रसों से उत्पन्न भावों की बहुलता होती है अर्थात एक प्रकार का भाव संवाद रहता है जिसकी चर्चा मेरे द्वारा शोध प्रपत्र में की गयी है।*

Keywords *-नायक- रचना का महान पुरूष पात्र, नायिका- रचना की मुख्य महिला पात्र, भावाभिव्यक्ति- भावों का प्रकट होना, रचना- ख्याल की बंदिश, रसाभिव्यक्ति- रसों का प्रकट होना।*

प्रस्तावना- ख्याल गायन शैली का उद्गम कब, कहां और कैसे हुआ? इन प्रश्नों का कोई भी प्रमाणित व सर्वमान्य उत्तर पाना असंभव सा प्रतीत होता है क्योंकि इस विषय में संगीत- विद्वान एक मत नहीं है। किसी भी गायन शैली का उद्गम या तो किसी प्राचीन शैली के आधार पर अथवा प्राचीन तथा आधुनिक शैली के मिश्रण से या फिर प्राचीन शैलियों के क्रमिक विकास व स्वभाविक उन्नति द्वारा हो सकता है। ख्याल गायन शैली का उद्भव मध्यकाल से माना जाता है। ऐसा समझ जाता है कि पहले छंद, प्रबंध, ध्रुपद व कव्वाली आदि गायन प्रकार प्रचलित थे और इन्हीं का प्रभाव ख्याल पर पड़ा अथवा यह भी कहा जा सकता है कि इन्हीं के क्रमिक विकास से ख्याल की उत्पत्ति हुई। कुछ विद्वानों का कहना है कि ख्याल की उत्पत्ति ध्रुपद से ही जबकि कुछ विद्वान ध्रुपद व कव्वाली से ख्याल की उत्पत्ति मानते है व साथ ही कुछ विद्वान साधारण गीति को इसका जन्मदाता बताते है। इस प्रकार अनेक विद्वानों के अनेक मत है। ख्याल का मूल और काफी हद तक स्वरूप भी संगीत रत्नाकर की रूपकालप्ति में है। "विभिन्न शब्द कोषों में ख्याल शब्द का अर्थ मुख्य रूप से विचार, कल्पना, ध्यान, स्मृति आदि ही बताया गया है"। "मानक हिंदी कोश(IV)में –बांधने की क्रिया या भाव , कविता के चरणों ,वाक्यों आदि में होने वाली शब्द योजना, रचना, प्रबंध्। "उर्दू हिंदी शब्दकोष में –ग्रंथ, गांठ, गिरीह, रोक, रूकावट, प्रतिबंध, बांधने का काम आदि। अनेकानेक शाब्दिक अर्थों के अध्ययन के पश्चात हम इस निष्कर्ष पर पहुंचते है कि ख्याल शैली का गायन विस्तार आदि ख्याल के 'क्ल्पना' अर्थ को जिससे विचार ध्यान, भावना, अनुमान, खेल आदि शब्द अप्रत्यक्ष रूप से सम्बंध रखते है सार्थक करता है। इसमें भी यदि कल्पना को ख्याल का समानार्थी कहा जाए तो सम्भवत: कुछ अनुचित ना होगा क्योकि कलाकार संगीत के मुख्य नियमों को ध्यान में रखकर अपने ख्यालों अर्थात कल्पनाओं को श्रोताओं के समक्ष सुंदर रूप में प्रस्तुत करने का प्रयत्न करता है अर्थात 'कल्पना' पर ही यह गायन शैली आधारित रहती है

रसाभिव्यक्ति व भावाभिव्यक्ति के लिये स्वर व शब्द दोनों को ही आवश्यक व महत्वपूर्ण माना जाना चाहिये जहां तक सम्भव हो स्वर व शब्द का ऐसा संतुलन बनाना चाहिये कि जिससे गीत को भी और राग को भी शुद्ध रूप से अभिव्यक्त किया जा सके। संगीत में स्वर,ताल,पद के बद्धरूप को शास्त्रीय गायन के अंतर्गत 'बंदिश'कहा जाता है। शास्त्रीय संगीत में रागों की प्रस्तुति का अधार है-बंदिश। यह निर्गुण ब्रह्मा के सद्रश्य है, जिस प्रकार निर्गुण ब्रह्मा की उपासना सर्वसाधारण के लिये संभव ना होने के कारण ईश्वर को सहज रूप में

पहचानने और जानने के लिये सगुण ब्रह्मा की उपासना का मार्ग अपनाया गया उसी प्रकार लय और स्वर से संतुलित संगीत के सहज आनंद को प्राप्त करने के लिये संगीत में सगुण ब्रह्मा के सद्रृश रचना (बंदिश) की सृष्टि की गई होगी। "पिंगलशास्त्र के अनुसार जिस प्रकार 'लयरहित' किसी भी रचना को छंद अथवा काव्य नही कह सकते उसी प्रकार रचनारहित किसी भी प्रकार के संगीत को पूर्ण संगीत नही कहा जा सकता। संगीत को पूर्णत्व प्रदान करने के लिये संगीत की रचनाएं एक आवश्यक सामग्री ही नही वरन संगीत रूपी शरीर में प्राणवायु के सद्रृश्य है।" संगीत में राग में प्रयुक्त स्वर- संगतियों एवं काव्य के शब्दों का उपयुक्त ताल में बांधने पर 'बंदिश' बनती है दूसरे शब्दों में 'ताल के प्रथम बिंदु से आवर्तन के अंतिम बिंदु तक जो रचना धनुषाकार बांधी जाये जिसमें कोई ढिलाई ना हो बल्कि कसाव हो बंदिश कहलायेगी। बंदिश का शाब्दिक अर्थ है रोक या प्रतिबंध। साधारण अर्थ में जो गीत अथवा रचना स्वर एवं छंद में समान भाव से मनोमुग्धकारी हो उसे ही बंदिश अथवा रचना कहा जाता है।

बंदिश में रागबद्ध स्वर रचना, साहित्य एवं ताल की सुयोजना होती है। प्रत्येक रचना कुछ अर्थ रखती है और किसी ना किसी भाव अथवा रस की संवाहक होती है। रस को हम सूक्ष्म रूप में इस प्रकार समझ सकते है- विभाव, अनुभाव और संचारी भाव के संयोग से 'रति' स्थायी भाव ही 'श्रृंगार रस' में परिणत होता है।"श्रृंगार रस के आलम्बन विभाव के रूप में नायक-नायिका, उद्दीपन के रूप में सखा, वन, मुस्कान, हाव-भाव आदि होते है। इसके दो भेद है- १. संयोग श्रृंगार् २. वियोग श्रृंगार । नायक-नायिका जब परस्पर मिलते है तो उसे संयोग श्रृंगार कहते है वही दूसरी ओर प्रिय-प्रियतम के विछोह हो जाने पर उसे वियोग-श्रृंगार कहते है।" संगीत में प्रत्येक गायन शैली का अपना एक अलग भाव व रस होता है। जैसे- ध्रुपद- शांत, गम्भीर, वीर, रौद्र आदि रसों की अभिव्यक्ति करता है, तो ठुमरी अधिकतर श्रृंगार रस प्रधान होती है, इसी प्रकार ख्याल में श्रृंगार, विरह, भक्ति, वात्सल्य आदि रसों की बहुलता होती है जैसे यदि हम श्रृंगार रस (रति) की बंदिश की बात करें तो निम्न बंदिश को देख सकते है जैसे राग मालकौंस की आज मोरे घर आईल बलमा आदि। करूण (विरह) की बंदिशों का एक ऐसा रस है जिसमें सर्वाधिक बंदिशें प्राप्त होती है जैसे-गुणकरी की 'मोरा तुम बिन लागे ना जिया' राग जैसे- यमन की 'अरी ए री आली पिया बिन, राग पूरिया कल्याण की पियरवा आजा आजा रे, जाने ना दूंगी, राग बागेश्री की तारे गिनत रही रैना, बलमा मोरी तोरे संग लागली प्रीत आदि । भक्ति भी ऐसा रस है जिसकी बंदिशों की अधिकता हम ख्याल में देख सकते है जैसे- गूर्जरी तोडी की अब मोरी नईया पार करो तुम, राग भैरव की धन -धन मूरत कृष्ण मुरारी, मेरो अल्लाह महरवान, वात्सल्य सम्बंधित बंदिशें भी आसानी से देखने को मिल जाती है जैसे- राग असावरी (विलम्बित) हे मां कौन जोगी आए नजर जो लागी, मेरा तो कान्हा घर रोवे, राग देशकार (एकताल, विलम्बित) चिरियां चुंचुवानी चकवा की सुन बानी, कहत यशोदा रानी जागो मोरे लाला। ख्याल की बंदिशों पर यदि सूक्ष्म दृष्टि डाली जाये तो यह स्पष्ट होता है कि हर काल में बंदिशें निर्मित हुई हैं।

बंदिशों में प्रचलित भाषा-वेशभूषा विचार, रीति-रिवाज, राजा–महाराजा की स्तुति, ईश्वर की स्तुति, गुरू सम्बंधित, राधा-कृष्ण लीला वर्णन, मीरा विरह, दार्शनिक भाव और साथ ही नारी की मनोदशा (क्रोध, प्रेम, विरह, ईष्या, प्रतीक्षा, श्रृंगार आदि) स्पष्ट दिखाई देती है। मुस्लिम शासकों के आगमन के पश्चात संगीत आत्मिक उत्थान के लिये न होकर केवल मनोरंजन का साधन मात्र ही रह गया था क्यों कि इस समय के शासक, नवाब, जमींदार आदि संगीतज्ञों को उपाधियां या पुरुस्कार आदि देने लगे थे। फलत: संगीतज्ञों को संगीत के प्रति लगाव न रहकर इनाम के प्रति लगाव रह गया था। संगीतज्ञों ने भगवान की वंदना को भूलकर शासकों की प्रशंसा में उनके गुणगान से युक्त रचनायें प्रारम्भ कर दी थी। तत्कालीन नरेशों की श्रृंगारिक अभिरुचि की तृप्ति में ख्याल–शैली सक्षम थी अर्थात ख्याल शैली में श्रृंगारिक रचनायें होना स्वभाविक था। इस प्रकार ख्याल एक ऐसी गायन शैली है जिसकी रचनाओं द्वारा व्याप्त सामाजिक पहलुओं को राग नियमानुसार बड़ी सुंदरता से प्रस्तुत किया जाता रहा है ख्याल रचनाओं में प्रयुक्त कवित्त को हम निम्न प्रकार भी समझ सकते है -



अत: ख्याल गायन में उपरोक्त वर्णित विषयों की रचनायें देखने को मिलती है तथा ख्याल की बंदिशों के विषयानुसार सभी प्रकार के भावों का सम्वाद हमें देखने को मिलता है रस निष्पत्ति का प्रथम सोपान भाव है तथा स्थायी भाव ऐसी मनोवैज्ञानिक दशा है जो ख्याल की बंदिशों में स्वभावत: विद्यमान रहती है इन सभी भावों में यदि हम सर्वाधिक व्याप्त भाव की चर्चा करें तो सर्वाधिक भावाभिव्यक्ति नायिका मन की देखने को मिलती है जैसे-

- " प्रिय वियोग जन्य वेदना या प्रिय-मिलन के उल्लास की अभिव्यक्ति
- पायल, घुंघरू, बिछुआ आदि आभूषण की रुंनझुनों के कारण रात्रि में नायिका का प्रियतम के पास जाने में असुविधा प्रतीत होना।
- प्रिय-मिलन में सास-ननद द्वारा उपस्थित व्यवधान
- सौतों के कारण उपस्थित बाधा।
- सखियों से प्रिय मिलन की उक्तियां पूछना
- प्रिय को निर्मोही होने का या अन्य स्त्री पर अनुरक्त होने का उपालम्भ देना
- प्रकृति के उद्दीपनकारी प्रभाव का उल्लेख करना आदि विषय प्रमुख रहे है"

उपरोक्त लिखित नारी सम्बंधित विषयों में अधिकतर रति, शोक, क्रोध, भय आदि भावों की बहुलता है जिसमें भी रति, शोक ख्याल की बंदिशों में अन्य भावों की अपेक्षा अधिक दृष्टिगोचर होते है। प्रेमिका, पत्नी, सौतन, नायिका के प्रमुख ऐसे रूप है जिनकी प्रेमी, पति की अनुपस्थिति में विरहावस्था साथ ही प्रिय मिलन के उपरांत प्रसन्नता, रति क्रीड़ा जैसे मनोभावों की व्याख्या ही ख्याल गायन की बंदिशों में प्रभुता बनाये हुये है यह नायिका के भिन्न-भिन्न रूप है जिसमें कभी वह प्रियतम के आने का समाचार सुन उत्साह से भरी बावरी भयी विभिन्न तैयारिया करती घूमती है तथा मालनिया से विभिन्न प्रकार के हरवा व फूल चुनने का आग्रह करती है जहॉ रति भाव दिखाई देता है तो कभी प्रियतम के ना आने पर वह विरह में डूबी शोकाकुल अवस्था में रहती है,कभी प्रिय के परदेस गमन पर उसके विरह में भिन्न-भिन्न माध्यमों से उस तक अपना संदेस पहुंचाने को व्याकुल दिखाई देती है तथा एक प्रकार के भय से युक्त रहती है कि कहीं उसका प्रियतम उसे भूल तो

नही गया है इसी के साथ निश्चित स्थान पर प्रियतम को ना पाकर नायिका का विस्मय भाव देखा जा सकता है साथ ही नायिका का सौतन रूप बंदिशों में अधिक ही वर्णित रहता है जिसमें पत्नी अपने पति के शरीर पर अन्य स्त्री/परस्त्री के चिन्ह पाकर उत्कण्ठित होती हुयी वर्णित होती है जिसमें उसका क्रोध भाव स्पष्ट दिखाई देता है इसी के साथ सास-ननद वर्णित बंदिशें भी हम आसानी से देख सकते है जिसमें पत्नी अपने पति से मिलने के बहुत से प्रयत्न करती है परंतु सास-ननद के भय से उसके प्रयास विफल हो जाते है या सास-ननद के सामने लज्जावश वह प्रियतम से मिलने में असमर्थ रहती है। सौतन व विरहिणी ख्याल बंदिशों के ऐसे विषय है जिनकी उपस्थिति अन्य सभी विषयों से कहीं अधिक दृष्टिगोचर होती आयी है इनसे सम्बंधित बंदिशों से हमारा ख्याल गायन का साहित्य भरा पडा है। नायिका के इन्हीं सभी मनोभावों व दशाओं का सम्मिलित रूप हमें अष्टनायिकाओं में देखने को मिलता है जिसमें वह प्रियतम के मिलन पर आनंदित, विरह से व्याकुल, सौतन के कारण कुण्ठित, प्रियतम के नियत स्थान पर ना मिलने से क्रोधित स्वंय लज्जा त्यागकर प्रियतम से मिलने जाने को आतुर आदि रूपों में देखी जाती रही है।

निष्कर्षत: ख्याल की रचनाओं में हमें सभी प्रकार के भावों का सम्वाद (रति, ह्रास, क्रोध, शोक, भय, उत्साह) देखने को मिलते है अधिकतर संयोग-वियोग रसों से उत्पन्न भाव की अभिव्यक्ति देखी जा सकती है। फिर चाहे यह संयोग-वियोग नायक-नायिका अर्थात प्रेमी-प्रेमिका का हो या जीवात्मा का परमात्मा से हो अर्थात ख्याल की भिन्न- भिन्न रचनाओं में भिन्न-भिन्न भाव सम्वाद सदैव रहता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची

१.सक्सेना, मधुबाला. (१९८५). *ख्याल शैली का विकास*. कुरूक्षेत्र : विशाल पब्लिकेशन , पृ.स.८।

२. बहरी, हरदेव. (२००२). *मानक हिंदी पर्याय कोश.* नई दिल्ली : विधा प्रकाशन मंदिर,पृ.४०।

३. मुस्तफा खां, मुहम्मद 'मद्दाह'. (१९५९). *उर्दू हिंदी शब्द कोश.* उत्तर प्रदेश : प्रकाशन शाखा, सूचना विभाग. पृ.४०८।

४. झा, रामाश्रय . (अप्रेल- जून १९८७). *छायानट पत्रिका* .(संगीत की मंजूषा बंदिश)

५. दीक्षित, प्रदीप कुमार 'नेहरंग'. (१९८४). *सरस संगीत*. वाराणसी : एच/ ६जोधपुर कालोनी का. हि. वि. उ.प्र. भारत, पृ.स. ४९।

६. शर्मा सत्यवती . (१९९४). *ख्याल गायन शैली विकसित आयाम .* जयपुर : पंचशील प्रकाशन. पृ.स.८५।

****

ISSN : 2277- 4262
SJIF : 8.244
INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY E-JOURNAL
An International Peer Reviewed, Refereed Journal

SAMVADA IN RAGASANGEET WITH THE APPLICATION OF RAGANGA

-Shatabhisha Sarkar
Research Scholar
Prof. Tapasi Ghosh
Professor in Music Department of Home Science University of Calcutta,Kolkata
W.B (India)

Abstract- *Primarily samvada tatva is associated with shruti samvada which takes place between swaras placed at nine or thirteen shrutis interval from each other. But the presence of samvada tatva can be traced long back to the Vedic period. Back then it was employed to determine the position of swaras of the gramas. Samvada tatva is thus called the adhar shila of Hindustani music by Thakur Jaidev Singh. The word samvada can be related to ideas of consonance, correspondence, balance and harmony existing between two or more swaras or components of Hindustani raga sangeet. Raganga paddhati is a method of identifying unique phrases of swaras in a ragawhich consist ofalankarasand sangatis. Narayan Moreswar Khare is credited for advocating the ragangapaddhati as a method of classification based on predominant angas in a raga. Studying ragas through Bhatkhande's perspective, however, informs that he too was aware of this concept and though both used different techniques for classifying ragas, both agreed on the importance of anga identification for the classification of ragas. Samvada can be observed in ragasangeet with the application of angas or ragangas by recognizing consonance between phrases of swaras, angas andswarasangatis and by identifying phrasal correspondences between ragas of the same or different thatas. The concept of raganga can create consonance between the structure of the raga and the aesthetic emotion or rasa that is associated with the raga as well.*

Keywords- *angsha swara, consonance, correspondence, Hindustani music, raga, raganga, samvada tatva, samvadi swara, shadaj-madhyam bhava, shadaj-pancham bhava, swara sangati, vadi swara*

Introduction- Hindustani music or *raga sangeet* as an art form, has a practical function. But the theoretical science working underneath, has a crucial role in maintaining and supporting the classicism of its performancepractice. Musicologyupholds, analyses and informs this theoretical premiseby contributingto the critical discourse on this subject. Notably, concepts like *samvada*or*raganga*play both, functional i.e., practical and conceptual i.e., theoreticalroles for*raga sangeet*. This paper intends to highlight howthese concepts integrally connect toeach other in Hindustani*raga sangeet*, or*rag-dari* musicin an attempt to explore further avenues for research.

Concept of *Samvada*- Primarily,*samvada tatva* is associated with *shruti samvada* which takes place between *swaras* placed at an interval of nine or thirteen *shruti*s from each other. The*samvada* or consonance that takes place between *swaras* placed at such intervals is often known as the *shadaj-madhyambhava* or the *shadaj-pancham bhava*respectively. For example, when the *shadajswara*of *madhya saptak* is taken as a point of reference, then the*panchamswara* of the *madhyasaptak* is located at a distance of thirteen *shrutis* from *shadaj*and the*madhyamswara* of this *saptak*comes at a distance of nine *shrutis*from *shadaj*. It is interesting to note that,though the *madhyamswara* of the *madhyasaptak* is located at a distance of nine shrutis from *shadaj*, the *madhyam* of the *mandra saptak* is again found at a distance of thirteen *shrutis*from the *shadaj* of the *madhyasaptak.* This phenomenon placesthe *shadaj-panchambhava*asthe principal consonance or*samvada*among all other types of*samvadas* which are found between *swaras*in the*ragas*.

Historical study of *Samvada*- The phenomenon of *samvada* is perhaps as old as the history of Indian music itself. The presence of *samvada tatva* can be traced long back to the Vedic period when it was employed to fix the position of *swaras* of the*swara- saptak* of the SamaVeda. The *saptaka* of the Vedic period was known as the *suddha saptak* till the time of Sarangadev.The *swaras*ofimportance, namely, the*vadi*, *samvadi*, *anuvadi*and *vivadi*were also placedwithin a melodic structure in adherence to the theory of *samvada*. One comes to know that Abhinavagupta considered the *vadi swara*as the "*swami*" or the lord, because it was considered as a particularly special musical note. Subsequently, the *samvadiswara*was compared to the "*mantri*" or minister, because it matched itself to the *vadi* note.[1]Abhinavagupta compared the*anuvadiswaras*

to servants because they were more like followers of the *vadi* and the *samvadiswaras* and matched with the *vadi swara*, in particular, to a lesser degree. The*vivadi*swara was compared to an enemy who had very little utility.

Bharatahas discussed in detail about the *angsha swara* of *jatis* after classifying the *jatis*emergingoutofthe *gramas*. Jaydev Singhhas translated the*angsha swara* as the "key note" in a *jati*.[2]One learns that, the *jati* established itself on the basis of the *angsha swara*. Itfurther concretised its establishment on the basis of the *samvadi swara* of that *angsha swara*.The *samvadi swaras*werealways present in *Jati gaan*. The value bestowed upon*samvadatatva* with respect to *jati*, in Bharata's timegets evident through such observations. The *Samvada tatva*is still manifested through the *vadi*, *samvadianuvadi* and *vivadiswaras* in *ragasangeet*.At present, the*angsha swara*is referred to as the *vadi swara*of a *raga*.The *samvadi swara* is located either in the *purvanga* or the *uttaranga* of *raga*.

Concept of *Raga*- Matangahas stated that the term *raga* is supposed to produce "*ranjana*i.e., have a pleasant charm".[3]Ranadeon the other hand, broadens the scope of this definition when he calls *raga*, "a result of processing the basic scale to create melodic frameworks that are foundational and generative".[4]Matanga's statement concentrates on the effect that a*raga*has,in creating the pleasantness or charm. Ranade's observation however, focuses more on the process which contributes to theeffect or end result and is therefore, more helpful in accommodating the concepts of *samvada* and *raganga*within its purview. As concepts, *samvada* and *raganga* canthen be considered as foundational and generative mechanisms supporting the process of the construction and presentation of a*raga*.

Some of the important characteristics of a *raga*highlighted by Bhatkhande include that a *raga* cannot omitboth *madhyam*and *panchamswaras*at the same time.[5]It is also true that a*raga* cannot exist without the *shadajswara* in it. Additionally, a*raga*needs to adhere to all therules applicable for the *vadiswara* which isthe principal note of a *raga*.

The aforementioned characteristics portraythe significant roles played bythe *swaras* like*shadaj*, *madhyam* and *pancham*in supporting the basic structure of any *raga*. Theprincipalrole assigned to the *vadiswara*also re-emphasizes its significance in comparison to all the other *swaras*used in a particular*raga*in the creation of *samvada* within the constitutional nature of a*raga*.

Historical Study of the Evolution of *Raga*- As far as the evolution of *raga sangeet*is concerned, it is necessary to understand and clarify its origin, as to whether *jati gayan* or *grama ragas* have been its ancestral source. Jaydev Singh repeatedly mentions the importance of*samvadiswaras*for both,*jati* and *raga*.Gautam suggests that "the concept of *jati* being the matrix of the *raga* may have to be revised and substituted by *grama raga*" because itis easier "to trace an unbroken stream" for the*grama raga*since the time of Narada whose treatise is dated around 150 BC.[6] He states that even though scholars before him have found the *grama-murchhana- jati* system as a superior approach, this systemdid not last after Bharata's time. However, the *grama-raga* system managed to grow consistently from the time of Matanga till the time of Sarangadeva.According toGautam, the development of the*bhasa,vibhasa* and *antarbhasa* during Matanga's time,indicated that the *grama- raga* system had emerged as a replacement of the *jatis*. The author also informs that the *raga-raginipaddhati* which was a method of classification of *ragas*predominantly in the medieval period,emanated out of the *grama-raga* system.[7]

It is interesting to note that while trying to define *jati*, Abhinavagupta has usedtwo characteristics of *Jatigayan* which become markedly similar and comparable to the characteristics of *ragasangeet* of the present times. One of them being the term *vishistasannivesa*which Singh has explained as a special way of coming together of the *swaras*, a specific form, an arrangement which brings them into close associations. He calls them "a pattern" or "design". He states that when *swaras* are kept in integral cohesion, the structure of the *jati* is born. The second characteristic of *jati* mentioned by Abhinavagupta is known as, *rakti*, a word in Sanskrit,referring tothe quality of "*ranjakta"* in Hindi and pleasantness in English.[8]

The term *vishista sannivesa* as a characteristic of *jati*, is comparable to the concept of *anga* or *raganga* of modern-day *raga sangeet* which too is often characterized by a unique combination of *swaras*, a particular pattern or design in the combinational phrases, enunciated in a particularly special way. The*angas* or phrasal combinations which structure a *raga* also embellish it, making the *raga*sound harmoniously consonant to the ears of the listeners. This pleasantness ofconsonance is again ascribable to the quality of*rakti*, which relates itself to *ranjakta*i.e., charm or pleasantness.

Historical studiesdemonstrate that Hindustani *ragasangeet* has had several names, usage and many phases of development until it reached its current stage of evolution. It can be said that in the course of time, Hindustani music has filtered out some of its structural and functional features while retaining some of its

fundamental qualities from *jati* and *gramaraga*. This processhas ledto a systematicevolution of this art in the form of *ragasangeet*.

The present approach towards *Raga*- Bhatkhande and other musicologists of the modern period began to realize that there was a substantial difference between systems and forms of *ragas* and *raginis* which were practiced in the ancient and medieval times and the *ragas*which werebeing practiced in the modern period at different locations spread across the country. This is when the need for the present forms of *thata*and *raganga* systems of classification of *ragas* emerged. Nevertheless, the scientific theory of *samvada* in *raga*remained unalteredat any point of time in the history of *raga sangeet*. In fact, in his attempt to define a characteristic of *shuddha raga* out of the *shuddha, chhayalag, sankirna* categorisation of *ragas*,Omkarnath Thakur firmly putsthat the purity of *ragas*requires that rules of *samvada* are followed in them.[9]

Concept of *Anga* or *Raganga* in *Raga Sangeet*- By *raganga* one refers to specific group of *swaras* which are *ragavachak*i.e.,a group or phrase of noteswhich characterize a*raga*. Narayan Moreswar Khare who was a disciple of Vishnu Digambar Paluskar, is credited for advocating the *ragangapaddhati* as a method of classification based on predominant *angas* in a *raga*. Omkarnath Thakur clarifies that this *raganga paddhati*which is being followed in Hindustani *ragasangeet*is particularly different from Sarangadeva's concept of *raganga*, which related to one of the types of *desi ragas*.[10]*Raganga* lends clarity to the structure and character of a particular *raga* and helps to distinguish it from other *ragas*. Often, under *ragangas*system of classification,the *ragas* consisting of identifiable phrasesare kept under one single category. For example, 'G M R S' is an integral *anga* or *ragavachak* phrase of *Kanada*. All *ragas* consisting of this *anga*are placed under one single group or category,which are referred to as*ragas* of *Kanadaanga*. *Ragangas*as unique phrases of *ragas* are expressed with the help of *alankaras*like *meend, andolan,kan*etc.and *sangatis* or combinational associations of *swaras*. When*ragas*are studied through Bhatkhande's perspective, one comes to learnthat while classifying all *ragas* under ten prime *thatas*, Bhatkhande has not only considered the*suddha* and *vikrut* forms of *swaras*present in a*raga*but has also studied the*ragas*according totheir respective *ragangas*. He did this in order to make the classification as effective as possible, by accommodating the nature and character of the *ragas* along with their style of progression as well, for this purpose. It can therefore be observedthat though Khare and Bhatkhande have used separate techniques for classifying *ragas*, both agreed on the importance of *anga* identification for classification.

***Anga* Identification and *Samvada* in a *Raga*-** The *anga*identification can be specificallyrelated to*samvada tatva* when one follows Ranade's definition of *samvada*, where he distinctively speaksabout the attainment of "constructional correspondences" within "larger melodic structure".[11]This statement is particularly true in the context of a *raga*, when we consider *ragavachak* phrases of the*raga*in the *purvanga* i.e.,from *shadaj* to *madhyam*, and *raga vachak* phrases in the *uttaranga*i.e.,from *pancham* to *taarshadaj*, in a *raganga raga*. A *raganga raga*is ascribed as one which is pure, withoutthe influences of any other *raga* into it.Due to its purity, the*raganga raga*becomes capable of forming new *ragas* through its unique *raga vachak anga* or *raganga*. While discussing *raganga ragaBhairav*,Jhaobserves that every *ragangaraga*has two *raganga vachak* unique phrases of *swaras*.These two phrases aid in the exposition of the *ragas* in the *purvanga* and the *uttaranga*.[12]To prove his statement,he has shown the *raganga vachak swaras* in *ragaBhairav* in the *purvanga*, which has 'G M P G M R, R,R S', and the *uttaranga*, which has 'M P DhDh N Ṡ N DhDh P'. In the *purvanga* andthe *uttaranga*, *Rishabh*and *dhaivat*come as the *vadi* and the *samvadi swaras*respectively, while creatingmanifold*samvada*on the level ofthe *shrutis*, *swaras* andbetween*purvanga* and *uttaranga* through *shadaj-panchambhava*.

Onelearns that unique phrasal correspondences can be created by mixing a unique*raganga vachak* phrase with the basic form of a *raganga raga* to give birth to a new kind of *raga* under that particular *raganga*.In supportof this argument,the example of*ragaPrabhat Bhairav*and *raga Ramkali* can be considered,where the *anga* of *Lalit* through the use of both forms of *madhyamswara* in the *purvanga*and a phrase like 'M P DhNDh P' comeinto the basic form of *ragaBhairav*, to create the new *ragas* respectively. Another example of *samvada* within *raga* can be demonstrated through the example of *raganga raga Todi*. The *raganga vachak* phrase in the *purvanga* of *ragaTodi* is as follows:

S $\underline{R^{R}G}$, $\underline{R^{R}GR}$ S.

This *raganga vachak* phrase RGR S from the *purvanga* of *raga Todi* can create a melodic relationship when mixed with the form of *Bhairav*P G M Rand create *ragas* like *Shivmat Bhairav* when arranged as P G M R, RGRS.[13]

Thisshows that *raganga* is capable of creating different dynamics within a *raga* along withthe creation of unique relationships between combinational phrases or *angas* of different *ragas*. If *raganga* can be perceived as a tool of expressing *samvada*, then the prospects for the exploration of the *samvadatatva* through *ragas* only grow.

***Samvada* between *Ragas*-** *Samvada*can exist between two *ragas* belonging to two distinct*thatas*as well. This statement can be demonstratedby considering the examples of *raga Deshkar* and *Bhupali*. While *Deshkar* belonged to the *Bilawalthata*,*Bhupali* belonged to the *Kalyanthata*. The *ragas* incidentally have similar *arohan*as S R G P DhṠ and *avrohan*as Ṡ Dh P G R S and yet they differ in terms of pronunciation and a "shift of emphasis". [14]Deshkar emphasises on *dhaivat* and Bhupali on*gandharswara*.The shift of emphasiscreates a contrast between the two*ragas*making them consonant to each other in another unique dimension.

***Swara sangatis* and *Samvada*-** In a *raga*,in order to form close associational bond, to demonstrate the character of a *raga*, when *swaras* come together by skipping a few of them in- between, they are referred to as *swara-sangatis*.Particularly there are a few *swara sangatis* which act as identifiers of *ragas* and are known as *anga vachak swara sangatis* like [M]R P for *ragas*of Malhar *anga* and P- R for *ragaChayanat*. Such *sangatis*can also be referred to as *anga vachak swara sangatis*. One learns that the *swara sangatis* with *shadaja-madhyambhava*in the ascending order are used abundantly and are considered most appropriate for expressingthe aesthetic appeal of a *raga*.One of the predominant principles of finding effective *swara sangatis* include that they should have *samvada*. Ramshankarexplains *samvada* as "*samyak*" which can mean 'sweet', 'balanced', 'in harmony', 'analogous', etc.[15]

*Swara sangatis*can range between the most consonant ones, referred to as Ati *Ishta*, to the least consonant ones,*Ati Anishta*:

1. *Ati Ishta Samvada*:
   S- P sharingthirteen *shrutis* between each other, in 3/2 ratio.
   More pairs having *shadaj- pancham bhava* are—
   R- Dh
   R- Dh
   G-N
   G-N
   M-Ṡ
   S-M sharing nine *shrutis* between each other, in 4/3 ratio. More pairs having *shadaj- madhyambhava* are—
   R-P
   G-Dh
   G-Dh
   M-N
   P- Ṡ
2. *IshtaSamvada*:
   S-G sharingseven *shrutis* between each other, in 5/4 ratio
   R-M having*Shadajantarbhava* and other pairs like this are as follows—
   G-P
   M-Dh
   P-N
   S –Dh
3. *AlpaIshtaSamvada*:
   S-G sharing six *shrutis* between each other, in 6/5 ratio
   S- Dh sharingsix *shrutis* between each other, in 8/5 ratio
4. *Anishtasamvada*:
   S-R, in ratio6/8, *laghuswara* 10/9
5. *AtiAnishta*:
   S- R, in ratio 16/15 *ardhaswara*[16]

Exceptions to the rules of *samvada* within *swarasangatis* can be found through examples like that of *ragaShree* which has *angavachakswarasangatis* like P-R, R-P, not adhering to the rules mentioned above because the tendency of *komalrisabh* always lies in making an opposing relationship or *visangati* with the *panchamswar*.

Samvada*and Aesthetic Emotion (*rasa*) of *Raga

Anga or raganga helps to create consonance between the structure of the *raga* and the aesthetic emotions associated with the *raga* as well. The form of *ragangaragaBhairav*for example, has been completely based on *shadaj- panchambhava* of its *swaras*. The *raga* is filled with beauty and sweetness and is thus, capable of accommodating *rasas* like *vairagya, bhakti* and *shanta*.[16]

When new *ragas* are created, they require aesthetic and scientific soundness. The quality of soundness in a melodic presentation is a result of a structural and scientificarrangement of *swaras* within the *raga*. The *shrutisamvada,swarasamvada,angasamvada*and *swarasangatis*indicatetowards this scientific arrangementwithin*ragas*establishing consonance in multiple layers through the *samvadatatva*.

Conclusion

The discussion holdsthus, that Hindustani music, consisting of a melodic arrangement, has qualities from both jati *gayan* and *grama raga*. The *ragasangeet* of the present, is based onthe principle of*samvadatatva*starting at the level of *shruti*stothe level of *angas* or *ragangas*, on the level of *swara sangatis*, between the structure of a *raga* and the aesthetic emotions accompanying it.Hence, the firm foundations laid by *samvadatatva* has gifted Hindustani music with a structural soundnesssupporting its functionality throughout the past and the present. Nevertheless, there remains ample scope for in-depth research on the melodic associations existing in-between*ragas*through exhaustive and careful analyses of the theoryandpracticeofHindustanimusic.*Samvada tatva*has thus, been rightlyreferred to as the *adhar shila* of Hindustani music.[17]

References

1. Singh, T.J. (2016). *Bharatiya Sangeet ka Itihas* (Sharma, P. Ed., 3rd Ed.). Varanasi; Vishwavidyalaya Prakashan. p.322
2. Singh, T.J.(2016).*Bharatiya Sangeet ka Itihas*(Sharma, P. Ed., 3rd Ed.). Varanasi: Vishwavidyalaya Prakashan. p. 378
3. Gautam, M.R. (1998). *Evolution of Raga and Tala in Indian Music*. (2008 Ed.). New Delhi: Munshiram Manoharlal Publishers Pvt. Ltd. p. 110
4. Ranade, A. D. (2006). *Music Contexts: A Concise Dictionary of Hindustani Music*. New Delhi & Chicago :Promilla & Co., Publishers & Bibliophile South Asia. p.236
5. Bhatkhande, V.N. (1956). *Hindustani Sangeet Paddhati: Kramik Pustak Malika* (Vol. 5). (Harishchandra Srivastav, Ed.). Allahabad: Sangeet Sadan Prakashan. p.31
6. Gautam, M.R. (1998). *Evolution of Raga and Tala in Indian Music.* (2008 Ed.). New Delhi: Munshiram Manoharlal Publishers Pvt. Ltd. p. 106
7. Gautam, M.R. (1998). *Evolution of Raga and Tala in Indian Music*. (2008 Ed.). New Delhi: Munshiram Manoharlal Publishers Pvt. Ltd. p. 107
8. Singh, T.J. (2016). *Bharatiya Sangeet ka Itihas* (Sharma, P. Ed., 3rd Ed.). Varanasi: Vishwavidyalaya Prakashan. p. 322
9. Ramshankar. (2011). *Hindustani sangeet ke Ragon mein Rishabh Swar ka Mahatwa*. New Delhi: Sanjay Prakashan.. p.33
10. Thakur, O.(2019). *Sangeetanjali* (Dikshit,P.K. Ed. Vol. 7). Varanasi: Pilgrim's Publishing. p.''द''.
11. Ranade, A. D. (2006). *Music Contexts: A Concise Dictionary of Hindustani Music*. New Delhi & Chicago. :Promilla & Co. Publishers & Bibliophile South Asia. p.246
12. Jha, R. [Ramrang]. (2011). *Abhinavgeetanjali* (4th Ed., Vol. 4). Allahabad: Sangeet Sadan Prakashan.p.5
13. Jha, R. [Ramrang]. (2011). *Abhinavgeetanjali* (4th Ed., Vol. 4). Allahabad:Sangeet Sadan Prakashan. p.25
14. Ranade, A. D. (2006). *Music Contexts: A Concise Dictionary of Hindustani Music*. . New Delhi & Chicago :Promilla & Co., Publishers & Bibliophile South Asia. p.247
15. Ramshankar. (2011). *Hindustani sangeet ke Ragon mein Rishabh Swar ka Mahatwa*. New Delhi: Sanjay Prakashan. p. 82
16. Ramshankar. (2011). *Hindustani sangeet ke Ragon mein Rishabh Swar ka Mahatwa*. New Delhi :Sanjay Prakashan. p. 83
17. Jha, R. [Ramrang]. (2011). *Abhinavgeetanjali* (4th Ed., Vol. 4). Allahabad: Sangeet Sadan Prakashan. p.4
18. Singh, T.J. (2016). *Bharatiya Sangeet ka Itihas* (Sharma, P. Ed., 3rd Ed.). Varanasi:Vishwavidyalaya

****

ISSN : 2277- 4262
SJIF : 8.244
INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY E-JOURNAL
An International Peer Reviewed, Refereed Journal

भारतीय संगीत के प्रस्तुतीकरण में संवाद

-अंकुश (शोध विद्यार्थी)
शोध निर्देशिका:- प्रो. आरती भट्ट तेलंग
संगीत विभाग,राजस्थान विश्वविध्यालय,जयपुर(राजस्थान)

सारांश- संवाद के बारे में बात करते ही हमारे मन में एक विचार आता है की असल में संवाद क्या है? संवाद सिर्फ संगीत में ही नहीं मानव जीवन के हर पहलु से जुडा हुआ है। संवाद की अनेक परिभाषाओ को लिया जाये तो संवाद का अर्थ है एक एसी विधि जिसके द्वारा हम किसी भी माध्यम से अपने आतंरिक भावो, संवेगों, विचारो,ज्ञान,अथवा किन्ही विशेष तथ्य को किसी दुसरे तक पहुचाते है तथा दुसरे की प्रतिक्रिया ग्रहण करते है। असल में विचारो का आदान-प्रदान ही संवाद है। संवाद तो जीवन के हर पहलु से जुडा है चाहे वो किसी से बात करना हो या किसी का ध्यान अपनी और आकर्षित करना हो। संगीत और संवाद की बात की जाये तो जब संवाद जीवन के हर क्षेत्र से जुडा है तो संगीत में ये कैसे पीछे रह सकता है, क्योंकि संगीत ही एक ऐसी कला है जिससे आप अपने भावो को श्रोताओ तक स्पष्ट रूप से पंहुचा सकते है। जब कलाकार अपनी कला को श्रोताओ के सामने प्रस्तुत करता है तो कलाकार तथा श्रोता में एक संवाद स्थापित हो जाता है। मेरे इस शोध पत्र को चुनने का उद्देश्य भारतीय संगीत का प्रस्तुतीकरण तथा प्रस्तुतीकरण में स्थित संवादात्मक तत्वों को उजागर करना है।

की-वर्ड्स- कलाकार , ख्याल, प्रस्तुतीकरण, राग, संगीत, संवाद

परिचय:- संवाद जीवन की हर शैली से जुडा है क्यूकि जीवन से लेकर मृत्यु तक और जागने से लेकर सोने तक किसी ना किसी रूप में प्रत्येक प्राणी का संबंध दुसरे के साथ बना रहता है और इस संबंध का आधार है ही संवाद। एक अनुमान के अनुसार हमारे दैनिक जीवन का ७०% भाग दुसरो के साथ सम्भाषण में व्यतीत होता है । भारतीय संगीत की प्रस्तुती का अर्थ होता है श्रोताओं के सामने अपनी कला का परिचय देता है तो कलाकर तथा श्रोताओं के बीच में एक संवाद बन जाता है। संवाद मुख्यत दो श्रेणीओं में बांटा गया है:-

1.सामूहिक संवाद

2.व्यक्तिगत संवाद

व्यक्तिगत संवाद वह है जिसमे एक व्यक्ति अपने मन के भाव सामने वाले व्यक्ति तक पहुचांता है ।कलाकार तथा श्रोताओं के मध्य का संवाद सामूहिक संवाद के अंतर्गत आता है । सामूहिक संवाद एक समूह को प्रदर्शित करता है एक ही कलाकार कई सारे श्रोताओं से संवाद स्थापित करता है । अपनी परिकल्पना तथा भावो के माध्यम से संवाद स्थापित करता है । शास्त्रीय तथा उपशास्त्रीय संगीत के अंतर्गत निम्नलिखत विधाएं आती है जैसे मसीतखानी गत [बड़ा ख्याल],द्रुतगत[छोटाख्याल],ध्रुपद,धमार,टप्पा,ठुमरी,दादरा तथा वाद्य संगीत जैसे तबलावादन, सितारवादन, शास्त्रीय नृत्य इत्यादि । इन सभी सांगीतिक विधाओं का मूल तत्व संवाद है । इन सभी विधाओं के प्रस्तुतीकरण में निहित संवादात्मक तत्वों को हम आगे के पृष्ठों में विस्तार से समझेंगे ।

भारतीय संगीत की प्रस्तुतीकरण में संवाद:-भारतीय संगीत एक धरहोर के रूप में आज पुरे विश्व भर में उभरा है जिसमें भारतीय संगीत के कलाकारों का अतुलनीय योगदान रहा है जिन्होंने अपनी कला व प्रस्तुतीकर्ण के माध्यम से देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी अपनी कला से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध तथा शास्त्रीय संगीत की तरफ अमुख किया है । इया शास्त्रीय संगीत अपने आप में इतना समृद्ध है कि विदेश में भी लोग अपने देश के संगीत से ज्यादा भारतीय शास्त्रीय संगीत को सुनना पसंद करते है ।

अब हम सांगीतिक प्रस्तुतीकर्ण में संवाद को समझेंगे । कलाकार जब अपने गायन की प्रस्तुती करता है तो प्रस्तुतीकर्ण के भिन्न भिन्न चरणों में वह श्रोता से भिन्न भिन्न प्रकार से संवाद स्थापित करता है । जब कलाकार विलंबित ख्याल पेश करता है तो ख्याल में अलाप्चारी,सरगम,बोल-तान,तानो के छोटे छोटे टुकड़े तथा आकर की तानो को पेश करता है ।

भारतीय शास्त्रीय संगीत के प्रस्तुतीकर्ण में संवाद तत्व का आधार भाव है जो श्रोता तथा कलाकार को जोड़े रखता है। मनुष्य के मन में स्थित कल्पना/चेतना का नाम ही भाव है जिसे वह दुसरो के सामने व्यक्त करता है । सर्वप्रथम महर्षि भरत ने अपने ग्रन्थ नाट्यशास्त्र में सांगीतिक दृष्टि से भाव को परभाषित किया है-

"भाव इति कस्मात,कीं भर्वन्तितः,कीं वा भाव्यन्तीतिभावा।।"

अर्थात भाव की उत्पत्ति किस प्रकार की जाए, जो होते हैं व भाव है अथवा जो भावित करते हैं वे भाव है।

भरत के भाव विवेचना से स्पष्ट है, कि जो रस का भावन करें वे भाव है। अर्थात भाव से उनका अभिप्राय रस व्यंजक सामग्री से है जिसके अंतर्गत स्थाई संचारी भाव के साथ अनुभव भी आते है ।भाव का सामान्य अर्थ है कि जो चेतना को व्याप्त करें वह भाव है ।

भाव को समझाने के बाद हम संवाद पर बात करते हैं । संवाद मानव के भावो तथा संवेगो की अभिव्यक्ति तथा विचारों का आदानप्रदान है- । संवाद का सीधा संबंध अभिव्यक्ति से है मनुष्य द्वारा की गई हर क्रिया कहीं ना कहीं अपने भावों की अभिव्यक्ति कर दूसरे व्यक्ति तक पहुंचाने के प्रयत्न से जुड़ी हुई है इन सभी क्रियाओं को भरत ने कला का नाम दिया है । विद्वानों ने 64 प्रकार की ललित कला मानी है इनमें से मुख्य ललित कलाएं पांच ही हैं मूर्तिकला- , काव्य कला,संगीत कला , वास्तुकला तथा चित्रकला । कला का अर्थ है किसी भी कार्य को पूर्ण कुशलता से करना, इसी तरह शास्त्रीय गायक जब अपना गाना प्रस्तुत करता है तो वह पूरे भाव से उस गाने को पेश करता है क्योंकि कला है ही भाव प्रकाशन।

ख्याल गायन की प्रस्तुतीकरण में जब कलाकार बड़े ख्याल में आलाप प्रस्तुत करता है तो वह आलाप को इस तरह से प्रस्तुत करता है की आलापचारी के माध्यम से श्रोता और कलाकार के मध्य संवाद बना रहे । इसे एक उदाहरण से समझते हैं । गायक राग पुरिया प्रस्तुत कर रहा है तो वह हर आलाप में पुरिया का वह मुख्य अंग दिखाएगा जो कि राग पूरिया को दर्शाता है जैसे पूरिया का मुख्य अंग है- नि (मन्द्र)ध (मन्द्र)नि" ,(मन्द्र)नि। "ग मे ध ग मे ग ,रे सा---(मंद्र)

अच्छा कलाकार वह है जो राग के प्रारंभ से ही राग में ऐसा स्वर समूह लगाए जो रात को एकदम से श्रोताओं के सामने खड़ा कर दे, आलाप करते समय पूरिया में ग तीव्र म तथा निषाद पर उसे इस तरह निहास करना पड़ेगा कि हर समय पूरिया की छाया श्रोताओं पर बनी रहे राग मारवा और सोहनी इसके समकक्ष राग हैं इनके सिर्फ स्वर समान हैं प्रकृति तीनों रागों की एक दूसरे से भिन्न है उपयुक्त उदाहरण को निम्नलिखित सारणी से स्पष्ट समझा जा सकता है-:

राग	मारवा	पूरिया	सोहिनी
स्वर संगतियाँ-	SA. ,N re ,N ,D ,N ,D SA ,N re	SA (SA) ,N ,D ,N ,N re G	G M D NI S'. D N D N S' r' S'
वादीसंवादी-	ध-रे	गनि-	ध ग-
न्यास के स्वर	रेध-	गनि ,म ,	ग ध-

राग का आलाप करते समय जब कलाकार तथा श्रोताओं के बीच में एक शांत माहौल बना होता है तब कलाकार एकदम से सम आने से पहले कुछ ऐसी तिहाई से या किसी एक तान से माहौल पूर्णतया परिवर्तित कर देता है तो श्रोता अचानक ही कलाकार से जुड जाता है। राग प्रस्तुतीकरण का सही अर्थ वही है जब राग पानी की तरह निरंतर बेहतर है जिसमें श्रोता वह कलाकार दोनों उस संगीत की गहराई का आनंद प्राप्त करें, क्योंकि मनुष्य हर समय कुछ नए की तलाश में रहता है इसलिए आलाप चलते समय थोड़ी सी भी विभिन्नता श्रोताओं को अपनी और आकर्षित करती है। आलाप के बाद गायक राग में अपने बड़े ख्याल का अंतरा लेने से पहले तार षडज को इस तरह जमाता है कि मानो तानपुरा तथा गायक का गला एक सा हो गया हो, क्योंकि तब दोनों में कोई भिन्नता दिखाई नहीं देती है। इस तरह गायक तार षडज को टिकाकर अंतरे की तरफ बढ़ता है तथा अंतरे के बोल गाकर गायक तार सप्तक में राग के स्वरूप के हिसाब से अलाप करता है अलाप इत्यादि का प्रयोग करता है-बोल,ताने,इसके अतिरिक्त गायक जब अपने प्रस्तुतिकरण में छोटी छोटी सरगमे । ।तो इस प्रकार की विभिन्नता श्रोता को राग से तथा कलाकार से जोड़े रखती है

हर घराने की अपनी गायकी गायकी की इन्ही विशेषताओं के कारण घराने की अपनी विशिष्ट पहचान ।अपनी विशेषताएँ होती है , ।भिन्न प्रभाव पडता है-भिन्न गायकी का श्रोता पर भिन्न-भिन्न ।बनती है जो कलाकार की गायकी को प्रभावित करती है

इसी प्रकार जब गायक छोटा ख्याल शुरू करता है तो बंदिश का साहित्य द्रुत लय इत्यादि का श्रोताओं पर एक अलग ही प्रभाव, -:उदाहरण के तौर पर राग यमन की बंदिश के बोल निम्न प्रकार है ।देखने को मिलता है

" छिप जरी चांदनी रात मोरे पिया अजहूँ न आये "

गायक जब इस बंदिश के साहित्य को विभिन्न स्वरलहर-ियों से सजाएगा तो गायक का यह भाव सम्प्रेषण श्रोता व कलाकार , दादरा इत्यादि प्रस्तुत करेगा तो उसका,इसी प्रकार कार्यक्रम के अंत में जब गायक ठुमरी ।के मध्य एक अलग ही संवाद स्थापित करेगा । प्रभाव निश्चित ही गायक व श्रोता के मध्य संवाद स्थापित करेगा

इसी प्रकार शास्त्रीय नृत्य में सहगायक तब ।सह्वादक तथा मुख्य नृतक के मध्य भी संवाद प्रस्तुतीकर्ण के समय दृष्टिगत होता है, यहाँ मंच पर उपस्थित सभी कलाकारों की सामूहिक प्रस्तुतिकरण से जो भाव उत्पन्न होगा उससे श्रोता अनायास ही जुड जायेगा तब यहाँ हम संवाद भाव को स्पष्ट द ेख सकेगे ।

नृत्य की प्रस्तुतिकर्ण के दोरान तालवादक के वाद्य के बोल तथा उन बोलो के अनुसार नृतक के पैरो का संचालन नृतक व वादक, -:उदाहरण के लिए नृत्य स्तुति के बोल तथा उस पर तबले के बोल निमंलिखित है ।के मध्य संवाद को स्थापित करता है

राम ध -स्तुति के बोल" श्याम धा राधा कृष्ण

तबले के बोलतांगड धा दिगंड धा दिंदिं किडधा -

गोविंद धा मुरलीऽ धरधा मोहन धा ता आ

दिंगड धा किटतक तडधा दींगड धा ता आ

राम धाश्या ऽमधा राधा कृष्णा गोविन्द धामा धवधा

तांगड धाऽदिं गडधा दिंदिं कृधा दिंगड धाता गडधा

मुरलीऽ धरधा मोहन धारा ऽमधा , श्याम

किटतक तडधा दिंगड धाता गडधा दिंगड"

यह १४ मात्रा की धमार ताल के लिए उपयुक्त है।

निष्कर्ष- अतः उपर्युक्त उदाहरणों से स्पष्ट है की शास्त्रीय संगीत के हर पक्ष में संवाद तत्व विध्यमान है वादन ,चाहे वह शास्त्रीय गायन हो , संवाद तत्व संगीत के ,हो अथवा नृत्यहर पहलु का मुख्य अंग है पत्र के निष्करणार्थ हम कह सकते है की सांगीतिक-अतः इस शोध । ।प्रस्तुतीकरण में संवाद पूर्ण रूप से स्थित है

सन्दर्भ सूची-

1.झा रामाश्रय(रामरंग). (२०१६). *अभिनव* गीतांजलि. इलाहाबाद: संगीत सदन प्रकाशन.
2.कुमार अशोक. (२००७*). संगीत और संवाद.* नई दिल्ली: कनिष्क पब्लिशर्स.
3.शर्मा भगवतशरण. (२०१९). *ताल प्रकाश.* हाथरस: संगीत कार्यालय.
4.कासलीवाल मिनाक्षी"भारती".(२०१८).*ललितकला के आधारभूत सिद्दांत.* जयपुर: राजस्थान हिंदी ग्रन्थ अकादमी.
5.कुमार अशोक "यमन".(२०२०). *संगीत रत्नावली.* चंडीगढ : अभिषेक पब्लिकेशन्ज.

****

ISSN : 2277- 4262
SJIF : 8.244
INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY E-JOURNAL
An International Peer Reviewed, Refereed Journal

संगीत तथा अन्य ललित कलाओं में संवाद

-आयुष जैन (शोधार्थी)
शोध निर्देशिक- प्रो. आरती भट्ट तेलंग
संगीत विभाग,राजस्थान यूनिवर्सिटी ,जयपुर राजस्थान

सारांश- *"संवाद" शब्द "वाद" शब्द में "सम" उपसर्ग लगाकर बना है,जिसका शाब्दिक अर्थ है- बोलना,बातचीत,वाद-विवाद,चर्चा इत्यादि। लैटिन भाषा में संवाद को "कम्युनिकेशन" कहा गया है जो की "कम्युनिश" शब्द से सम्बंधित है, जिसका शाब्दिक अर्थ है- हस्तानांतरित करना। अतः संवाद का सामान्य अर्थ है अपनी बात अथवा भाव दुसरे तक प्रेषित करना। संवाद संपूर्ण जगत का आधार तथा संगीत का अभिन्न अंग है। इसे संगीत का मूल तत्व कहना गलत नहीं होगा। सांगीतिक-स्वरों, संगीत शास्त्र तथा संगीत की विभिन्न विधाओ में संवाद विध्यमान है। साथ ही संवाद चित्रकला,मूर्तिकला,काव्यकला तथा अन्य -ललित कलाओं में भी अपना महत्वपूर्ण स्थान रखता है। संवाद ही वह तत्व है जो संपूर्ण ललित कलाओं का आपस में संबंध स्थापित करता है। जैसे कोई मूर्तिकार अथवा शिल्पी किसी नृत्य विधा को मूर्त रूप देता है अथवा जब कोई कवि अपना काव्य पाठ संगीत के स्वरों का सहारा लेकर करता है अथवा जब चित्रकार किसी कलाकार की प्रस्तुति का या किसी राग का सौंदर्य अपनी चित्रकारी में दर्शाता है तो हमे कलाओं का आपसी संवाद स्पष्ट दिखाई पड़ता है। अतः हम कह सकते है की कला के हर पक्ष में संवाद पर्याप्त रूप से स्थित है।इस शोध पत्र को लिखने मेरा उद्देश्य संगीत तथा अन्य ललित कलाओं में स्थित संवाद को प्रदर्शित करना है।*

की-वर्ड्स- *कला, चित्रकला, मूर्तिकला, ललितकला, संगीत, संवाद*

परिचय-भारत एक कला समृद्ध देश है जहाँ की कलाओं में भारतीय संस्कृति की स्पष्ट झलक दिखाई देती है। प्राचीन काल से ही हमारी संस्कृति में कलाओं का विशिष्ट स्थान रहा है। विद्वानों ने कला की भिन्न-भिन्न परिभाषाएँ दी है तथा इसे वर्गीकृत भी किया है। कलाएं मुख्य 2 प्रकार की होती है-

1.उपयोगीकलाएं 2. ललित कलाएं

वात्सयायन कृत "कामसूत्र" में 64 प्रकार की ललित कलाओं का वर्गीकरण प्राप्त होता है। 64 कलाओं में भी विद्वानों ने 5 को मुख्य माना है जो की संगीत, काव्यकला,मूर्तिकला,चित्रकला, तथा वास्तुकला है। कलाओं को मुख्यतः 2 भागो में उनकी प्रकृति के आधार पर बांटा गया है जिनमे मूर्तिकला,चित्रकला तथा वास्तुकला दृश्य-कलाएं है, वही काव्यकला व संगीत, श्रव्यकलाएं है। इन मुख्य 5 कलाओं में भी विद्वानों ने संगीत को सर्वोपरि माना है।

अब संवाद की बात की जाये तो सामान्य शब्दों में संवाद वह प्रक्रिया है जिसमे एक व्यक्ति अपने मन के भावों को दुसरे तक पहुंचाता है तथा सामने वाले व्यक्ति के भाव ग्रहण करता है वही संवाद है। कलाओं में संवाद का महत्वपूर्ण स्थान है। कला आत्माभिव्यक्ति तथा अपने समय से संवाद है।कला ही वह माध्यम है जिससे मनुष्य अपने ह्रदय में स्थित भावो का सरलता से आदान-प्रदान कर सकता है।ह्रदय स्थित भावों अथवा विचारो का आदान-प्रदान ही संवाद है। अतः हम कह सकते है की कलाओं में अच्छे भाव-सम्प्रेषण के लिए संवादात्मक तत्वों का होना आवश्यक है। एक उत्तम वार्तालाप के लिए जिन संवादी तत्वों का होना आवश्यक है वे निम्न है:- वार्तालाप के समय व्यक्ति के शब्द स्पष्ट हो,वह उसी भाषा का प्रयोग करे जिसे सामने वाला व्यक्ति सरलता से समझ सके तथा वाक्यों का चुनाव इस प्रकार हो की वे सरलता से ग्राह्य हो इत्यादि। इस प्रकार इन तत्वों का सहारा लेकर व्यक्ति बेहतर संवाद स्थापित कर सकता है।

संवाद जीवन के हर पहलु में स्थित है तथा कलाओं का अभिन्न अंग है। संवाद ही वह आधार है जिससे कलाओं में आपसी समन्वय स्थापित होता है।प्रत्येक कला आपस में एक-दुसरे से सम्बंधित होती है या यूँ कहे की अन्य कला का सहारा लेकर ही स्वयं को पूर्ण स्थापित करती है।

संगीत तथा अन्य ललित कलाओं में संवाद - समस्त ललित कलाओं में संगीत को सर्वोपरि माना गया है। "सुव्यवस्थित, मधुर ध्वनियों का विशिष्ट नियमो के अनुसार निश्चित लय में होने वाला प्रस्फुटन जो रस निष्पत्ति करे,वह संगीत है।" विद्वानों ने संगीत के अंतर्गत गायन,वादन,नृत्य तीनो का समावेश किया है। जैसा की शारंगदेवकृत "संगीतरत्नाकर" में कहा गया है:-

"गीतं वाद्यं तथा नृत्यं त्रयं संगीतमुच्यते।।"

वेसे तो ये तीनो कलाएं अपना स्वतन्त्र अस्तित्व रखती है, परन्तु तीनो में गायन की प्रधानता होने के कारण संगीत के अंतर्गत ही इनका समावेश किया गया है।

संवाद,संगीत के हर पहलु में व्याप्त है चाहे वह संगीत-शास्त्र हो या प्रस्तुतीकरण। संगीत-शास्त्र में सर्वप्रथम महर्षि भरत ने अपने ग्रन्थ "नाट्यशास्त्र" में स्वरों में स्थित संवाद को बताया। जिन्होंने मूल रूप से दो संवाद भाव, षडज-पंचम तथा षडज-मध्यम को पूर्ण रूप से स्पष्ट किया जो की षडजग्राम व मध्यमग्राम का आधार थे।

सप्तक में षडज-पंचम संवाद:- सा-प, रे-ध, ग-नि, म-सां

सप्तक में षडज-मध्यम संवाद:- सा-म, रे-प, ग-ध, म-नि̲, प-सां

यहाँ ध्यान देना आवश्यक है की "सा-प" तथा "सा-म" संवाद क्रमशः 13 व 9 श्रुति का होता है, परन्तु आधुनिक काल में स्व.प. ओंकारनाथ ठाकुर जी ने अपनी पुस्तक "प्रणव भारती" में क्रमशः 7 व 6 श्रुति का भी संवाद बताया है जो की "सा-ग" तथा "सा-ग̲" संवाद है।

प्राचीन कालीन जाति, ग्राम, मूर्छना, गीति इत्यादि में तो संवाद तत्व मूल रूप से विध्यमान था ही, परन्तु संवाद आधुनिक राग पद्धति का भी प्राण है। जिसके बिना राग के स्वरुप की कल्पना करना भी संभव नही है। राग में संवादी तत्व वादी-संवादी स्वरों में प्रदर्शित होता है,उसी से मूल राग की स्थापना होती है। इन संवादी स्वरों में परिवर्तन मात्र से ही नए राग उत्पन्न हो जाते है उदाहरण के लिए यदि "राग भूपाली" के वादी-संवादी स्वर "ग-ध" को परिवर्तित कर "ध-ग" कर दिया जाये तो यह "राग देशकर" बन जायेगा। अतः हम कह सकते है की स्वरों का पारस्परिक संवाद हमारे संगीत का प्राण है।

अब संगीत प्रस्तुतीकरण की बात की जाये तो, प्रस्तुतीकरण भी एक प्रकार का संवाद है। जिसमे कलाकार राग के स्वर स्वरुप व बंदिश के साहित्य का सहारा लेकर अपने हृदय स्थित भावों को श्रोताओं तक पहुंचाता है। यह संवाद ही है जिससे कलाकार व श्रोता के बीच एक अटूट संबंध स्थापित हो जाता है। चाहे वह गायन कला हो अथवा वादन अथवा नृत्य, तीनो विधाओ के प्रस्तुतीकरण का आधार स्तम्भ संवाद है। अब संगीत की भांति अन्य ललित कलाओं में भी संवाद को समझते है। चित्रकला की बात की जाये तो यह एक दृश्यकला है,जिसमे कलाकार अपने मन में स्थित भावों को रंगों के माध्यम से एक आकर देता है तथा अपनी कल्पना का सजीव चित्रण श्रोताओं के सामने रखता है। इसी प्रकार मूर्तिकला में मूर्तिकार एक निर्जीव पत्थर में अपने भाव उकेर देता है तो हमे उस मूर्ति में हमे कलाकार के भावों का सजीव चित्रण प्रदर्शित होता है।

संगीत तथा चित्रकला का आपसी संवाद हमे "रागमाला पेंटिंग्स" में देखने को मिलता है। रागमाला पेंटिंग्स का आधार "राग-रागिनी पद्धति" है। 17वीं तथा 18वीं शताब्दी में चित्रकारों ने अमूर्त राग को मूर्त रूप देने के दृष्टिकोण से, राग-रागिनीयों के चित्रण की परिकल्पना राग के स्वरुप के आधार पर की जो आज हमे रागमाला पेंटिंग्स में देखने को मिलता है। उदाहरण के लिए कुछ रागों के चित्रण(रागमाला पेंटिंग्स) प्रदर्शित है:-

1. 2. 3.

1. प्रथम चित्र "राग हिण्डोल" का है जिसमे नायक-नायिका को एक झूले/हिण्डोला पर बैठा दिखाया गया है, जिसके दोनों और दासिया उपस्थित है।
2. द्वितीय चित्र में "राग मेघ" का वर्णन है जिसमे राधा-कृष्ण व दासियों के नृत्य व हर्षोल्लास का वर्णन है तथा वर्षा हो रही है।
3. तीसरे चित्र में "राग दीपक" जिसमे राजा-रानी को एक तख़्त पर बैठा दिखाया गया है, जिनके सामने दीपक स्तम्भ में 7 दीपक जल रहे है तथा सामने बैठा व्यक्ति वाद्य वादन कर रहा है।

रागमाला पेंटिंग्स का आधार "राग-ध्यान" है। कवियों ने राग-रागिनियों के स्वरुप को पद्यबद्ध कर काव्य का रूप दिया, जिन्हें संगीत विद्वानों ने "राग- ध्यान" की संज्ञा दी। राग-ध्यान,काव्य तथा संगीत कला के परस्पर समन्वय का स्पष्ट उदाहरण है। इसके अतिरिक्त काव्यपाठ में भी संगीत महत्वपूर्ण है। कवि जब अपना काव्यपाठ सांगीतिक स्वरों के माध्यम से करता है तो वह काव्य श्रोताओं पर अधिक प्रभावी होता है। अतः हम कह सकते है की काव्यकला व संगीत दोनों में संवाद विध्यमान है। पं. दामोदर-कृत "संगीत दर्पण" में बताया गया राग भैरव का ध्यान निम्न प्रकार है:-

"गंगाधरः शशिकला तिलकस्त्रिनत्रः
सर्पौविभुषितनुगर्जकृतिवासाः/
भास्वत्रिशूलकर एष नृमुण्डधारी
शुभ्राम्बरो ज्याति भैरवः आदि रागः//"

नृत्य, भारतीय संस्कृति में प्राचीनकाल से ही दैवीय शक्तियों के प्रतिनिधित्व के रूप में प्रदर्शित हुआ है जिसका स्पष्ट उदाहरण है- भगवान शिव की नटराज प्रतिमा जिसमे मूर्तिकला व संगीत का स्पष्ट संवाद दिखाई देता है। इसके अलावा संगीत कला की स्पष्ट झलक हमे भारतीय प्राचीन मंदिरों की स्थापत्य कला में देखने को मिलती है। इन मूर्तियों में नक्काशी के तौर पर उकेरी गयी मूर्तियों में वाध्य-वृन्द, वाध्य वादन तथा नृत्य की विभिन्न विधाओं, जैसे भरतनाट्यम इत्यादि का चित्रण दिखाई पडता है। यह कलाओं का परस्पर संवाद ही है जो एक ही कला में भिन्न-भिन्न कलाओं का चित्रण हमे दृष्टिगत होता है।

स्थापत्य कला में, संगीत कला के कुछ उदाहरणो का सचित्र वर्णन निम्न है:-




1. 2. 3.

1 प्रथम तथा द्वितीय चित्र मध्यप्रदेश के खजुराहो में स्थित प्रसिद्द प्राचीन मंदिरों का है जिसमे उकेरी गयी मूर्तियों में संगीत कला को दर्शाया गया है।

2 तृतीय चित्र कर्णाटक के बेलुर स्थित "चेन्नाकेशवा मंदिर" का है, जिसमे एक व्यक्ति वाध्य वादन करता हुआ दिखाया गया है।

अतः साधारण शब्दों में कहे तो संवाद कला के हर पहलु में व्याप्त है, जो की प्रत्येक कला के आपसी समन्वय में हमे दिखाई देता है।

निष्कर्ष- एक उदाहरण से समझते है:-"एक पुराने कथानक के अनुसार एक जिज्ञासु राजा ने एक बार एक विद्वान साधु से मूर्तिकला का अर्थ जानना चाहा, तो साधु ने कहा की मूर्तिकला को जानने के लिए पहले चित्रकला की जानकारी आवश्यक है। अब साधु ने कहा की चित्रकारी जानने के लिए पहले नृत्यकला की जानकारी आवश्यक है। फिर साधु कहता है की नृत्य वादन पर तथा वादन गायन पर आधरित है। अतः मूर्ति कला का अर्थ जानने के लिए पहले संगीत को समझना आवश्यक है।"

अतः उपर्युक्त उदाहरण से सिद्ध होता है की प्रत्येक कला एक दुसरे पर आश्रित है तथा एक दुसरे के बिना अपूर्ण भी है। इस प्रकार हम कह सकते है की कलाओं का यह पारस्परिक समन्वय और कुछ नही संवाद ही है जो एक कला को दुसरे से सम्बंधित करता है।

सन्दर्भ सूचि-

1. तिवारी, रघुनन्दनप्रसाद.(1998). *मध्यकालीन काव्य,* चित्र एवं संगीत में रागतत्व.दिल्ली :विध्यानिधि प्रकाशन.
2. कुमार, अशोक. (2007). *संगीत और संवाद,* नई दिल्ली :कनिष्क पब्लिशर्स.
3. ठाकुर, ओंकारनाथ. (2014). *प्रणव भारती.* वाराणसी: पिल्ग्रिम्स पब्लिशर्स.
4. जैन, रेनु .(2006). *स्वर और राग.* नई दिल्ली: कनिष्क पब्लिशर्स.
5. कासलीवाल, मिनाक्षी"भारती".(2018). *ललितकला के आधारभूत सिद्धांत.* जयपुर : राजस्थान हिंदी ग्रन्थ अकादमी.
6. शर्मा, सत्यवती. तेलंग मधु भट्ट. (2017). *ललित कलाओं में सृजनात्मकता.* जयपुर:राज पब्लिशिंग हाउस

ISSN : 2277- 4262
SJIF : 8.244
INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY E-JOURNAL
An International Peer Reviewed, Refereed Journal

CONCEPTS OF CONSONANCE AND ITS EMBODIMENT IN WESTERN AND INDIAN CLASSICAL MUSIC

-Shivranjini G Hegde (Research student)
Research Guid: Dr Anaya Thatte
Department of Music,
University of Mumbai, Kalina, Mumbai

Abstract- *Classical music of the West and of India, both have understood the concept of consonance ingeniously in their own way. The former looks for consonance in harmony and the latter looks for consonance in melody. These differences have given rise to certain principles of Compositions in the Western Orchestra and also rules for creativity in Indian Raagdari Sangeet. In Western music, the underlying harmony in compositions pave way for the melodic sections that are juxtaposed over it. This highlights the fact that singular notes are never consonant or dissonant, rather the intervals between them are. These intervals are prominent in harmonies where notes are played together. Therefore the idea of consonance and dissonance differ in both music forms and is the main reason why the music of west and of India is so diverse. What appears to the west as a dissonant chord, can in fact sound consonant in an Indian Raga with the same notes of the chord, for the sole reason that each note is given a unique treatment while performing it. This paper will discuss the origin of consonance from harmonic waves, the importance of the root note and corresponding intervals between notes, how the intervals are used in producing chords in west and how the Indian samvaad tavta is derived from it. A comparison will be done between the consonance maintained between various instruments and vocals in an orchestra and in an Indian Classical performance. Finally, we will see how in both the music forms, consonance sets the scope as well as the limits of creativity.*

Keywords- *Consonance, Dissonance , Harmonic Waves, Melody, Harmony, Chord, Unison, Cadence, Nyasa swar, Orchestration, Symphony*

Introduction- The word consonance has a plethora of meanings, depending upon the context in which it is being used. The peaceful existence of two diverse , agreeably different things, is called consonance.

Music arises from the spectrum of frequencies that a human ear can grasp. Consonance in music is the sense of ‘co-existence and co-dependence’ that certain frequencies exhibit when heard together or alongside each other which ends up captivating the auditory senses of the listener.

This characteristic, is the building block of the aesthetics of music and what differentiates music from other worldly sounds.

Origin of Consonance- The idea of consonance finds its origin in the concept of Harmonic waves. Vibrations created in a finite or bounded medium, give rise to Standing Waves. The waves appear to be still because of its own reflection from the edge or rim of the bounded medium.

Strings of a Veena or guitar, the column of air in a flute or clarinet, the surface of a Tabla or drum which is bound by the circular rim or even the vocal cords of a human in their larynx, provide a bound medium, which helps form a standing wave setup.

The thing that makes any given frequency seem ‘musical’ is not just that particular frequency, but also the unique and distinctive mix of ‘higher, quieter’ frequencies that always accompany the root or fundamental frequency. These higher frequencies are called overtones or harmonics and are produced in any arrangement where there are standing waves involved.

The root frequency is always a plain sine wave with no flavour. With just that, there would be no difference in the C# played by a Veena or a C# played by the Flute. Why does the Veena sound shriller, sharper and trebly, in contrast to the fullness and roundedness of the Flute? How are the two instruments so easily distinguishable despite emanating the same note of C#? The answer to this lies in the unique combinations of the overtones of the two instruments.

The string of the veena provides a one-dimensional medium for the standing wave system. On the contrary, the air column of the flute provides a three-dimensional space. This nature of sound is called timber. It is the unique arrangement of overtones that give any sound its timber.

Consonance is already present in nature. Identifying it and accentuating it, makes up the process of creating music. It is not by chance that the Tanpura was chosen to be tuned in Pa , Sa' , Sa' , Sa of a given scale. These notes, are in fact the first four, most prominent harmonics of that fundamental frequency. The constant highlighting of these harmonics by Indian classical musicians by plucking the strings of the tanpura, is one of the many examples how we can use the consonance found in nature to our benefit.

Idea of consonance in the west and Indian subcontinent- It is a well-known fact that the west has always looked at music in terms of harmony. A group of notes that sound consonant together, form a 'chord' , and progressions of these chords, make up musical base. Be it western classical, where there is a symphony of orchestra build on certain prime chords progressions or be it contemporary mainstream music like pop and rock songs. Music in the west is spoken in the language of chords. They do have melodic sections, but it is always the harmony that drives the mood of the composition.

Because chords involve notes being played together , simultaneously, the intervals between the notes become more pronounced. Therefore, consonance in harmony is hugely different from consonance in melody. The following chart compares the intervals of the west and Indian music.

Musical Intervals- West and Indian

Western Interval name	Indian	Degree of consonance according to West
Minor Second	Sa - Komal Re	Dissonant
Major Second	Sa - Shuddha Re	Dissonant
Minor Third	Sa- Komal Ga	Consonant
Major Third	Sa- Shuddha Ga	Consonant
Perfect Fourth	Sa- Shuddha Ma	Most Consonant
Augmented fifth / Tritone	Sa - Teevra Ma	Most dissonant, also called 'devils interval'
Perfect Fifth	Sa - Pa	Most Consonant
Minor Sixth	Sa - Komal Dha	Consonant
Major Sixth	Sa- Shuddha Dha	Consonant
Minor Seventh	Sa - Komal Ni	Dissonant
Major Seventh	Sa- Shuddha Ni	Dissonant
Octave	Sa - Sa'	Most Consonant

We can see that, most of the commonly used chords in western music have been formed by the consonant intervals. 'Augmented' or 'diminished' chords which use certain dissonant intervals are rarely used, as an element of surprise and intrigue.

If we compare the same with Indian music, each interval has been adopted by one of the other Ragas as the prime note combination. The tritone interval can be seen in Raag Shree, where the interval between Komal Re and Pa is the same as Sa and Teevra Ma. While presenting Raag Shree, this interval no longer seems dissonant, as the treatment of the notes is such that there is 'consonance in dissonance'.

Here the main thing to be noted is that, in Indian melody based music, as notes are not played together and rather played consecutively, the intervals between notes are perceived differently by the ears. Tanpura, which is continuously anchoring the audience to the root note Sa, prompts us to see every note with respect to it. Along with this, the unique way of treating a note in every raag makes even the most dissonant interval, sound pleasant and natural to the ear.

Consonance of notes - Their usage in Western and India classical performances

The importance of the perfect fundamental note 'Sa': Unison is the same note or frequency produced by different voices or frequencies. It is the the art of establishing the 'Sa' of the performance. The more prominent the Sa, the more consonant the other intervals seem.

In Indian Classical Music, the 'Sa' is beautifully explored in every aspect.

Irrespective of a vocal or instrumental recital, before the artist begins to perform, the aiding instruments like the Tanpura and Swarmandal are meticulously tuned at the fundamental note and repeatedly struck to assert the Sa into the ears of the audience.

The vibrations of the Sa are made to fill up the air and penetrate deep into the consciousness of everyone present in the venue.

Next come the accompanying instruments like the Tabla, Harmonium, Sarangi etc that are many a times tuned right in front of the audience. The constant effort of the artists to match their instruments to that perfect frequency, the perfect Sa , further helps assert it into the atmosphere.

The audience are subtly and implicitly notified beforehand that this particular frequency , the perfect Sa, is the one that will form the base of the upcoming performance.

Even ears that are not musically trained, get the sense of beginning and end with the Sa because we must not forget that consonance is in fact a phenomenon of nature.

Only when the resonance of the fundamental note is established thoroughly, the artist is satisfied enough to begin the performance.

Ironically, the first note sung/played in an Indian Classical 'Raagdaari' concert, need not be Sa. A singer will most likely begin Raag Yaman with a Ni of the lower octave, or perhaps Raag Marwa with a komal Re. However this is done only when the fundamental Sa has been established enough beforehand. The subtle dip for Ni or the rise for Re may be deemed as 'dissonant' by western musicians but it is welcome , due to it's capability to point to 'Sa'.

In Western music , this can be seen in the concept of the Fundamental Bass. In Rameau's Treatise of Harmony, it is clearly stated under the 'Principles of Compostions' that :

"The essence of composition, for harmony as well as melody, lies principally, especially at present, in that bass we call fundamental."

Fundamental bass is the root note of the musical chord. In western staff notation, there are clefs, which determine the pitch of a particular melody or harmony. In a given composition, there is always a bass clef present, in which the fundamental 'Do' is played, and is followed by consonant intervals or the harmonics. These intervals need to be present in either an ascending format or descending, depending upon the melody of the treble clef above it.

This shows that the establishing the root note is equally important in both Indian Classical music and Western Music.

Unison during performance in West and India- In Western Classical Music, there may be a section in a composition where all or a group of instruments are required to play the same melodic line together in the same pitch or in octaves, depending upon the register of the interment. This is considered as a powerful part in the composition where there is volume and a sense of unity that is heard. The same sense of fulfilment can be obtained in an Indian Classical music performance where during the development of the Raag, the vocalist or the main instrumentalist takes a melodic phrase and the accompanying musician closely follows them, recreating the same melody. As Indian Raagdaari music is more about improvisations and ad-libbing, the two artists will not be in sync in real time, but it will be pleasurable all the same to hear them closely follow each other.

Similarities between Cadence and Nyasa Swar- Cadence in western music is the two-chord progression that ends a musical phrase. And nyasa swar is its melodic counterpart, used in Indian music. Nyasa swar can be called as a careful, thoughtful pause in Raagdaari music which heightens or alters the mood of the Raag.

Depending upon the feeling of completion that they provide, there are four types of cadences in western music namely: Authentic, Half, Plagal and Deceptive Cadence. Authentic or Plagal Cadence is when from chord V or chord IV (which is built on Pa) we come back to chord I (built on Sa). This gives the complete sense of ending. In contrast to this If a phrase ends with any chord going to V, a half cadence (HC) occurs. If a phrase

ends with any chord going to V, an imperfect cadence occurs. The sense of completion and finality is played with, just as the techniques of langhan/alanghan , abhyas/anabhyas are used in certain places to skip notes and hit them when the yearning for a closure is heightened in the ears of the audience. An example of this is the presentation of Raag Yaman, where Sa is skipped while singing the signature 'Ni Re Ga' phrase and is hit only at the completion of the phrase which makes it sound very appeasing.

This Nyasa swar or the landing note can be corelated with authentic and half cadences. Having nyasa on Sa is like a perfect cadence where as in raagas like Rageshri, Ma is also one of the nyasa swars, making it similar to a half cadence.

Consonance of instruments in western classical compositions- In the world of western classical music, an orchestra is a large ensemble of instrumentalists and vocalists even, playing together in one of four 'families'. Orchestral families are the groups of instruments and comprise of: strings, woodwind, brass and percussion.

Woodwind instruments usually include flutes, oboes, clarinets, bassoons etc. Horns , trumpets, trombones form up brass instruments, Violins, cellos and double bass are the most common string instruments and finally we have bass drum, side drum, cymbals and triangles for percussion.
There are various types of orchestra and each have varied number of instruments. Symphony orchestra can have a total of 70-100 players in the composition whereas

Theatre, Chamber and String Orchestra are less elaborate with just over 30 instruments.

With so many instruments involved, consonance between them becomes an important factor that composers keep in mind while writing and arranging sections for each of them.

Each of these instruments has its own range or compass within which it must operate. Knowing the tonality of the instruments is a must for writing impressive pieces for the orchestra. For example, the clarinet sounds dry and piercing to the ear in high registers, whereas the flute and piccolo sound brilliant. Hence, a smaller clarinet and piccolo can be used to extend the range of the other wood wind instruments.

Nikolay-Rimsky-Korsakov in his book 'Principles of Orchestration', gives many rules of compositions.

Full scores of compositions usually see to it that:

1) Each pair of woodwind instruments is written on the same stave.
2) Each principal group (woodwind, brass, string) is arranged as far as possible in order of pitch, to help the audience distinguish the sounds of the instruments better.
3) Combination of woodwind and brass produces a much more complex and better sound than each alone
4) String and woodwind groupings are avoided as strings tend to overpower woodwind instruments.
5) String and brass instruments do not give a consonant sound while playing in unison. Hence their sections are deliberately kept away from each other in terms of pitch and time.

Even with respect to the seating arrangements of the instrument players, a balanced stereo effect is desired. Composers often write two independent violin lines for an orchestra, with the first usually being slightly more challenging. To ensure that the two violin sections maintain clarity and rather than sounding muddled, 1st violins tend to sit on the left of the conducter while the second violins sit on the right. The violas, cellos and basses are usually in the middle and move from left to right in order of highest pitch. They are placed near to the string part they frequently double. Percussionists are traditionally placed at the very back due to their volume and function as the rhythm section.

Melody: In an orchestra, there are melodic sections written in which, a group of instruments stand out from the other harmonizing instruments. This section should be easily distinguishable from the rest of the orchestra, in terms or either tonality or accentuated dynamic shades while playing it. The melody should be detached from the underlying harmony. Melody planned in the upper parts of the register stands out more compared to the lower parts.

Violin- soprano -alto

Viola- tenor-alto

Cello/double basses- tenor-bass

Even vocal sections are written, taking into consideration the natural register range of the vocalists, keeping male and female chorus different and giving apt portions to each singer.

Conclusion- Dissonance is a subjective term. The note combinations that the west calls as a 'discord' is in reality not true dissonance. The continual usage of 'Sa- Ati komal Rishabh- Ati komal gandhar' may be sound very strange to western musicians because of the close placement of the notes, but for Indian ears, these notes are the main mood setters for the sombre Raag Todi. Todi builds up the feel in such a way that no longer sounds dissonant. Our ears are accustomed to certain notes so much that we relate the discomfort it brings to an emotion and that emotion becomes the face of that Raag. Raagas like Puriya, Marwa, Purvi, Lalit and lot others thrive on dissonant intervals and yet are favourites among artists and audience alike.

Culture has a very big role to play in this. For Indian ears, dissonance might be felt when an prohibited or varjit swar is taken in a Raag which mars the mood it has set. But at the same time, breaking the rules by taking vivaadi swars is also permitted if done thoughtfully.

Indian music has its unique way of extracting the flavours of every note and presenting it with utmost beauty.

With this we can conclude that notes are never consonant and dissonant, intervals are. And harmonies accentuate the intervals, which make the consonance or dissonance more prominent. This could be the reason why the west has not explored music in the way we have. These two different takes on music has opened and closed certain doors of creativity in both forms of music.

Bibliography:

1. Oke, Vidyadhar (2015), *22 Shruti Harmonium*. Mumbai: Sanskar Prakashan
2. Rimsky-Korsakov,Nikolai(2013).*Principles of Orchestration,*South Corolina US:CreateSpace Independent Publishing Platform.
3. Dey, Ananya Kumar.(2008).*Nyasa in Raga*. New Delhi: Kanishka Publishing House.
4. Palmer, King(1964), *Teach yourself Orchestration*, London UK: The English Universities Press Ltd.
5. Rameau, Jeanne-Philip.(1971).*Treatise on Harmony*, New York: Dover Publications Inc.

****

ISSN : 2277- 4262
SJIF : 8.244
INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY E-JOURNAL
An International Peer Reviewed, Refereed Journal

सांगीतिक दृष्टि से रिकार्डिंग तकनीक में संवाद का प्रयोग एवं महत्व

-प्रफुल्ल कुमार शर्मा (शोधार्थी)
डॉ. अनया थत्ते (शोध निर्देशिका)
सहायक अध्यापिका, मुम्बई विश्वविध्यालय

सारांश- *जब किसी स्वर की किसी अन्य स्वर के साथ संगती की जाए तथा वह संगती कर्णप्रिय हो, तब हम इसे उन दोनों स्वरों का परस्पर संवाद कहेंगे, इसके विपरित जब यह मेल कर्कश हो तब हम इसे विवाद कहते हैं। संगीत में संवाद तत्त्व का संबंध प्राचीन काल से ही चला आ रहा है, फिर चाहे वह सप्तक की रचना का सिद्धांत हो या राग की निर्मिती के नियम । संवाद का प्रयोग और उसका प्रभाव किसी न किसी रूप में भारतीय संगीत में हमें दिखाई ही देता है। हिन्दुस्तानी संगीत में, पाश्चात्य संगीत तथा उनकी तकनीक के बढ़ते प्रभाव के साथ, और जब से संगीत का ध्वनि मुद्रण संभव हुआ तब से उसके विभिन्न पहलुओं में संवाद का प्रयोग होता रहा है, ऐसा देखने में आता है । परंतु यह कितना महत्वपूर्ण है, और कितनी मात्रा और स्तर में प्रयोग हुआ है इसपर विचार किया जाना चाहिए । इसलिए प्रस्तुत शोध पत्र में सांगीतिक ध्वनि की विशेषता, संवाद का सिद्धांत, विस्पंदन के कारण, स्वरांतर के नियम, हार्मनी का सिद्धांत एवं प्रयोग, कॉर्ड रचना के सिद्धांत और प्रयोग तथा रिकार्डिंग तकनीक क्या है, इसके विभिन्न घटक कौन से हैं, तथा रिकॉर्डिंग में धुन बनाने से लेकर, अरेंजमेंट करते समय विभिन्न वाद्यों के प्रयोग के लिए संवाद का क्या आधार है?, मिक्सिंग- मास्टरिंग के समय संवाद का महत्व, तथा इस सब में माइक्रोफोन का प्रयोग आदि पक्षों में संवाद की कोई भूमिका है या नहीं इसपर विचार किया जाएगा । साथ ही कुछ प्रचलित गानों में, और प्रसिद्ध संगीतकारों ने संवाद का प्रयोग किस प्रकार किया गया है, उदाहरण द्वारा स्पष्ट किया जायेगा।*

की वर्ड्स *:- संवाद - विवाद, रिकार्डिंग तकनीक, मिक्सिंग - मास्टरिंग, अरेंजरमेंट, हार्मनी। ध्वनि, नाद, श्रुति, स्वर और सप्तक में संबंध और संवाद का आधार।*

हमारे आस पास के वातावरण में जो कुछ भी हमें सुनाई देता है उसको हम ध्वनि कह सकते हैं । ध्वनि को संगीत में दो भागों में बांटा गया है जो प्रायः

१. सांगीतिक और

२. असंगीतिक

इन दो संज्ञाओं से जाना जाता है।

जब ध्वनि की कंपन संख्या नियमित एवं स्थिर रूप ले लेती है तब वह कानों को मधुर और आकर्षक लगती है इसी ध्वनि को "नाद" कहते हैं। जिसे हम संगीत की निर्मिती में उपयोग करते हैं। इसी ध्वनि का अधिक सूक्ष्म रूप जो हमें सुनाई देता है तथा पृथक आभास होता है, उसे श्रुति कहते हैं। और श्रुति का ही स्थिर रूप स्वर कहलाता है। जो की हमें सुनाई भी देता है और प्रयोग करने में अधिक सहज और सहायक होता है। इस तरह अगर देखा जाए तो एक सप्तक में असंख्य नाद होते हैं, इन असंख्य नादों में से २२ स्थान या बिंदु प्राचीन काल से भारतीय संगीतज्ञ श्रुति के रूप में उपयोग करते आ रहे हैं। इन २२ बिंदुओं में से १२ बिंदु को हम नैसर्गिक सप्तक निर्माण करने के लिए उपयोग करते हैं, जिसको हम स्वर कहते हैं। दूसरे शब्दों के कहें तो, जो नाद संगीतोपयोगी हो उसे श्रुति और श्रुति के दीर्घ स्वरूप को स्वर कहते हैं।

इसके विपरित जब ध्वनि के कंपनांक अव्यवस्थित और अस्थिर हों तो ऐसी ध्वनि शोर या कोलाहल की श्रेणी में आता है। परंतु भाषा के प्रयोग के रूप में असांगितिक ध्वनि का ही उपयोग होता है।

संवाद की दृष्टी से देखा जाए तो सप्तक के निर्माण का आधार स्वरों का आपसी सामंजस्य ही है। अर्थात, श्रुतियों का जो स्थान हमारे भारतीय संगीत में स्थित है वह एक सुंदर संवाद का उत्तम उदाहरण है। जो हमें सांगीतिक संवाद का आधार देता है।

इसी प्रकार पाश्चात्य संगीत में भी सप्तक के निर्माण के अनेक प्रयत्न किए गए और आज वहां समानांतरीय सप्तक का प्रयोग अपने संगीत में कर रहे हैं, जो की संवादात्मक संगीत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इष्टता, अनिष्टता के आधार पर स्वर संवाद सम्बन्ध- जब दो स्वरों को एक साथ बजाया जाए और वह सुनने में ठीक और मधुर लगे तो ऐसी संगती 'इष्ट' कहलाती है इसके विपरित यदि इन दोनो स्वरों की परस्पर संगती अप्रिय और कर्कश लगे तो इसे हम 'अनिष्ट' कह सकते हैं।

इसके दो प्रकार हैं- सामान्य इष्टता जिसे संगीत की भाषा में अनुवाद और 'परम इष्टता' जिसको 'संवाद' भी कहा जाता है। इसी तरह से परम अनिष्टता' को 'विवाद' कहा जाए तो तर्क संगत होगा ।

'संवाद' का अर्थ है 'सम्यक् + वाद' या 'भली भाँति बोलना' है। षड्ज और पंचम के साथ-साथ छिडने पर अथवा षड्ज और मध्यम के साथ साथ छिडने पर जिस इष्टता को प्राप्ति होती है, उसे 'स्वर संवाद' कहते हैं। अतः, जिन दो स्वरों में षड्ज-पंचम अथवा षड्ज-मध्यम के बराबर अन्तर हो, उनमें परस्पर 'स्वर संवाद होता है। इसी तरह षड्ज तथा अन्तर गांधार जिसे स्वयंभू गंधार भी कहा जाता है, इनका पारस्परिक इष्ट और प्राकृतिक अन्तर एक विशेष इष्टता है, जिसका परिमाण 'संवाद' की अपेक्षा कम और अनुवाद की अपेक्षा अधिक प्रतीत होता है । बृहकदेशी के रचयिता मतंगमुनि ने मध्यम-ग्राम में इस अन्तर को भी 'संवाद' की श्रेणी में रखा है।

विवादी - जिन दो स्वरों को क्रमपूर्वक छेडने में उस समय कानों को अच्छा न लगे, जबकि उन दोनों में से कोई एक अंश स्वर (प्रधान स्वर या keynote) हो, तो उन दोनों का पारस्परिक अंतराल 'विवादी' कहलाता है। अर्थात् 'विवाद' दो स्वरों में पाए जाने वाले अनिष्ट अंतराल का द्योतक है। स्वरों का पारस्परिक 'विवाद' सम्बन्ध अत्यन्त अनिष्ट कहलाता है। जैसे-रे-ग, 'ध-नि', ग-म और 'नि-सं' अंतराल को 'विवाद' कहा गया है।

तीन, चार, छह, सात, नौ और तेरह श्रुतियों के अन्तर पर स्थित स्वर परस्पर 'इष्ट' होते हैं और पाँच, आठ तथा दस श्रुतियों का अन्तर 'अनिष्ट' कहा गया है।

स्वर संवाद और स्वर संघात- जैसा की हम देख चुके हैं कि जब दो स्वरों की संगति प्रिय होती है तो उस एक स्वर का दूसरे स्वर के साथ **संवाद** होना कहा जाता है। जब दोनों ध्वनियाँ अप्रिय सिद्ध होती हैं तो उन्हें **विवाद** सम्बन्ध नाम से जाना जाता है।

महर्षि भरत ने **स-प** और **स-म** अर्थात् षड्ज पंचम और षड्ज मध्यम संवाद की चर्चा की है। इसकी जाँच के लिए तानपूरा के दो तारों को एक स्वर में मिला लीजिए। अब एक तार को जरा-सा चढाइए तो दोनों तारों की ध्वनि को एक साथ छेडने पर वे बेसुरी प्रतीत होंगी। जब दोनों स्वरों का अंतराल एक अर्द्ध स्वर होता है तो बेसुरापन सबसे अधिक हो जाता है। तार को क्रमशः और चढाया जाय तो बेमुरापन घटता जाता है ओर कोमल ग (६/५) पर प्रायः लुप्त हो जाता है । शुद्ध ग (५/४) पर पहुँचकर संगति सुरीली हो जाती है। तार को उसके बाद भी चढाएँ तो फिर बेसुरापन बढ़ेगा और म (४/३) पर फिर संगति सुरीली हो जाती है। इस प्रकार तानपूरे के दोनों तारों के स्वरों की संगति या सम्बन्ध बेसुरा हो-होकर प (३/२), ध (५/३) पर सुरीला हो जाता है। अंत में नि पर बेसुरा होकर पुनः पूरी तरह सुरीला हो जाता है। इससे स्पष्ट है कि स-प, स म के अलावा कुछ और सम्बाद भी ग्राम में मौजूद हैं। जिन स्वरों का स या षड्ज से सम्वाद है उन्हें) 'इष्ट स्वर' और जिनका विवाद है उन्हें 'अनिष्ट स्वर' कह दिया जाता है।

विदेशी शुद्ध सप्तक की सारणी देखने से पता चलता है कि जिन स्वरों का षड्ज से अंतराल सरल है अर्थात् छोटी-छोटी संख्याओं से प्रकट किया गया है वे तो इष्ट स्वर हैं और जिनका अंतराल बड़ी संख्याओं से प्रकट किया गया है वे अनिष्ट हैं। इष्ट और अनिष्ट स्वरों के बीच की सीमा का अंक आठ है । अंक के छोटेपन पर ही इष्टता की मात्रा निर्भर करती है, जिसका उदाहरण इस प्रकार है:

षड्ज के अंतर द्वारा प्राप्त आंदोलन संख्या का अनुपात :

- **अति इष्ट- प (३/२), म(४/३)**
- **इष्ट - ध (५/३), ग(५/४)**
- **अल्प इष्ट - ग (६/५) ध(८/५)**
- **अनिष्ट रे (९/८) लघु स्वर (१०/९)**

- **अति अनिष्ट - रे(१६/१५)**

विस्पंदन (डोल), परिणामी स्वर और संवाद पर उनका प्रभाव- विवाद का प्रमुख आधार विस्पंदन अर्थात डोल ही है। इसे इस प्रकार समझा जा सकता है, जब दो स्वरों की आवृत्ति में थोड़ा भी अंतर हो तब हमें यह डोल स्पष्ट रूप से सुनाई देता है और जब यह आवृत्ति परस्पर मिल जाती है तब यह डोल या विस्पंदन सुनाई देना बंद हो जाता है, और स्वर की तीव्रता बढ़ जाती है। इसका अनुभव हमें तानपुरा मिलाने के समय प्रायः होता है। जैसे जैसे स्वर को धीरे धीरे दूसरे स्वर में मिलाया जाता है तब डोल की गति तीव्र होती है जैसे-जैसे वे स्वर एक दूसरे के निकट आते जाते हैं डोल की गति धीमी हो जाती है और एक अवस्था ऐसी आती है जहां आपको डोल सुनाई नहीं देता। दो स्वरों की आवृत्ति में जितना अंतर होता है प्रति सेकेंड उतने डोल सुनाई देते हैं। सांगीतिक दृष्टी से २३ डोल प्रति सेकेंड अत्यधिक अनिष्ट मानी जाती है।

यदि दो स्वरों की आवृत्ति में ज्यादा अंतर हो तो सामान्य कानों द्वारा उसे पकड़ना कठिन हो जाता है, ऐसी स्थिति में हमें उन दोनों स्वरों की आवृत्तियों के अंतर से प्राप्त एक तीसरा स्वर भी सुनाई देता है जिसे "**शैषिक स्वर**" भी कहते हैं, जिसका पता सबसे पहले डिसोर्जी और बाद में टार्टिनो ने लगाया था। उदहारण स्वरूप यदि एक स्वर की आवृत्ति २०० और दूसरे की ३०० तो १०० आवृत्ति की एक तीसरा स्वर सुनाई देगा जो डोल के आगे की स्थिती है। इस प्रकार पहले के वैज्ञानिकों के अनुसार डोल की संख्या में वृद्धि ही शैषिक स्वर को जन्म देता है। बाद में हेल्महोज ने ऐसे स्वर का भी पता लगाया जो दोनो स्वरों के जोड़ पर आधारित होती है। जिसको उन्होंने "**योगिक स्वर**" कहा। ऊपर दिए गए उदाहरण द्वारा प्राप्त योगिक स्वर की आवृत्ति ५०० होगी। यह दोनो ही स्वर अत्यंत तैयार कानों द्वारा ही सुने जा सकते हैं परंतु प्रायः यह सुनना कठिन ही होता है। शैषिक और योगिक स्वर के लिए व्यवहार में "परिणामी स्वर" की संज्ञा का प्रयोग होता है।

हेल्महोज के अनुसार परिणामी स्वरों की उत्पत्ति स्वरों की तीव्रता पर निर्भर होती है, और यह सिद्ध किया की दोनों परिणामी स्वर वास्तविक हैं न की कानों का कोई विकार ।

बाद में यह पता लगा कि सामान्य तीव्रता पर भी परिणामी स्वर सुनाई देते हैं और निष्कर्ष यह निकला कि यह स्वर कानों में ही पैदा होते हैं किसी बाहरी माध्यम में नहीं और यह स्वसंवेद्य होते हैं। इसको ही आगे ले जाते हुए वाइजमान ने बताया कि यदि किसी वस्तु का कंपन दोनो दिशाओं में एक जैसा न हो, तो भी परिणामी स्वर उत्पन्न हो सकते हैं, तथा चमड़े के पर्दे द्वारा यह बात सिद्ध की। क्योंकि कान की बनावट भी इसी प्रकार होती है जिसमे एक ओर हवा और दूसरी ओर हड्डी होती है, जिसके कारण थोड़ी तीव्रता पर भी कंपन की विषम गति पैदा होकर परिणामी स्वर पैदा हो जाते है।

परिणामी स्वर केवल मौलिक स्वर नहीं अपितु उनके आंशिक स्वरों द्वारा भी उत्पन्न होते हैं, परंतु ये इतने सूक्ष्म होते हैं की केवल कानों में ही पैदा होते हैं। सांगीतिक आधार से देखा जाए तो, इन परिणामी स्वरों का स्वरों के संवाद - विवाद पर बहुत प्रभाव पड़ता है। अतः यह बहुत महत्व रखती हैं।

संवाद के विभिन्न पहलुओं को देखने के बाद अब हम देखते हैं की, कैसे रिकार्डिंग के विभिन्न आयामों में संवाद का प्रयोग होता है, और वो किस तरह संगीत को प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रुप से प्रभावित करते हैं।

सबसे पहले यह जानना आवश्यक है की रिकॉर्डिंग तकनीक क्या है।

यह ध्वनि तरंगों का एक विद्युत, यांत्रिक, इलेक्ट्रॉनिक, या डिजिटल शिलालेख द्वारा पुन: निर्माण या संचय है। इसका उपयोग विभिन्न तरह को ध्वनियों को रिकॉर्ड करने में किया जाता है, जैसे भाषण, गायन, वाद्य संगीत, या ध्वनि प्रभाव(Sound Effect)।

ध्वनि रिकॉर्डिंग तकनीक के दो मुख्य प्रकार **एनालॉग रिकॉर्डिंग** और **डिजिटल रिकॉर्डिंग** हैं। इनमे से आज हम डिजिटल पद्धति द्वारा ध्वनि को संचित करते हैं।

संगीत के ध्वनि मुद्रण में विभिन्न घटक हैं, जो एक दूसरे से जुड़े हुए है तथा परस्पर प्रभावित करते हैं, किसी भी गाने की रिकार्डिंग के शुरू से लेकर अंत तक की प्रक्रिया में प्रायः निम्नलिखित ६ अंग होते हैं:-

1. **धुन निर्मिती**(Composing)
2. **गीत** (Lyrics)
3. **संयोजन** (Arrangement)

4. **ध्वनिमुद्रण** (Recording/Dubbing)
5. **ध्वनि मिश्रण** (Mixing)
6. **ध्वनि संतुलन** (Mastering)

इसमें १ली और २री प्रक्रिया का क्रम बदल सकता है, कभी कभी धुन पहले बन जाती है और उसके अनुरूप गीत लिखा जाता है, यह कलाकार की अपनी क्षमता और प्रेरणा पर निर्भर करता है।

आइए इन विभिन्न घटकों को थोड़े विस्तार से समझते हैं :

धुन निर्मिती (Composing)- यह, एक लैटिन शब्द से व्युत्पन्न है, जिसका अर्थ है "जो एक साथ रखता है," एक संगीतकार बस यही करता है । वह संगीत के विभिन्न घटकों जैसे, धुन, हार्मनी, लय, सामंजस्य, संरचना, गतिशीलता, संवदेनशीलता, को जोड़कर एक मौलिक रचना को स्पष्ट रूप प्रदान करता है।

इससे यह स्पष्ट है की इन सभी घटकों का आपसी संवाद अत्यंत महत्त्वपूर्ण है, जब यह क्रिया पूर्णतः संवादात्मक और अपने चरम पर होगी तभी एक अच्छी धुन का सृजन होना संभव है। कौन सी धुन के लिए किस गायक/गायिका का चयन करना चाहिए इसका निर्णय करने के लिए भी एक विशिष्ट धुन के साथ एक विशिष्ट गायक के आवाज़ के संवाद का होना भी अत्यंत आवश्यक है, अन्यथा उस धुन को पूर्णतया न्याय नहीं मिल पाएगा। यही कारण है कि प्रत्येक कम्पोजर अपने गाने के अनुरूप ही गायक/गायिका का चयन करता है, ताकि गाना हर दृष्टि से सुनने में मधुर अर्थात संवादात्मक प्रतीत हो।

उदाहरणार्थ, गाइड फिल्म में सचिन देव बर्मन द्वारा संगीत निर्देशित अधिकतर गंभीर भाव के गाने रफी द्वारा गाए गए है, परंतु "गाता रहे मेरा दिल" इस गाने को किशोर जी से ही गवाया है, इसका यह कारण हो सकता है कि, फिल्म की वस्तुस्थिति के अनुसार खुली और साहसी आवाज़ की आवश्यकता थी जो किशोर दा की आवाज़ लाना संभव था।

इसी प्रकार धुन बनाते समय संवाद का प्रयोग कैसे होता है इस गाने द्वारा समझना आसान हो सकता है, "लग जा गले" में मुखड़ा एक संयमित भाव से बनाया गया है जो मंद्र पंचम तक जाता है परंतु इसकी दूसरी पंक्ति में (शायद फिर इस जनम में मुलाकात हो ना हो) भावना की बढ़ती हुई तीव्रता के अनुसार यह मध्य धैवत तक आता है, और साथ ही आवाज में डायनामिक्स का बहुत बखूबी प्रयोग किया है ।

गीत (Lyrics)- यह कार्य एक कुशल गीतकार करता है, जो दिए गए धुन या स्थिति अनुसार काव्यात्मक बोलों की रचना करता है। एक अच्छा गीतकार वही है जो धुन के भावानुसार शब्दों की रचना करता है, और धुन के अनुसार ध्वन्यात्मक बोलों द्वारा गाने की मधुरता में वृद्धि करता है।

यहां पर धुन और शब्दों का परस्पर ध्वन्यात्मक संवाद अत्यंत आवश्यक है।

प्रसिद्ध गीतकार जावेद अख्तर के अनुसार," धुन किसी भी गाने का चेहरा है और गीत उसका चरित्र है । जिस प्रकार हम किसी के चेहरे को देख के तुरंत आकर्षित तो हो जाते है, परंतु उस व्यक्ति के चरित्र द्वारा ही, हमारा संबध उसके साथ कितने समय तक रहेगा, निर्धारित होता है। अतः इन दोनों का संगीतिक और काव्यात्मक दृष्टि से संवाद अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है।

उदाहरण के लिए, शैलेंद्र द्वारा लिखित गीत, "आहा रिमझिम के ये प्यारे प्यारे गीत" धुन के अनुसार ध्वन्यात्मक बोलों द्वारा अत्यंत कुशलता से सजाए गए हैं और इसके द्वारा वर्षा ऋतु का माहौल निर्माण करने का सफल प्रयत्न किया है।

Arrangement (**संयोजन**)- संवाद का परिप्रेक्ष्य अपने आप में बहुत विस्तृत है, अर्थात् यह किसी भी कार्य की सफलता का एक महत्वपूर्ण अंग है। जैसे यदि किसी व्यक्ति के ग्रह आपस में सही सामंजस्य, अर्थात संवाद स्थापित ना रखे तो उसके भौतिक जीवन को वह बहुत हद तक प्रभावित करते हैं। इसी प्रकार केवल संगीत ही नहीं परंतु जीवन के विभिन्न पहलुओं में संवाद आवश्यक है। रिकार्डिंग तकनीक में **अरेंजमेंट** की दृष्टि से विचार करें तो संवाद का उपयोग और महत्व कितना है यह जानना भी अत्यंत आवश्यक है।

अरेंजमेंट का शाब्दिक अर्थ है आयोजन, व्यवस्था, संयोजन, अर्थात विभिन्न तत्वों को सुचारू रूप से संचालित कराने की प्रकिया। संगीत की निर्मिती में अरेंजमेंट का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है।

गाने में स्थाई और अंतरे की धुन के अतिरिक्त जो कुछ भी हमें सुनाई देता है वह सब अरेंजमेंट का हिस्सा है। आज कल अरेंजर और प्रोग्रामर ये दो शब्द पर्याय के रूप में प्रयोग किए जाते है। वैसे तो इनका कार्य सिद्धांत एक ही है, परंतु शैली भिन्न है। अरेंजर जो संगीत live

instruments के साथ तैयार करता है, प्रोग्रामर वही कार्य कम्प्यूटर में उपलब्ध कृत्रिम ध्वनि (synthetic sound) द्वारा करता है। दूसरे शब्दों में प्रोग्रामिंग, अरेंज्मेंट करने का एक तरीक़ा है।

अरेंज्मेंट किसी भी गाने की धुन बनने के बाद बनता है परंतु वह सुनाई पहेले देता है। इसलिए गाने को सुनकर अरेंज्मेंट की जाती है और श्रोता के लिए किसी भी गाने की पहचान उसकी कुशल अरेंज्मेंट द्वारा ही होती है। उदाहरण के लिए ´ओ मेरे दिल के चैन´ गाने की शुरुआत में बजाने वाला स्वर वाक्य तुरंत हमें गाने की पहचान करा देता है।

संगीतिक दृष्टि से एक अच्छे अरेंज्मेंट के लिए निम्नलिखित बातें आवश्यक समझी जाती है।

- **हर तरह के काव्य की समझ**
- **विभिन्न प्रकार के वाद्यों की ध्वनि का ज्ञान**
- **धुन को सुनकर उसे प्रत्योक्षकरण/उपयोजित करने की समझ**
- **धुन/गाने के अनुसार वाद्यों का चयन**
- **आर्थिक और सामयिक सीमा को ध्यान में रखते हुए श्रेष्ठतम कार्य करना**
- **कम्प्यूटर और प्रोग्रामिंग का आवश्यक ज्ञान**
- **संगीत के स्वरलिपि का ज्ञान (भारतीय और पाश्चात्य दोनों)**

ऐसा आवश्यक नहीं की उपर्युक्त सभी बातें एक अरेंजर के अंदर हो ही, परंतु इनमें से जितने अधिक गुण उसके व्यक्तित्व में होंगे, उसका फायदा अधिक होगा।

अरेंजमेंट की शुरुआत कब और कैसे हुई इसका सही अंदाजा तो नहीं लगाया जा सकता परंतु नाट्य संगीत के समय में एक दृश्य से दूसरे दृश्य में जाने के लिए तथा अगले दृश्य का माहौल बनाने के लिए संगीत का प्रयोग किया जाता था, यहीं से अरेंजमेंट का कार्य शुरू हुआ ऐसा माना जाता है।

१९३५ के आस पास पार्श्व संगीत के शुरू होने के बाद अब नायक को स्वयं गाने की आवश्यकता नहीं थी, यह कार्य अब कुशल गायक करने लगे और संगीत निर्देशन के साथ संयोजन भी शुरू हुआ। ब्रिटिश काल में, ब्रिटिश बैंड में ब्रास वाद्यों के वादकों का असर फिल्मी संगीत के संयोजन पर पड़ा, उसके पहले गाने में संयोजन में प्रायः हारमोनियम या ऑर्गन का ही प्रयोग धुन के पीछे पीछे होता था।

इसी समय, गोवा के पुर्तगाली संगीत से प्रभावित संगीतज्ञों का असर गाने में संयोजन में होने लगा। और गीत में, हार्मनी, कॉर्ड, इत्यादि का प्रयोग शुरु हो गया। विदेशों में जानेवाले कलाकार वहां से अलग अलग वाद्यों को भारत में लेकर आए और उनका प्रयोग शुरु करने लगे जिससे भारतीय फिल्म संगीत में नए तरह के संगीत का उदय हुआ।

उस्ताद जाकिर हुसैन के शिष्य, ग्रेगरी बूथ द्वारा लिखित पुस्तक, "Behind The Curtains" में, भारत के प्रसिध्द अरेंजर और अरेंजमेंट के सभी पहलुओं को विस्तार में समावेशित किया गया है।

संवाद के कसौटी पर अरेंजमेंट में प्रयोग होने वाले वाद्यों का क्या आधार होता है, इसे समझना भी अत्यंत आवश्यक है। जो की इस प्रकार है:-

- **गाने का प्रकार (भजन, भावगीत, गज़ल, कव्वाली)**
- **low और high frequency को संतुलन करने वाले वाद्य(सितार के साथ वीणा)**
- **ऐसे वाद्य एक साथ प्रयोग न करें जिनकी कंपनसंख्या एक दूसरे को प्रभावित करे या विघ्न डाले।**
- **गाने की धुन के अनुसार उसको पूरक सिद्ध करने वाले स्वर वाक्य का प्रयोग जिससे गाने को एक अलग रंग मिले और वह और खिलकर सामने आए।**

इस प्रकार हम कह कह सकते हैं कि गाने को उभारने का काम अरेंजमेंट करता है साथ ही धुन को साथ करने के लिए जिसका हम प्रयोग करते हैं वह हार्मनी और कॉर्ड होता है, जोकि अरेंजमेंट का एक महत्वपूर्ण अंग है। यहां पर यह जान लेना बहुत जरूरी है की हार्मनी

और हार्मोनाइज्ड फ्रेज में अंतर है, हार्मनी एक साथ दो या उससे अधिक स्वरों का बजाना, या गाना है, और एक स्वर वाक्य के जवाब में उसके ही अनुरूप दूसरा स्वर वाक्य बनाना हार्मोनाइज फ्रेस कहलाता है। यह दोनो प्रकार अरेंजमेंट में उपयोग होता है।

उदाहरण के लिए, "किसी की मुस्कुराहटों पे हो निसार" इस गाने में पर्दे पर गाने के चित्रण के अनुसार शुरुवात के इंट्रो अरेंजमेंट में प्रसंग,काव्य और वृंदवाद्य का समन्वय बहुत ही सुंदर रूप से किया गया है।

ध्वनिमुद्रण (Recording/Dubbing)- इसको समझने से पहले माइक्रोफोन की कार्यप्रणाली को जानना आवश्यक है।

माइक्रोफोन- यह एक ऐसा उपकरण है को ध्वनि तरंगों को विद्युत संकेत में परिवर्ती कर मूल ऑडियो को दोहराने के लिए, माइक के आउटपुट से रिकॉर्डिंग के लिए मिक्सर या ऑडियो इंटरफ़ेस या स्पीकर को सिग्नल भेजता है, जो उन्हें वापस ध्वनि तरंगों में बदल देता है। रिकार्डिंग तकनीक में माइक्रोफोन के प्रकार और उनकी क्षमता अनुसार प्रयोग किया जाता है। इसकी सूची इस प्रकार है :

प्रकार	**आवृत्ति सीमा**(Freq Range)	**संवेदनशीलता**(Sensitivity	**प्रयोग**
डायनामिक (Dynamic)	50-15000 hz	-54dB	लाइव प्रदर्शन, वाद्य, गायन सभी में उपयोगी।
कंडेंसर(Condenser)	20-20000hz	-29dB	अधिकतर गायन और सूक्ष्मतम स्तर की ध्वनि के लिए
रिबन(Ribbon)	20-17000hz	-39 to -56dB	अधिकतर वाद्यों के लिए

यह समझना कि विभिन्न प्रकार के माइक्रोफ़ोन कैसे काम करते हैं और वे किस लिए अभिप्रेत हैं, आपको अपने लाइव प्रदर्शन और रिकॉर्डिंग को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। रिकार्डिंग की गुणवत्ता माइक्रोफोन और उसकी विशेषता पर निर्भर करती है। सांगीतिक ध्वनि का संयोजन करने से पहले, गाने के अनुरूप उसमें प्रयोग होने वाली ध्वनि का सटीक मुद्रण एक उत्तम माइक द्वारा ही संभव है।

मिक्सिंग और मास्टरिंग के पहले सभी ध्वनियों का मुद्रण जितना प्राकृतिक और विस्तृत हो, तो गाने की संवादात्मकता में वृद्धि की जा सकती है। जिसके लिए सही माइक का प्रयोग आवश्यक हो जाता है।

रिकार्डिंग की उपर्युक्त सभी प्रकिया या घटक कितने भी अच्छे हों, पर यदि अंतिम चरण में उसका सही संतुलन और मिश्रण नहीं किया जाए तो गाने या सांगीतिक रचना का प्रभाव उस स्तर का नहीं होगा जो अपेक्षित है। अतः यह समझना की ध्वनि का मिश्रण और संतुलन गाने को किस प्रकार प्रभावी बना सकते हैं और क्यों आवश्यक है; ज़रूरी हो जाता है।

ध्वनि मिश्रण एवं संतुलन (Mixing - Mastering)- जिस प्रकार भोजन बनाते समय उसके स्वाद में वृद्धि के लिए सभी पदार्थों को सही अनुपात में मिलाना आवश्यक होता है, इसी प्रकार मिक्सिंग में अलग-अलग ट्रैक्स को एक स्टीरियो या मल्टीचैनल फ़ॉर्मेट, उर्फ मिक्स में समायोजित और संयोजित किया जाता है। किसी भी तरह की फ्रीक्वेंसी जो गाने का भाव और मधुरता बाधित कर सकते हैं, उसे इस प्रकिया में ठीक किया जाता है। अर्थात इस संवादात्मक बनाया जाता है या उसकी तीव्रता को संयमित किया जाता है। प्रायः हम सुनते हैं को गाने में प्रयोग होने वाली सभी ध्वनियों का संवेद एक ही स्थान से आ रहा है ऐसा प्रतीत नही होता बल्कि हर वाद्य अलग अलग स्थान से बज रहे हैं ऐसा प्रतीत होता है। इसलिए कौन की ध्वनि किस तरफ़ से आ रही है और किस जगह उसकी स्थापना करनी है इसका आभास निर्माण कराने का काम भी मिक्सिंग में किया जाता है। अन्यथा गाना सुसंयोजित नही बल्कि कोलाहल प्रतीत होगा। यह भी संवाद की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है की भिन्न प्रकार की ध्वनियों को उनकी तीव्रता और हमारे सुनने को क्षमता अनुसार उपयुक्त स्थान देना ताकि हमें वह ध्वनि स्पष्ट और सुनियोजित रूप से सुनाई दे।

मास्टरिंग में मिश्रण किए गए ट्रैक को उसके अंतिम रूप में संसाधित किया जाता है, साथ ही उसे और परिष्कृत किया जाता है, ताकि वह सुनने में अधिक मधुर और ध्वन्यात्मक दृष्टि से आदर्श हो। मिक्सिंग और मास्टरिंग द्वारा हम सुनिश्चित करते हैं की गाना सभी प्रकार के स्पीकर और मंच पर सुनने लायक हो। यदि गाने का मिश्रण और संतुलन सही न हो तो श्रोता उसे पुनः सुनना नही पसंद करेंगे।

गाने के संतुलन करते समय संवाद का आधार अत्यंत महत्त्वपूर्ण है, अन्यथा गाने का भाव बिगड जायेगा, सभी वाद्यों का परस्पर सम्मिश्रण, Vocals (गायक/गायिका) की आवाज़ के साथ उसका समायोजन संवाद के आधार पर ही किया जाए तो वह सांगीतिक दृष्टि से मधुर और अनुनादपूर्ण होता है।

निष्कर्ष:- संपूर्ण चराचर में पञ्चतत्वों की व्याप्ति प्राचीन काल से बताई गयी है। सदियों से ही इनमे जब सामंजस्य बना रहा, तभी सृष्टि का अस्तित्व भी उसके साथ जुडा रहा। नाद की उत्पत्ति भी इन्ही पञ्चतत्वों से बताई जाती है। जब हम सांगीतिक ध्वनि, या नाद की कल्पना करते है, तो अनायास ही इसमें भी संतुलन के तत्व का समावेश होता है। संगीत का उपयोग मनुष्य के मस्तिष्क को शांत तथा आनंदित करने हेतु होने कारण उसमे संतुलित ध्वनि का समावेश होना अनिवार्य ही है।

संतुलित ध्वनि ही मनुष्य के मन का संतुलन बनाये रखने में सहाय्यकारी सिद्ध होता है। पर जब बात ध्वनिमुद्रण की हो, तब इस क्षेत्र में हुए तकनिकी विकास को ध्यान में रखते हुए छोटे से छोटा असंतुलन भी अच्छी कलाकृति की निर्मिती में अवरोध उत्पन्न करता है। इसी लिए ध्वनिमुद्रण करते समय अच्छी कलाकृति को सामने लाने हेतु अधिक सावधानी बरतना अत्यावश्यक हो जाता है। इस प्रक्रिया में सम्मिलित हर एक पडाव पर बार बार विविध घटकों के संतुलित होने की जांच करना महत्वपूर्ण है, जिसमें काव्य, अरेंजमेंट, धुन, ध्वनिमिश्रण आदि का समावेश होता है। इन सभी प्रक्रियोंसे होकर जब अंतिम पडाव पर मास्टरिंग होकर कोई रचना बाहर आती है, तब वह सभी दृष्टिकोण से आदर्श मन जाती है और व्यावसायिक स्तर पर भी यशस्वी होती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची-

1. सहस्त्रबुद्धे, आनंद.(१३/०६/२०२२) *साक्षात्कार.*
2. कुंटे, मनोहर. (१७/०६/२०२२) साक्षात्कार.
3. साकार, मयुख. गिटारिस्ट, कंपोजर, अरेंजर, सह-संगीत निर्देशक (विशाल भारद्वाज), साक्षात्कार, दिनांक २५/०६/२०२२
4. दाढे, मृदुला.(२०२१) रहें ना रहें हम(हिंदी).भोपाल: मंजुल पब्लिशिंग हाउस.
5. Carter Nicolas.(2016).Music Theory: From Beginner to Expert.. Scotts Valley: Createspcae Independent Publishing Platform.

****

ISSN : 2277- 4262
SJIF : 8.244
INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY E-JOURNAL
An International Peer Reviewed, Refereed Journal

CONSONANCE BETWEEN BANDISH AND GAYAKI OF TARANA, TRIVAT, CHATARANG-RARE MUSICAL FORMS SUNG IN GWALIOR GHARANA

-Sanika Goregaonkar
Ph.D. Scholar
Supervisor -Dr. Sheetal More
S.N.D.T. Women's University,
Pune Campus

Abstract- *Today, there are various musical forms popularly sung in Indian Classical Music. Khayal is one of the important musical forms in modern period. There are various lineages following specific styles of singing the Khayal, known as Gharana. Gwalior Gharana is the earliest among them. In addition to Khayal, many other musical forms are the specialty of this Gharana. Tarana, Trivat, Chatarang are few of them. These forms are rarely sung today. Artists of this Gharana forte these types for their proficient performance.*

Compositional structure of these forms is distinct. Their style of singing changes according to the Bandish. There is a beautiful relation between the composition and elaboration of these forms, they suit each other. There seems a consonance between them. This research paper is a study of these forms and their suitable style of singing. There is an attempt to find their use and benefits in Riyaz as well. Instead of finding roots of these forms into the history, this research paper focuses on their presentation style prevailing current times.

Keywords: *Benefits in Riyaz, Chatarang, Gayaki, Tarana, Trivat.*

About Tarana – Trivat – Chatarang- Tarana – Trivat – Chatarang are Hindustani Classical music forms. They are vocal genres of Raagdari Sangeet. Needless to say, they are composed in various Raag and Taal. As Raag and Taal are concerned, Swar and Laya are their two primal elements. Raag itself is a composition of Swar involved in Laya. Tarana – Trivat – Chatarang are composed in any single Raag and any single Taal. Trivat and Chatarang are composed in Madhya and Drut Laya. In the same way, Tarana is basically a form sung in Madhya, Drut and Ati Drut Laya but a type of Tarana known as Khayalnuma Tarana is also sung in Vilambit Laya.

Music promotion- Promoting music in this era is as important as music practice & performance. In the medieval & Vedic times, promoting Hindusthani Classical music was unnecessary as there was no competition from any other genres of music. In the medieval period, the musicians were appointed & funded by rulers. With a steady source of finance, the musicians did not feel the urge to expand their music to a broader audience. In this present era, after the advent of globalization, the music market is vast, with numerous genres & choices that a person can choose. In recent times digital social platforms like YouTube &Spotify provide excellent opportunities to reach a worldwide audience. Besides these, various marketing strategies attract the younger generation into this field.

The music industry in this present era is not only limited to music. It has its reach into other parts of society.

"Music fans want to latch themselves on to what the artist stands for. Showing their creative process can do this. As mentioned earlier, audiences want to see how the music came together. Participants enjoy learning about the ideas behind certain songs through videos." (O'Donoghue, 2019)

To keep up with this competitive market & the survival of Hindusthani classical music, the practitioners must shed pre-notions that classical music is the music of the elites & not meant for the masses.

Conclusion- Hindusthani Classical music relies a lot on tradition & aesthetics. It acts as a time machine through which we view our past cultures, traditions & lineage. Technological advances act as a necessary evil for this genre. Electrical tanpuras have somewhat replaced tanpuras made with wood & gourd. To collaborate with loud western instruments like drums & electric guitars, it has become necessary for traditional instruments like sitar & sarod to take the help of electric amplification, compromising the actual timbre of the instrument. Music being an integral part of society, it cannot ignore the changing realities of the time. It has accepted the unpleasant & rejected the pleasant in its course of evolution throughout the eras. The practitioners of this genre must find a balance between trend & tradition. Technology, together with traditional values, could open new dimensions in the field of Hindusthani Classical music. Be it advanced performing spaces, music teaching, advanced recording technologies, or marketing the music on a social platform meant for the mass. The paradigm shift is evident & it would be wise to accept it & prepare for the future while getting inspired by our rich tradition.

References-

1. Arnold, A. (1991). *The Record News: The Journal of the Society of Indian Record Collectors*. Asian Music. University of Texas Press, Page 31.
2. https://digitalcommons.pace.edu/cgi/viewcontent.cgi?article=1238&context=honorscollege_theses
3. https://web.uvic.ca/~aschloss/publications/JNMR02_Dilemma_of_the_Performer.pdf
4. https://www.researchgate.net/profile/Samidha-Vedabala/publication/321724602_Indian_Classical_Music_Traits_and_Trends/links/5a2ea65345851586af7680ea/Indian-Classical-Music-Traits-and-Trends.pdf
5. www.cmuse.org: https://www.cmuse.org/classical-vs-popular-music/

****

ISSN : 2277- 4262
SJIF : 8.244
INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY E-JOURNAL
An International Peer Reviewed, Refereed Journal

भारतीय शास्त्रीय संगीत के परिप्रेक्ष्य में राग ध्यान तथा राग माला चित्र का सम्प्रेषण : एक अध्ययन

- दीपक सिंह
शोधार्थी
संगीत एवं ललित कला संकाय
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

शोध सार – *भारतीय शास्त्रीय संगीत के तत्वों को संकलित एवं संरक्षित करने के लिए विद्वानों ने समय समय पर चिन्तन के माध्यम से अलग अलग शैलीयों का विकास किया l वर्तमान समय में पंडित विष्णु नारायण भारतखंडे जी तथा पंडित विष्णु दिगम्बर पलुस्कर जी के द्वारा सृजित स्वरलिपि पद्धति से संगीत के विविध तत्वों को लिखित रूप में संकलित किया जाता है l संकलन की शैली के विकास के क्रम में मध्य काल में विद्वानों द्वारा रागचित्र माला का विकास किया गया l राग चित्र के अंतर्गत विविध चित्र कला की शैलियों के माध्यम से तत्कालीन समय प्रचलित राग तथा रागिनियों के स्थूल स्वरूप की कल्पना को साकार किया गया l*

वैदिक काल में वर्णित ध्यान को आधार बना कर राग ध्यान की कल्पना की गयी l रागों के प्रचार में आने से पूर्व जाति गायन का प्रचार था l मनीषियों ने जातियों के ध्यान का भी वर्णन किया है l जातियों के पश्चात् रागों तथा रागिनियों के ध्यान का भी उल्लेख प्राप्त होता है l पंडित शारंगदेव कृत संगीत रत्नाकर में जाति तथा राग दोनों के ही ध्यान का उल्लेख मिलता है l मध्यकाल में रचित अन्य ग्रन्थों में भी ध्यान का समुचित उल्लेख मिलता है l

सूचक शब्द - *ध्यान, उल्लेख, प्रभाव, अनुभव, संचयन, संरक्षित, संकलित*

शोध प्रविधि - प्रस्तुत शोध पत्र के लेखन के लिए पुस्तक एवं पत्र-पत्रिकाओं से तथ्य सामग्री कोसंकलित करने का प्रयत्न किया गया है l

उद्देश्य - उक्त विषय पर शोध पत्र लेखन का मुख्य उद्देश्य भारतीय संगीत के प्राचीन ग्रन्थों में वर्णित राग ध्यान तथा राग चित्र माला को गहराई से समझना है l

शोध विषय - कला पर कलाकार के व्यक्तित्व तथा तत्कालिक परिस्थितियों का विशेष प्रभाव पड़ता है l इन सभी तत्वों से प्रभावित हो कर कला के स्वरूप में बदलाव स्वाभाविक है l इस प्रकार कालान्तर में कला अपने स्वरूप को परिवर्तित कर के नया कलेवर धारण कर लेती है l ऐसे में सम्बन्धित कला के मूल स्वरूप का संरक्षण एक चुनौतीपूर्ण कार्य है l कला के मूल स्वरूप के संरक्षण के लिए आवश्यक है कि उसके विविध तत्वों को ऐसा रूप दिया जाय जो आगे आने वाली पीढ़ीयां भी सहजता से समझ कर स्वीकार कर ले l विभिन्न विद्वानों ने कला के स्वरूप को संरक्षित करने के लिए विविध शैलियों का सृजन किया l भारतीय शास्त्रीय संगीत में मध्य काल में राग माला चित्र तथा वैदिक आधार पर राग ध्यान, तत्कालिक सांगीतिक अनुभूतियों के सृजन, दृश्य रूप से प्रदर्शन एवं संचयन का एक अनुपम माध्यम था l

भारतीय शास्त्रीय संगीत के तत्कालिक अनुभवों के संरक्षण एवं संचरण के लिए सांगीतिक चिंतकों के सुफल प्रयास वैदिक काल से दृष्टिगोचर होते हैं l अनेक विद्वानों ने अपने अपने समय में संगीत के विविध तत्वों के संचयन के लिए अपना मत प्रस्तुत किया l सांगीतिक शैली के सम्वर्धन हेतु गुरुकुल शिक्षण पद्धति एक प्रभावी उपाय था l इस शैली के माध्यम से सांगीतिक शैली का संचरण मौखिक रूप से सम्भाव्य हुआ l कालान्तर में संगीत के विविध ज्ञान एवं अनुभवों के संचयन एवं प्रभावी सम्प्रेषण हेतु सांगीतिक परम्परा को लिखित रूप में संग्रहित करने की आवश्यकता महसूस की गयी l इस कार्य में वैदिक काल से ही विद्वानों ने अपने अनुसार योगदान किया l वर्तमान समय में प्रचलित राग आधारित संगीत के विभिन्न तत्वों के संचयन के लिए पंडित विष्णु नारायण भातखंडे तथा पंडित विष्णु दिगंबर पलुस्कर जी ने स्वरलिपि लेखन की व्यवस्था प्रस्तुत की l इस व्यवस्था से संगीत में प्रचलित प्राचीन गीतों के स्वरूप को उसके मूल रुप में संरक्षित करने में मदद मिली है l

विविध काल में संगीत के प्रयोगेत्तर (शास्त्र) स्वरूप में सम्प्रेषण के लिए विद्वानों के प्रयास के क्रम में राग ध्यान तथा रागचित्र माला का नाम आता है l यह व्यवस्था मध्यकाल के समय साकार हुई l वैदिक काल से ही हमारे मनीषियों ने निराकार को साकार करने की चेष्टा की तथा अपने चिन्तन के आधार पर वैदिक वांग्मय में वर्णित ऋचाओं को साकार स्वरूप स्थापित करने का प्रयत्न किया l इसी परम्परा का परवर्ती स्वरूप राग का ध्यान तथा राग चित्र है l मनीषियों द्वारा राग के दृश्य स्वरूप जैसे स्त्री, पुरुष, नपुंसक आदि का भी वर्णन किया गया l इस के पश्चात् राग के ध्यान तथा चित्र के स्वरूप का वर्णन मिलता है l 15वीं तथा 16वीं शताब्दी में राग के ध्यान निर्धारित किये गये तथा 16वीं सदी के उतरार्ध में रागों के चित्र भी बनाये गये l 1550 में रचित ग्रन्थ कल्पसूत्र में राग तथा रागिनियों के चित्र गुजराती अपभ्रंस रूप में मिलते हैं l सत्रहवीं सदी के उत्तर तथा अट्ठारहवीं सदी के पूर्व भाग में राजस्थानी चित्र शैली का विकास हुआ l इस शैली का मुख्य केंद्र मेवाड़ रहा l इस शैली में रागों के चित्र का संचयन किया गया l बीकानेर के महाराज के निजी संग्रह में अहमद नगर के दक्षिणी शैली के "कामोद तथा धनाश्री" रागिनी के चित्र सुरक्षित है l इन चित्रों के निर्माण का काल 1564-69 के मध्य का है l 1745-86 के मध्य बीकानेर शैली में निर्मित "कुकुभ" रागिनी का चित्र भी संग्रहीत है l अट्ठारहवीं शताब्दी में राजस्थान की विभिन्न रियासतों का राग चित्र के विकास का केंद्र होना प्रमाणित है l विभिन्न शैलियों में राग तथा रागिनियों के चित्र का उपस्थित होना राग चित्र के विकास के उत्कर्ष को दर्शाता है l दक्षिण शैली, बसोहली शैली, पहाड़ी शैली तथा मुगल शैली आदि में राग चित्र पाए जाते हैं l

राग चित्र के साथ ही रागों के ध्यान का भी उल्लेख हमारे प्राचीन ग्रन्थों में प्राप्त होता है l भारतीय जीवन शैली में ध्यान की परम्परा बहुत प्राचीन समय से रही है l वैदिक वांग्मय से वर्तमान काल के ग्रन्थों पर दृष्टिपात करने पर पाते हैं कि 'ध्यान' का विपुल प्रयोग विविध सन्दर्भ में वर्णित है l'ध्यान' शब्द का शाब्दिक अर्थ है बाह्य इन्द्रियों से सम्पर्क विच्छेदित कर के उनके सहयोग के बिना अंतर्मन में ध्येय के स्वरूप का चिन्तन एवं मनन करना l ध्यान शब्द की उपस्थिति के साथ ही अंतर्मन में एकाग्रचित होने का भाव प्रकट होता है श्री राम चन्द्र पाठक जी के अनुसार "इन्द्रियों को नियंत्रित कर ध्यान लगाने की क्रिया में चित्त का एकाग्र होना सहायक होता है l" 1 संगीत के सन्दर्भ में ध्यान का अध्ययन करते हुए पाया जाता है कि भारतीय संगीत के प्राण तत्व 'राग' के ध्यान पर भी चिन्तन किया गया है l राग के नादात्मक स्वरूप के साथ इसके भावात्मक स्वरूप का वर्णन ध्यान के रूप में प्राप्त होता है l एक समय ऐसा भी आया जब राग के नादात्मक स्वरूप को जानने जितना ही महत्वपूर्ण उसके भावात्मक स्वरूप को जानना हो गया l रागों के आविर्भाव से पूर्व जाति गायन प्रचलित था l जाति के विविध तत्वों के साथ प्राचीन ग्रन्थों में जातियों के ध्यान भी प्राप्त होते है l प्राचीन ग्रन्थों में विद्वानों ने जाति के ध्यान का भी उल्लेख किया है l आचर्य वृहस्पति के अनुसार "जातियों के ध्यान की चर्चा करने वाले प्रथम संगीत विद्वान जगदेक मल्ल हैं l"पंडित शारंगदेव द्वारा भी जाति के ध्यान का वर्णन किया गया है l जगदेक मल्ल द्वारा जातियों के ध्यान के कुछ उदाहरण अधोलिखित हैं –

1- षाडजी जाति का ध्यान :-

वीणा क्वणश्रवणजातकुतूहल देवेन कामरिपुणा परिरभ्यमाणाम् l
पाशाकुशांक्तिक रामरूणाव्भासां षाड्ज़ी समस्तजननीमनिशं ll [2]

भावार्थ :- मै सबकी जननी षाडजी को निरंतर प्रणाम करता हूँ l वीणा ध्वनि के श्रवण से सकुतूहल कामरिपु होने पर भी भगवान शंकर के द्वारा जिसका आलिंगन किया जा रहा है l जिनका करतल पाश और अंकुश कर चिन्हों से युक्त है जिनकी कांति अरुण है l

2- आर्षभी का ध्यान :-

निस्सीमवाङ्मनस्यो (?) रतिदूरवर्ति यस्या महत्त्वमवधीरयितुं प्रवृतः l
पद्मासनोऽपि परिहास्यदशां प्रयाति तामार्षभीं शुकनिभामनिशं नमामि ll[3]

भावार्थ :- जिसके निस्सीम वाणी और मन के अत्यंत दूरवर्ती महत्व का तिरस्कार करने में प्रवृत पद्मासन ब्रह्म भी उपहास के पात्र बनते हैं l मैं उस शुककांति आर्षभी को प्रणाम करता हूँ l

3- गांधारी का ध्यान :-

स्वर्णाभिरामरुचिमुज्ज्वलरूपवेषांवीणा विनोदकुतुका मुदुमीलिताक्षीम् l
देवीं दयार्द्रहृदया प्रणतिंगतेषुगांधारमाश्रितवतीमनिश नमामि ll[4]

भावार्थ :- मैं निरंतर उन गांधारी देवी को प्रणाम करता हूँ, जिनकी कान्ति स्वर्णाभिराम है l जिनका रूप और वेश उज्वल है l वीणा विनोद जिनका कौतुभ है l जिन्होंने वीणा विनोद के परिणामस्वरूप मदुतापूर्वक नेत्र निमित्त कर लिए हैं और जो प्रणाम करने वाले के प्रति दयाहृदया है l

जाति के गायन के प्रचार के उतरार्ध में ही राग का गायन प्रचलित हुआ तथा राग रागिनी का वर्गीकरण साकार हुआ l ग्रन्थकारों ने रागों के साथ रागिनियों के ध्यान का भी वर्णन किया है l भक्त संगीतज्ञ सूर दास, कुम्भन दास आदि की रचनाओं में रागों के ध्यान का उल्लेख प्राप्त होता है l

संगीत शास्त्र की ग्रन्थों जैसे राग विबोध, संगीत रत्नाकर, संगीत पारिजात राग दर्पण में रागों के ध्यान का समुचित उल्लेख मिलता है l

राग रागिनी के ध्यान की चर्चा करते हुए मध्य कालीन विद्वान पंडित दामोदर ने राग रागिनी वर्गीकरण के हनुमत मत के छः राग और प्रत्येक की पांच रागिनियों को स्वीकार किया l पंडित दामोदर के द्वारा बताये गये ध्यान के कुछ उदाहरण अधोलिखित हैं –

1) **राग भैरव -** सभी मतों में राग भैरव का ध्यान भगवान शंकर के स्वरूप का दिया गया है l पंडित दामोदर का भी मत इसी प्रकार है –

गंगाधर शशिकला तिलकस्त्रिनेत्र l
सर्पविभूषिततनुर्गजकृत्तिवासा ll
भास्वत्रिशूलकरएवं नमृण्डधारी l
शुभ्राखरी जयति भैरव आदि राग ll[5]

2) **राग भैरवी -** राग भैरव की रागिनी भैरवी के लिए ध्यान माता पार्वती के रूप में दिया गया है l कैलास पर्वत के शिखर पर स्फटिक मणि के आसन पर बैठी गौरी, कमल के फूलों से महादेव की पूजा कर रही हैं उनके हाथ में मंजीरे हैं l पार्वती का वर्ण पीला तथा नेत्र विशाल हैं l ऐसा भैरव की पत्नी भैरवी का शब्द चित्र कवियों ने वर्णित किया है –

स्फटिक चितपीठे रम्यकैलासश्रृंगे l
विकचकमलपन्नेरर्चयती महेशम् ll
करधृत वाद्यापीतवर्णायताक्षी l
सुकविभिरियमुक्ता भैरवी भैरवस्त्री ll[6]

3)- **राग मालव कैशिक -** जिसका वर्ण लाल है, जिसने हाथ में लाल छड़ी धारण कर रखी है l जिस वीर ने महान वीरों में अपना प्रभाव दिखाया है, जिसे सभी वीर मान देते हैं l जिसने अपने शत्रुओं के मस्तक की माला धारण की है l ऐसा मालवकैशिक राग वीर योद्धा का चित्रण है l

आरक्तवर्णों धृतररक्तयष्टि, वीरः सुवीरेषु कृतप्रवीर्य्य l
वीरैर्धृतौ वैरिकपालमाला, माली मतो मालवकौशिकोभ्यम् l[7]

प्राचीन ग्रन्थों में अमूर्त तथा अदृश्य शक्ति को मूर्त तथा दृश्य रूप देने के प्रयास के क्रम में विद्वानों द्वारा वैदिक ऋचाओं के लिए देवता, रंग, पक्षी आदि की भी कल्पना की थी l संगीत में भी ध्यान के अंतर्गत संगीत के विविध तत्वों के देवता, रंग आदि का वर्णन मिलता है l

इसप्रकार संगीत में ध्यान तथा चित्र, संगीत मनीषियों के चिन्तन की अभिव्यक्ति का माध्यम बना l विद्वानों ने रागों के ध्यान में जो अनुभूति किया उन्हें ध्यान तथा चित्र के रूप उघृत किया l

निष्कर्ष - हमारे प्राचीन मनीषियों द्वारा अपनी सांस्कृतिक विरासत के सृजन के लिए विविध प्रयत्न किये गये l हमारे पूर्वज विद्वानों ने संगीत के तत्वों को लिखित रूप में सृजित तो किया ही साथ ही संगीत के अनुभूतियों को भी दृश्य रूप में सबके समक्ष रखने का सफल प्रयास किया l इस सफल प्रयास को राग ध्यान के रूप में जाना गया l तत्कालीन प्रचलित मूल्यवान शैलियों का संचयन आवश्यक था और कला के सन्दर्भ में तो यह और भी आवश्यक हो जाता है l क्योंकि कला और उसमें भी संगीत कला नित नूतन कलेवर धारण करती है l अतः संचयन के विभिन्न शैलियों में राग ध्यान और राग चित्र का स्थान उल्लेखनीय है l इस क्षेत्र में विद्वानों द्वारा किया गया चिन्तन एवं इसका सुफल उल्लेखनीय है ।

संदर्भ :-

1. पाठक, श्री राम चन्द्र (1964). *आदर्श हिंदी शब्द कोष.* वाराणसी: *भार्गव बुक डिपो.* पृष्ठ 329
2. मल्ल, जगदेक. (1989). *आचार्य वृहस्पति कृत भरत का संगीत सिद्धांत.* वाराणसी: भार्गव भूषण प्रेस.पृष्ठ 94
3. मल्ल, जगदेक. (1989). *आचार्य वृहस्पति कृत भरत का संगीत सिद्धांत.* वाराणसी: भार्गव भूषण प्रेस. पृष्ठ 97
4. मल्ल, जगदेक. (1989). *आचार्य वृहस्पति कृत भरत का संगीत सिद्धांत.* वाराणसी: भार्गव भूषण प्रेस.पृष्ठ 101
5. पंडित, दामोदर. (2015). *संगीत दर्पण.* (अनुवाद भट्ट विश्वंभर नाथ). हाथरस: संगीत कार्यालय. श्लोक 2.46
6. पंडित, दामोदर. (2015). *संगीत दर्पण.*(अनुवाद भट्ट विश्वंभर नाथ). हाथरस:संगीत कार्यालय श्लोक 2.48
7. पंडित, दामोदर. (2015). *संगीत दर्पण.*(अनुवाद भट्ट विश्वंभर नाथ). हाथरस:संगीत कार्यालय. श्लोक 2.52

****

ISSN : 2277- 4262
SJIF : 8.244
INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY E-JOURNAL
An International Peer Reviewed, Refereed Journal

भारतीय संगीत के प्रचार-प्रसार माध्यमों में 'संगीत' पत्रिका

-विनोद कुमार
शोधार्थी (पी-एच०डी०)
मंचकला विभाग,
महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी

सारांश -पत्रिका प्रचार-प्रसार का एक सशक्त व प्रभावशाली माध्यम है। यह नियमित रूप से विभिन्न विद्वानों के चिन्तनपरक प्रामाणिक लेखों, समाचारों व अन्य विषय सम्बन्धी सामग्रियों के साथ प्रकाशित होने वाली पुस्तिका होती है। यह किसी विशेष विधा पर केन्द्रित होती है। जहाँ पर संगीत के प्रचार-प्रसार के माध्यमों की बात है, तो रेडियों, दूरदर्शन, टेपरिकार्डर, कम्प्यूटर और इन्टरनेट इत्यादि के साथ ही संगीत पत्रिकाओं की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। भारतीय संगीत के प्रचार-प्रसार में संगीत सम्बन्धी पत्रिकाओं 'संगीत' मासिक, संगीत कला बिहार, छायानट, नाद, ध्रुपद वार्षिकी, संगीतिका, नादार्चन, कलावसुधा, अनहदलोक, भैरवी व स्तोम इत्यादि का योगदान सराहनीय रहा है।

'संगीत' पत्रिका 1935 से अनवरत संगीत का प्रचार-प्रसार कर रही है। पिछले 87 वर्षों में इसका प्रकाशन कभी बन्द नहीं हुआ। 'संगीत' मासिक पत्रिका के संस्थापक प्रभूलाल गर्ग काका हाथरसी की अन्तिम इच्छा थी कि इसका प्रकाशन कभी बंद न हो। 'संगीत' पत्रिका में ध्रुपद - धमार – ख्याल - टप्पा- ठुमरी - लक्षणगीत- तराना- चैती - कजरी - दादरा- गजल-कव्वाली– भजन और चित्रपट संगीत स्वरलिपि के साथ, वाद्य और नृत्य संदर्भित सामग्री इत्यादि संगीत की विपुल सामग्री प्रकाशित हुई है। यह संगीत की प्रमुख पत्रिका है। आद्यांक से ही यह 'संगीत' मासिक पत्रिका संगीत के प्रचार-प्रसार में अतुलनीय भूमिका निभा रही है। अतः यह कहना अनुचित न होगा कि भारतीय संगीत के प्रचार-प्रसार माध्यमों में 'संगीत' पत्रिका का महत्वपूर्ण स्थान है।

संकेत शब्द - 'संगीत, पत्रिका,प्रस्तावना, संगीत कार्यालय, हाथरस ।

प्रस्तावना- प्राचीन एवं मध्य काल में वर्तमान काल की तुलना में संगीत का प्रचार-प्रसार बहुत कम था। इसका कारण है कि प्राचीन एवं मध्य काल में प्रचार-प्रसार के इतने माध्यम नहीं थे, जितने की वर्तमान काल में हैं। प्राचीन व मध्यकाल में मात्र ग्रंथों एवं संगीत कार्यक्रमों केमाध्यम से ही संगीत का प्रचार-प्रसार होता था। ग्रंथों को पढ़ना सबके लिए संभव नहीं था और संगीत के उस्तादों की विचारधारा संकुचित थी। संगीत के गुरू सबको संगीत शिक्षा नहीं देते थे। "संगीत केवल गुण ग्राहक को ही सुनाया जाता था। आजकल तो हर व्यक्ति संगीत का श्रोता होने का दावा करता है। पुराने जमाने में आम जनता एक बड़ी भीड़ के साथ शास्त्रीय संगीत कभी नहीं सुन पाती थी। संगीत, यानि ऊँचे दरजे का हिन्दुस्तानी संगीत केवल संगीत प्रेमी ही सुनते थे। आजकल के माध्यम जैसे- रेडियो, फिल्म, संगीत सम्मेलन, टेलीविजन, ग्रामोफोन रेकार्ड और टेप उस युग में कहाँ थे।"[1] संगीत के प्रचार-प्रसार की दृष्टि से वर्तमान समय संगीत का स्वर्णकाल है। संगीत को जन-जन तक पहुँचाने में रेडियों, फिल्में, टेलीविजन, कम्प्यूटर, इन्टरनेट व पत्र- -पत्रिकाएँ इत्यादि माध्यम महत्व भूमिका निभा रहे हैं।

संगीत पत्रिकाएँ- पत्रकारिता सत्य की खोज एवं मानवीय मूल्यों के शोध का सतत् संघर्ष है। पत्रकारिता कला, साहित्य, धर्म, संस्कृति के स्थानान्तरण का सशक्त माध्यम है, जिसके द्वारा अतीत के पन्ने पलटने का अवसर प्राप्त होता है।"[2] वर्तमान समय पत्रकारिता का है । पत्रकारिता सत्य घटनाओं का प्रतिबिम्ब समाज के सम्मुख प्रस्तुत करने का दर्पण है। समाज को शिक्षिण करना, मनोरंजन करना और सूचना देना पत्रकारिता का मूल उद्देश्य है। पत्रिकाएँ पत्रकारिता का ही एक अंग हैं। "मुद्रित माध्यमों का विकास 15वीं शताब्दी में प्रेस की स्थापना के साथ आरम्भ हुआ। मुद्रित माध्यम द्वारा प्रिन्ट पत्रकारिता का जन्म हुआ। सूचना का संचार जब मुद्रित रूप में होता है तब उसे 'प्रिन्ट पत्रकारिता कहा जाता है। प्रिन्ट पत्रकारिता में समाचार पत्र पत्रिकाएँ, पुस्तकें, न्यूजलेटर, वॉल- न्यूज पेपर और जनसम्पर्क के काम आने वाली गृह पत्रिकाएँ तथा अन्य मुद्रित प्रचार सामग्री आती है।"[3]

"आज के समय में संगीत के प्रचार-प्रसार में सांगीतिक जर्नल और पत्रिकाएं भी एक महत्पूर्ण भूमिका निभा रही हैं। विद्वानों ने भी सांगीतिक ग्रन्थों के निर्माण के साथ-साथ इन पत्रिकाओं एवं जर्नलों में अपने विचार प्रकट कर अपनी संगीत के प्रति रूचि का प्रमाण दिया है। ये पत्रिकाएँ शास्त्रीय संगीत के क्रियात्मक पक्ष का प्रचार तो कर रही हैं पर साथ ही साथ उसके शास्त्रीय पक्षों को भी उजागर करने में अपना अमूल्य सहयोग दे रही हैं।"[4] भारत में संगीत पत्रिकाओं का आरम्भ कलकत्ता (कोलकाता) से हुआ "भारतीय संगीत के प्रचार-प्रसार में विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं (जर्नल्स) का भी महत्वपूर्ण योगदान है भारत में सबसे पहली संगीत पत्रिका ' एन्युअल रिपोर्ट ऑफ द बंगाली म्यूजिक स्कूल के नाम से वर्ष 1871 में प्रकाशित हुई है।"[5] 'संगीत' मासिक, ओरिएण्टल म्यूजिक इन स्टॉफ नोटेशन, संगीतमृत प्रवाह गीतमालिका, भारतीय संगीत, दि म्यूजिक मैगजीन, नाद, रागिनी, संगीत कला बिहार, संगीत लहरी, कलावंत, झंकार, नादसुधा, संगीत समान, नादरूप, संगीतिका, सुर सिंगार, भारतीय संगीत, संगीत दर्पण, नाद ज्योति, म्यूजिक बुलेटिन, सुलभ संगीत, गीत- संगीत, कला सौरभ, छायानट, निनाद, विश्व वीणा, ध्रुवा, संगीत प्रकाशिका, संगीत मार्तण्ड, धुपद वार्षिकी, वागेश्वरी, सुरछंदा, श्रुती, नादार्चन, ब्रज स्वरांजलि, कला वसुधा, स्त्रोत, स्वर सरिता, भैरवी, संगना, नाद नर्तन, समकालिका संगीतम्, अनहद लोक, कलास्त्रोत व नादरंग इत्यादि सैकड़ों संगीत पत्रिकाओं का प्रकाशन भारत में विभिन्न स्थानों व भाषाओं में हुआ। जिनमें से अधिकांश का प्रकाशन बंद हो चुका है। 'संगीत' मासिक, संगीत कला विहार, छायानट, कलावसुधा, अनहद लोक, भैरवी, स्तोम व नादरंग इत्यादि संगीत पत्रिकाओं का प्रकाशन वर्तमानमें हो रहा है।

'संगीत' पत्रिका- सन् 1935 ई० से प्रकाशित हो रही 'संगीत' मासिक पत्रिका संगीत जगत की एक प्रमुख पत्रिका है। इसका प्रकाशन संगीत कार्यालय' हाथरस, उत्तर प्रदेश से होना है। इसके संस्थापक हास्य कवि प्रभूलाल गर्ग 'काका हाथरसी' हैं। सन् 1931 में अंग्रेजी भाषा में मौरिस म्यूजिक कालेज, लखनऊ से, कालेज के प्रिंसिपल श्री कृष्ण नारायण रातांजनकर जी ने 'संगीत' नामक त्रैमासिक पत्रिका को निकालना प्रारम्भ किया था । 'संगीत' मासिक पत्रिका के पूर्व सम्पादक व वर्तमान संरक्षक डॉ० मुकेश गर्ग जी ने साक्षात्कार के दौरान मुझे बताया कि, "रातांजनकर जी के 1931 में एक पत्रिका निकाली थी, उसका नाम संगीत रक्खा था । पर उसके दो या तीन अंक निकल कर वो बंद हो गई। तो वो नाम काका जी ने ले लिया और वो नाराज भी हुए थे। तारांजनकर कि आपने हमारा नाम ले लिया पत्रिका का । तो बोले थे कि आपकी वो बंद हो गई अगर चल रही होती तो हम अपना दूसरा नाम कोई रख लेते।"[6] 'म्यूजिक मास्टर' पुस्तक की सफलता से प्रोत्साहित हो प्रभूलाल गर्ग ने 'संगीत' मासिक पत्रिका का प्रकाशन प्रारम्भ किया। डॉ० मुकेश गर्ग ने प्रभूलाल गर्ग में जुड़े संस्मरणों को बताते हुए कहा कि, "प्रभूलाल गर्ग असल में संगीत के बडे शौकीन थे, खास तौर से पक्के गाने-बजाने के, शास्त्रीय संगीत के शौकीन थे संगीत का उन्हें कोई ज्ञान नहीं था। कभी-कभी बाँसुरी बजा लेते थे।, ऐसे ही जैसे कि सामान्य लोग बनाते हैं। कोई बाँसुरी बेचने वाला आता है, वो भी बजाता हुआ आता है। वो कहीं सीखा थोड़े ही है। तो इसी तरह से उन्हें भी शौक था। उनकी उम्र मुश्किल से छब्बीस - सत्ताइस साल थी। उस सख्त उनके मनमें आया कि वो तो सीख नहीं पाते संगीत। लेकिन और बहुत सारे लोग हैं, जो गाँव-गाँव में संगीत सीखना चाहते हैं। वहाँ कोई उस्ताद तो होता नहीं, जिससे सीखें तो उन्होंने सोचा कि क्यों न एक किताब बनाई जाये। जिसमें यह बताया जाय कि कैसे हारमोनियम बजाये, कैसे तबला बजायें, कैसे बाँसुरी बजाये, तो इसके लिए उन्हें खुद तो संगीत आता नहीं। एक नन्दलाल शर्मा थे कोई हाथरस मेंजो संगीत जानते थे, उनसे इनकी मित्रता थी। तो उन्होंने कहा (प्रभूलाल जी ने) कि शर्मा जी क्यों न ऐसा किया जाय कि आप बताये कि संगीत में कैसे सब कुछ शुरूआत की जाती है। वो बताते गये और काका जी लिखते गये, क्योंकि काका जी को भाषा आती थी और वो लिखते गये इस तरह से किताब तैयार हुई और वो किताब म्यूजिक मास्टर करके वो किताब बनी जो आज तक उसके 30-40 एडिसन हो चुके हैं। सबसे ज्यादा बिकने वाली किताब थी तो उसको लेकर, फिर किताब, उसका विज्ञापन दिया अखबार में और विज्ञापन देने के साथ वो किताब एकदम चल पड़ी, उससे पैसा आया तो पैसा आने के बाद फिर उस किताब को दुबारा छपवाया और ऐसे करते-करते फिर दिमाग में आया कि क्यों न संगीत पत्रिका चलाई जाय, शुरू की जाय, तो 'संगीत' पत्रिका के पहले सम्पादक भी नहीं बने और वो उसके संस्थापक भी बने।"[7] सीमित संसाधनों ने प्रभूलाल गर्ग ने 1935 में 'संगीत' पत्रिका का प्रकाशन प्रारम्भ किया जो आज अपने आलोक से संगीत जगत को आलोकित कर रहा है। 'संगीत' पत्रिका के संस्थापक प्रभुलाल गर्ग 'काका हाथरसी' ने अपने आत्म-कथ्य कुछ झूठ, कुछ सत्य' में लिया है कि "सन् 1935 में 'संगीत' मासिक पत्र का प्रकाशन आरम्भ कर दिया। इस पत्रिका के सम्पादन से लेकर कुली तक के सभी कार्य हम स्वयं करते थे।"[8] 'संगीत' पत्रिका के प्रारम्भिक दिनों में प्रभुलाल गर्ग 'संगीत' कार्यालय की एक छोटी सी मेज पर 'संगीत' के टाइटिल बनाना, चिड़ियों के जवाब देना, प्रूफ ठीक करना और पत्रिका छप जाने के बाद पाठकों तक तक भेजने के लिए पोस्ट आफिस में डालने तक का कार्य स्वयं करते थे।

श्री कृष्ण नारायण रातांजनकर, आचार्य कैलाश चन्द्र देव बृहस्पति, पं० रविशंकर, विनायक राव पटवर्धन, नारायण राव व्यास, शरच्चन्द्र श्रीधर परांजये, ठाकुर जयदेव सिंह, प्रोत्र प्रेमलता शर्मा और सुभद्रा चौधरी, विश्वम्भर नाथ भट्ट, जयदेव पत्नी बालकृष्ण गर्ग, डॉ० मुकेश गर्ग और लक्ष्मी नारायण गर्ग इत्यादि उच्चकोटि के विद्वान व कलाकार संगीत वत्रिका से सम्पादक, सलाहकार व लेखक के रूप में जुड़े।

लक्ष्मी नारायण गर्ग ने लगभग 50 वर्षों तक 'संगीत' मासिक पत्रिका का सम्पादन किया। श्री बालकृष्ण गर्ग ने लगभग 30 वर्षों तक और डॉ० मुकेश गर्ग ने कुल 36 वर्षों तक 'संगीत' पत्रिका का कुशल सम्पादन किया। डॉ० मुकेश गर्ग ने साक्षात्कार के दौरान मुझे बताया

कि, "मेरे सम्पादन काल में, मैंने सन् 1974 से सम्पादन संभाला और हर महीने एक अंक निकालता था, लेकिन जो जनवरी का अंक होता था, वो जनवरी- फरवरी शामिल अंक होता था संयुक्त अंक होता था। तो कुल मिलाकर बारह की जगह ग्यारह अंक निकलते थे, जिनमें एक विशेषांक होता था और दस सामान्य मासिक पत्रिकाएँ होती थी। लगभग दो-ढाई हजार प्रतियाँ छपती थी।"[9] सन् 1943 में कागज के संकर के कारण 42 पृष्ठों में निकलने वाली 'संगीत' मासिक पत्रिका मात्र 14 पृष्ठों में निकलने लगीथी। उस समय अंग्रेजी सरकार ने अखबारी कागज पर प्रतिबन्ध लगा दिया था। तब प्रभुलालगर्ग ने 'संगीत' पत्रिका में लिया था -

"पढ़ने से लड़ना भला, राज करें अँग्रेज,

इसीलिए 'संगीत' में रह गए चौदह पेज

रह गये चौदह पेज, यही बाबा की मर्जी,

खबरदार कुछ कहा, फाड़ डालेगें अर्जी।

कह काका कविराय, हृदय के भीतर-भीतर,

बाबा तुमको दुआ, दे रहे कम्पोजीटर।"[10]

'संगीत' के प्रचार-प्रसार में संलग्न 'संगीत' पत्रिका के अब तक 1000 के लगभग अंक निकल चुके हैं। इसके लगभग 100 विशेषांक प्रकाशित हो चुके हैं। प्रत्येक वर्ष के जनवरी-फरवरी का संयुक्तांक विशेषांक के रूप में प्रकाशित होता है। कुछ विशेषांक जनवरी-फरवरी माह के अतिरिक्त भी प्रकाशित हुए हैं- जैसे- भातखण्डे स्मृति अंक- अगस्त 1960, अलाउद्दीन खाँ स्मृति अंक - दिसम्बर 1972, आचार्य वृहस्पति एवं पं० लालमणि मिश्र स्मृति अंक - जुलाई 1980, पं0 लालमणि मिश्र पर विशेष - अगस्त 1987, हीरक जयन्ती समारोह अंक- मई 1995, पं० ओंकारनाथ ठाकुर अंक - जून 1997 इत्यादि ।

'संगीत' की महानविभूतियों, दसों थाटों, राग, राग-रागिनी, ध्रुपद— धमार— ख्यालठुमरी - लक्षणगीत- तराना- अलाप - तान- भजन इत्यादि गायनों शैलियों, नृत्य, ताल, ताल वाद्य तंत्र गद्य, वाद्य संगीत शास्त्र, परीक्षा, शिक्षा, संगीत संस्था, शोध व शोध लेख इत्यादि आधारित विशेषांक प्रकाशित हुए हैं। 'संगीत' पत्रिका के विशेषांक अत्यन्त लोकप्रिय रहे है। "संगीत पत्रिका के मासिक अंकों और विशेषतः विशेषांकों में प्रकाशित अधिकांश सम्पादकीय लेख गहन मौलिक चिन्तन के परिणाम हैं।"[11] संगीत के प्रचार-प्रसार में इस पत्रिका ने अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं।

कर्नाटक संगीत, उत्तर भारतीय संगीत, रवीन्द्र संगीत, पाश्चात्य संगीत, लोक संगीत, सुगम संगीत व फिल्म संगीत आदि संगीत के सभी क्षेत्रों पर विद्वानों के सारगर्भित लेख, ध्रुपद - धमार - ख्याल - तराना- टप्पा - ठुमरी इत्यादि स्वर लिपि सहित, पद-गीत-गजल-कव्वाली स्वर लिपि सहित, सितार- सरोद- बायलिन - इसराज - गिटार व हारमोनियम इत्यादि सम्बन्धी चीजें, कलाकारों के साक्षात्कार, सचित्र विवरण संगीत पुस्तकों व संगीत रिकार्ड की समीक्षायें, संगीत सम्बन्धी समाचार, पाठकों के विचार प्रश्नोत्तर, संगीत ग्रन्थों के सार आदि संगीत के सभी क्षेत्रों से सम्बन्धित भरपूर सामग्री 'संगीत' मासिक पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं। इस पत्रिका ने एक लाख से अधिक पृष्ठों की संगीत सामग्री संगीत समाज को प्रदान किया है। "यह केवलशास्त्रीयसंगीत की पत्रिका नहीं है। 'संगीत' संगीत की पत्रिका है। यानी लोक संगीत, फिल्म संगीत, पाश्चात्य संगीत सब कुछ इसमें मिलेगा। किसी सीमित क्षेत्र की पत्रिका यह नहीं है इस पत्रिका की असफलता ने अनेक लोगों को प्रेरणा दी। बहुत लोगों ने ऐसी कोशिशें की लगभग 60 पत्रिकाएँ निकली और गायब हो गयी । केवल 'संगीत कला विहार' 30-32 सालों से निकल रही है।"[12]

पं० विष्णु नारायण भातखण्डे के कामों को आगे बढ़ाने का काम 'संगीत' मासिक पत्रिका ने किया ऐसा विचार प्रभुलाल गर्ग जी का था । "स्व० भातखण्डे जी के काम को ही हमने आगे बढ़ाया है, भारत ही नहीं विदेशों तक में उसे पहुँचाया है। सन् 1936 में भातखण्डे जी का निधन हुआ और 'संगीत' सन् 1935 से शुरू हुआ ।[13] पं0 विष्णु नारायण भातखण्डे जी के विचार 'संगीत' मासिक मई 1995 के पृष्ठ 23 पर छपे है, जो इस प्रकार हैं- "मैंने तुमको इतना ही बताने का प्रयत्न किया है कि पहले क्या था और आज क्या है। यानी संगीत की

पूर्ण जिम्मेदारी मैं तुम पर छोड़ने वाला हूँ। मुझसे जितना संभव था, उतना मैंने किया है। अब आगे का काम तुम्हीं को करना होगा, ऐसी मेरी उत्कंट इच्छा है।[14] प्रभुलाल गर्ग, 'काका हाथरसी की अन्तिम 'संगीत' पत्रिका 1935 इच्छा थी कि 'संगीत' मासिक का प्रकाशन कभी बंद न हो अतः आद्यांक से अनवरत संगीत के प्रचार-प्रसार में अपना योगदान दे रही है ।

निष्कर्ष - भारतीय संगीत के प्रचार-प्रसार माध्यमों में 'संगीत' पत्रिका का महत्वपूर्ण स्थान है। गायन, वादन एवं नृत्य सभी से संदर्भित सामग्री इस पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं। यह पत्रिका संगीत विद्यार्थियों, शोधार्थियों, संगीत अध्यापकों व संगीत कलाकारों और संगीत प्रेमियों सभी के लिए उपयोगी है।

संदर्भ ग्रन्थ-सूची

1. चौबे, सुशील कुमार. (2005). *हमारा आधुनिक संगीत.* लखनऊ: उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान. पृ0–04
2. सिंह, अजय कुमार. (2013). *सिर्फ पत्रिकारिता.* इलाहाबाद: लोकभारती प्रकाशन. पृ0 – 11
3. सिंह, अजय कुमार. (2013). *सिर्फ पत्रिकारिता.* इलाहाबाद: लोकभारती प्रकाशन.पृ0 – 144
4. शर्मा, अमिता. (2000). *शास्त्रीय संगीत का विकास.* दिल्ली: ईस्टर्न बुक लिंकर्स. पृ० –177
5. वार्ष्णेय, दीपा .(28, 29, 30 जनवरी 2019) 'भारतीय संगीत की लोकप्रियता में मीडिया, प्रिंट मीडिया व इन्टरनेट की भूमिका एक विश्लेषणात्मक अध्ययन' प्रस्तुत शोधपत्र. लखनऊ: भातखण्डे संगीत संस्थान सम विश्वविद्यालय, द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी.
6. साक्षात्कार के दौरान डॉ० मुकेश गर्ग के विचार
7. साक्षात्कार के दौरान डॉ० मुकेश गर्ग के विचार
8. गर्ग, प्रभुलाल' संगीत' (जनवरी-फरवरी 1996). हाथरस : संगीत कार्यलय. पृ0 – 67
9. साक्षात्कार के दौरान डॉ० मुकेश गर्ग के विचार
10. गर्ग, प्रभुलाल' संगीत' (जनवरी-फरवरी 1996). हाथरस : संगीत कार्यलय. पृ0 – 68
11. गर्ग, प्रभुलाल' संगीत' (जनवरी-फरवरी 2015). हाथरस : संगीत कार्यलय. पृ0 – 17.
12. गर्ग, प्रभुलाल' संगीत' (मई 1995). हाथरस : संगीत कार्यलय. पृ0-4
13. गर्ग, प्रभुलाल' संगीत' (मई 1995). हाथरस : संगीत कार्यलय. पृ0-23
14. गर्ग, प्रभुलाल' संगीत' (मई 1995). हाथरस : संगीत कार्यलय. पृ0-23

****

ISSN : 2277- 4262
SJIF : 8.244
INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY E-JOURNAL
An International Peer Reviewed, Refereed Journal

जैन विधानांमधील संगीतसंवाद

-मेधा लखपति
संशोधक विद्यार्थिनी
संगीत विभाग
डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाडा विद्यापीठ
औरंगाबाद

सारांश- संवादाला भारतीय संगीतात अनन्यसाधारण महत्व आहे. संवादाशिवाय भारतीय संगीताची पूर्णता नाही असे म्हटले तरी हे विधान अतिशयोक्तीचे होणार नाही इतके महत्व संवादाचे आहे. साधारणतः दोन स्वरांमधून निर्माण होणाऱ्या प्रिय संगतीला संवाद (Consonance) असे म्हटले जाते. याउलट दोन स्वरांमधून निर्माण होणाऱ्या अप्रिय संगतीला विसंवाद (Dissonance) म्हटले आहे. सा-प, सा-ग, सा-म इत्यादी संवादांना इष्ट संवाद मानले आहे.

संगीतामध्ये फक्त स्वरांमधूनच संवाद साधले जातात असे नाही तर विविध अंगाने संवादाची जाणीव आपल्याला होत असते. तालाचे भरी-खाली अंग, आरोह-अवरोह, सप्तकातील पूर्वांग-उत्तरांग, मंद्र-मध्य-तार सप्तक, कलावंत-श्रोता हे देखील उत्तम संवादाचीच उदाहरणे होत.

आपणास ज्ञात आहे की, भारतीय परीप्रेक्ष्यामध्ये भक्ती, पूजा, आराधना आणि स्तुती या सर्व भावप्रवृत्ती संगीताशी निगडीत आहेत. आपल्या आदर्शांची आराधना करण्यासाठी विविध प्रकारच्या आळवणी संगीताच्या माध्यमातून केल्या जातात. याला कुणी भक्ती म्हटले तर कुणी भजन, कुणी स्तुती म्हटले तर कुणी आरती. नावे काहीही असली तरी भावप्रकटता मात्र एकच असते.

जैन परंपरेत सादर होणाऱ्या पूजा, स्तोत्रे, भक्ती यासुद्धा संगीतापासून अलिप्त नाहीत. जैन दर्शनात जवळपास सर्वच पूजा-विधींमध्ये संगीताचा आधार घेतला जातो. विधान म्हणजे नियम, पद्धत किंवा क्रियापद्धती. जैन श्रावकांच्या आवश्यक कर्तव्यामध्ये पूजन-विधानांचा समावेश असतो. विधान हा अत्यंत मौलिक रचनाप्रकार असून सूत्र किंवा तत्वांची काव्यात्मक गुंफण यात केलेली असते. सांगीतिक स्वरूप असल्याने अशा पूजा-विधींमध्ये अनुकूल असा संवाद असतो. ज्याप्रमाणे संगीतातील संवाद हा महत्वपूर्ण मानला आहे त्याचप्रमाणे जैन विधानांमधील संवादालादेखील महत्व आहे. या संवादात- १) श्रावक आणि त्यांची मानसिक स्थिती यामधील संवाद २) ज्या ठिकाणी विधान सुरु असते त्या वातावरणाशी असलेला संवाद ३) श्रावक आणि जैन तत्वज्ञान यातील संवाद ४) संगीतवाद्य आणि श्रावक यातील संवाद ५) श्रावक-श्राविका मधील अंतर्गत संवाद इत्यादी संवादाची रूपे आपल्याला आढळून येतात. या शोधनिबंधाद्वारे मी जैन विधानांमधील संगीतसंवादाचे स्वरूप काय आहे याचा शोध घेणार आहे.

Key words- जैन दर्शन, पूजन-विधान, भक्ति, श्लोक, संगीत वाद्य, संवाद, श्रावक-श्राविका.

मुख्य विषय - संगीत आणि आराधना किंवा भक्ति यांचा घनिष्ठ असा संबंध आहे. या दोघांचे नाते इतके एकनिष्ठ आहे की त्याचे प्रमाण म्हणून 'संगीतभक्ती' किंवा 'भक्तीसंगीत' अशा संकल्पना आपल्याकडे प्रचलित आहेत. जवळपास सर्वच धार्मिक विचारधारांमध्ये संगीताला विशेष असे महत्व आहे. भारतातील १६ व्या शतकात उदयास आलेल्या भक्ति आंदोलनाचे गमक देखील हेच होते. जैन विधानदेखील याला अपवाद नाही. जैन विधानांमध्ये समाविष्ट श्लोक, मंत्र, पूजा, स्तोत्र, आरती, स्तुती-भक्ती यांच्या सादरीकरणात संगीताची खूप महत्वपूर्ण आणि मोठी भूमिका राहिली आहे. जैनांमधील जवळपास सर्वच सण-समारंभांमध्ये पूजन-विधानाचे संगीतमय सादरीकरण केले जाते. यामध्ये पंचकल्याण बिम्बप्रतिष्ठा, वेदीप्रतिष्ठा किंवा सिद्धचक्र विधान, इन्द्रध्वजविधान, समवशरण विधान, ढाई-द्वीप-विधान, त्रिलोक-विधान, वृहद् चारित्रशुद्धी विधान, महामस्तकाभिषेक इत्यादी अनुष्ठानांचा समावेश होतो. या सर्वच मंगल प्रसंगी साधक एकत्र येऊन संगीताच्या माध्यमातून पूजन-विधानांचे भक्तिमय सादरीकरण करतात.

कोणत्याही तत्वज्ञानाला किंवा विचारांना काव्यरूप देऊन संगीताच्या माध्यमातून ते काव्य सजवले गेले तर जनसामान्यांमध्ये त्याचा प्रचार-प्रसार सहजपणे होतो. त्यातील काठीण्य पातळी कमी होऊन श्रावकांची तत्वज्ञानाप्रती समरसता किंवा अनुकुलता वाढीस लागते. श्रोत्यांचे तत्वज्ञानाशी संगीतरूपातून तादात्म्य पावणे ही क्रिया म्हणजे संवाद होय. मराठी शब्दकोशामध्ये संवादाला, "मेळ, जुळणी, अनुरूपता किंवा संभाषण, चर्चा"[1] असे म्हटले आहे. तत्वज्ञानाचे सांगीतिक रूपाने होणारे सादरीकरण ही सुद्धा एक प्रकारची जुळणी किंवा संभाषणच असते. किंबहुना ही प्रक्रिया संगीताच्या माध्यमातून घडत असल्यामुळे तिला 'संगीतसंवाद' असे म्हणणे जास्त समर्पक ठरते. संगीतसंवादाचे आणखी वैशिष्ट्य म्हणजे यातील दोन्ही घटक म्हणजेच सादर करणारा आणि श्रवण करणारा असे दोघेही क्रियाशील असतात. यामुळेच ते विसंवादापासून दूर असतात. म्हणून एक विशिष्ट प्रकारची चेतना संगीतसंवादांमधून प्रकट होत असते. याच कारणाने समजायला काहीसे कठीण असलेले तत्वज्ञानदेखील सर्वसामान्य माणसांसाठी सोपे होते. संगीत संवादामधून घडणारे हे परमपवित्र कार्य जिवंतपणाची साक्ष देणारे असून ते तितकेच महत्वाचेदेखील आहे.

जैन तत्वज्ञानातील विधान- जैन तत्वज्ञानामध्ये पूजन-विधानाला महत्वाचे स्थान आहे. विधान म्हणजे नियम, पद्धत किंवा क्रियापद्धती. श्रावकांच्या आवश्यक कर्तव्यांमधील तो एक महत्वाचा भाग आहे. श्रावक म्हणजे जैन तत्वज्ञानाचे श्रवण, आचरण आणि परिपालन करणारी व्यक्ती होय. श्रावकांच्या सहा आवश्यक कर्तव्यांमध्ये पूजन-विधान, गुरु-उपासना, स्वाध्याय, संयम, तप आणि दान या महत्वाच्या गोष्टींचा समावेश होतो. यातील पहिले कर्तव्य म्हणजे पूजन-विधान होय. अतिशय महत्वाचे असल्यानेच त्याला सहाही कर्तव्यांमध्ये प्रथम स्थानी विराजमान केले आहे. विधान म्हणजे श्लोक आणि मंत्र यांची काव्यात्मक गुंफणच असते. सूत्र किंवा तत्वज्ञानाची छंदबद्ध मांडणी विधानामध्ये काव्यरूपातून केलेली असते. छंदबद्ध असल्याने लय आणि गेयता आपसूकच विधानांमध्ये येते. विधानातील श्लोकांमध्ये अनेक प्रकारच्या संस्कृत व हिन्दी छंदांचा वापर केलेला दिसून येतो. यामध्ये वीरछंद, ताटक, जोगिरासा, दोहा, गीतिका, चौपाई, भुजंगप्रयात, अडिल्ल, बेसरी या छंदांचा समावेश होतो.

पूजन-विधान ही केवळ क्रिया नसून यात वंदना, स्तुति, भक्ति आणि तत्वज्ञानाची प्रभावना केलेली असते. संगीताच्या माध्यमातून पूजन-विधानातील तत्वज्ञानाचे सादरीकरण विशेष प्रसंगी व विशेष आयोजनसह केले जाते. विधानातील अंगभूत असलेल्या लयीमुळे आणि छंदबद्धतेमुळे विधान संगीतमय असतात. म्हणूनच त्यांचे गायन केले जाते. जसे-

हे मंगल रूप अमंगल हर मंगलमय मंगल गान करूं ।
मंगल में प्रथम श्रेष्ठ मंगल नवकार मंत्र का ध्यान करूं ।।[2]

१९ व्या शतकातील कवि संतलाल कृत सिद्धचक्र विधानातील हा श्लोक आहे. ही रचना लयबद्ध आणि छंदबद्ध असल्यामुळे आपसूकच ती संगीतमयता धारण करून गायनाच्या प्रांतात प्रवेश करते. शिवाय या विधानाची पहिली ओळ दुसऱ्या ओळीशी संवादात्मक पद्धतीने बांधली असल्याचे लक्षात येते. परमश्रेष्ठ असलेल्या नवकार मंत्राचे मांगल्य संगीतरूपातून अलगदपणे प्रकट होत असल्याचे या विधानरचनेवरून लक्षात येते. विधानांचे संगीताशी असलेले नाते इतके एकजिनसी आहे की अनेक विधानांच्या काव्यामध्ये नाद, राग, ताल, वाद्य, या वाद्यांचे नाद यांसारख्या संगीत संकल्पनांचा उल्लेख आलेला दिसून येतो. जसे-

घननं घननं घनघंट बजे, दृमदृम दृमदृम मिरदंग सजे ।

गगनांगन-गर्भागता सुगता, तता तता अतता विता ।

धृगतां धृगतां गति बाजत है, सुरताल रसाल जु छाजत है ।

सननं सननं सननं नभ में, इकरूप अनेक जु धारी भ्रमें ।

कइ नारि सुबीन बजावत है, तुमरो जस उज्वल गावत है ।

करताल विषै करताल धरै, सुरताल विशाल जु नाद करे ।।

कविवर वृंदावनदासजी कृत या विधानामध्ये केवळ विविध संगीतवाद्याचेच नाही तर त्या वाद्यांच्या गुणधर्माचे नादासह वर्णन आले असल्याचे दिसून येते. ही विधानांची संगीताशी असलेली तादात्म्यता होय. याच कारणाने जैन पूजन-विधान संगीताशी संवाद साधणारे असतात.

जैन तत्वज्ञानामध्ये संगीत व गेयतेला विपुल प्रमाणात असलेले महत्व तत्वज्ञानाच्या प्रचार-प्रसारासाठी अनुकुलता दर्शविणारे आहे. दैनंदिन जीवनातील भक्ति, आराधना आणि पूजन-विधानांमध्ये संगीतमयता अंतर्भूत असल्याने काव्यरचनांमधील तत्वज्ञान, श्रावक-श्राविका

यांची मानसिक शांतता आणि संवादप्रिय वातावरणनिर्मिती या गोष्टी आपसूकच घडून येतात. या सर्वच गोष्टींमध्ये सुसंवादित्व अखंडपणे टिकवण्याचे काम संगीत करते. म्हणूनच जैन विधानांमध्ये सांगीतिक सादरीकरण महत्वपूर्ण ठरते. जैन विधानांच्या सादरीकरण प्रक्रियेत आढळणाऱ्या संवादाची रूपे खालीलप्रमाणे आहेत.

१) **श्रावक आणि त्यांची मानसिक स्थिती यामधील संवाद -** विधानांमध्ये श्रावक एकत्रितपणे संगीताच्या माध्यमातून अर्थपूर्ण श्लोकांचे सादरीकरण करीत असतात. संगीत ही अंतर्मुख करणारी कला असल्याने विधान गाताना श्रावकांची एकाग्रता साधली जाते. परंतु जोपर्यंत श्रावकांची मानसिक स्थिती किंवा त्यांच्या चित्ताची एकाग्रता असणार नाही तोपर्यंत या आराधनेत किंवा विधानांमध्येसुद्धा तादात्म्य दिसून येणार नाही. यासाठी श्रावक आणि त्यांच्या मनाची अवस्था यामध्ये सुसंवाद असणे गरजेचे आहे. असा संवादच विधानांच्या उच्चारणासाठी परिपोषक ठरतो. भावार्थाच्या खोलीत एकाग्रचित्त होऊन त्याचप्रमाणे अन्य विचार-विकल्प मनात येऊ न देता विहान रचनांमधील उच्चार आणि त्यातील भाव यांचा समन्वय किंवा मेळ संगीतामुळे अलगदपणे साधला जातो.

२) **ज्या ठिकाणी विधान सुरु असते त्या वातावरणाशी असलेला संवाद :-** विधान ही एक मंगल पूजनाची विधी आहे. त्यामुळे ते ज्या ठिकाणी सादर केले जाते तेथील वातावरण स्वच्छ, प्रसन्न, शांत आणि तितकेच मंगलदायी असणे आवश्यक असते. असे असेल तरच विधानांच्या रचनांमधील पावित्र्य आणि त्यात अंतर्भूत असलेल्या तीर्थंकर प्ररुपित तत्वज्ञानाचा संदेश शांततेने लोकांपर्यंत पोचण्यास मदत होईल. म्हणून ज्या ठिकाणी विधानांचे सादरीकरण करायचे असते त्या वातावरणाशी संवाद असणे महत्वपूर्ण ठरते.

तीर्थंकर प्ररुपित तत्वज्ञान हे मुळातच शांततापिय असल्याने त्याच्या सादरीकरणासाठी शांत आणि ध्यानमग्न वातावरणच अनुकूल ठरते. विधानांच्या रचना या देखील संस्कृत, हिंदी, मराठी इ. भाषांमध्ये सारांशरूपाने आलेल्या असल्याने त्या तितक्याच काळजीपूर्वक ऐकल्या गेल्या पाहिजे म्हणून विधानाच्या सादरीकरणासाठी वातावरणातील शांतता जपणे हे महत्वाचे असते. श्रावक आणि त्याच्या अवती-भवती असलेले वातावरण यामधील सुसंवाद विधानांची परिणामकारकता वाढवणारा असतो. विधानांच्या रचनेतसुद्धा शांतप्रियतेचे वर्णन आलेले दिसून येते. जसे-

संतप्त मानस शांत हो जिनके गुणों के गान में ।
वे वर्धमान महान जिन विचरे हमारे ध्यान में ।।[4]

३) **श्रावक आणि जैन तत्वज्ञान यातील संवाद -** जैन धर्मामध्ये श्रावक या संकल्पनेला अतिशय महत्वाचे स्थान आहे. जैन तत्वज्ञानाचे आदान-प्रदान श्रावकांद्वारेच समाजामध्ये केले जात असते. "जैनधर्मी गृहस्थ किंवा जैनमतानुयायी"[5] असे श्रावकाचे केलेले वर्णन अत्यंत सार्थ आहे. आपल्या आदर्शांची शिकवण आत्मसात करून त्या उपदेशाचे परिपालन श्रावक आपल्या वागण्यात करत असतो. जैन ज्ञानकोशामध्ये "गुरुपासून मिळालेला उपदेश श्रवण करणारा तो श्रावक"[6] असे वर्णन आढळते. या सर्व व्याख्यांवरून- जैन तीर्थकारांनी प्ररुपित केलेले अनमोल तत्वज्ञान धारण करण्यासाठी जो श्रम करतो तो श्रावक होय. म्हणजेच तत्वज्ञानाच्या साधनेने परिष्कृत झालेली व्यक्ती हीच श्रावक असते असे आपल्याला म्हणता येईल. विधानांच्या रचना या जैनदर्शन आणि तत्वज्ञानाने ओत-प्रोत असतात. कारण तीर्थंकरप्रणीत उपदेशाचे दर्शन त्यात असते. सांगीतिक रूपातून प्रकट झाल्याने हे तत्वज्ञान अधिकच सारांशाने आलेले असते. यामुळेच अशा रचनांना सादर करण्यासाठी या रचनांमधील भावार्थाचे धारणत्व सादरकर्त्या व्यक्तीमध्ये असणे गरजेचे असते. या गोष्टीची तंतोतंत पूर्तता श्रावक करतो. म्हणूनच विधानाच्या सादरीकरणासाठी व्यक्तीचे श्रावक असणेसुद्धा तितकेच महत्वपूर्ण ठरते. हाच जैन तत्वज्ञान आणि श्रावक यामधील संवाद असतो. या दोन्ही गोष्टी जितक्या परिपूर्ण असतील तितकी विधानांची प्रत्ययकारिता असेल. यामुळेच जैन तत्वज्ञान आणि श्रावकांमधील संवादाचे असणे गरजेचे आहे. कारण ती एक पारस्परीक अनुकुलता असते. या संदर्भात आचार्य बृहस्पति म्हणतात, "अनुकूलता, पारस्परीक प्रश्नोत्तर किंवा एक ठिकाणी असलेल्या विशेषतेचे अन्यत्र दर्शन"[7] म्हणजे संवाद असतो.

४) **संगीतवाद्य आणि श्रावक यातील संवाद -** रचनेचे सांगीतिक सादरीकरण करायचे झाल्यास त्यातील वाद्यांचे उपयोजन हा भाग महत्वाचा ठरतो. कारण गेय रचनेमध्ये लय, ताल आणि स्वर यांचा समावेश असतो. मुळात एखाद्या रचनेचे गेय असणे याचाच अर्थ ती रचना स्वरतालांनी युक्त असते. संगीत रत्नाकर या ग्रंथामध्ये संगीत या शब्दाची व्याख्या करताना 'गीतं वाद्यं तथा नृत्यं त्रयं संगीतमुच्यते' ।।[8] असे म्हटले आहे. या तीनही कला स्वतंत्र जरी असल्या तरी प्रत्यक्ष सादरीकरणात गायन-वादन हे एकमेकांसाठी पूरक ठरत असतात. विविध कलांचा अशा प्रकारे साधलेला हा एक उत्तम संवादच असतो. जैन विधानांचे सादरीकरण करतानासुद्धा विविध वाद्यांचे उपयोजन केले जात असते. विधानांचे सादरीकरण हे श्रावकच करीत असल्याने त्यांच्याकडे उपलब्ध असणाऱ्या वाद्यांचा समावेश या सादरीकरणात होत असतो. संवादिनी, तबला, ढोलक, मंजिरी, टाळ इ. वाद्यांचा यात समावेश असतो.

पंचकल्याणक महोत्सवांमध्ये तर विशेष संगीतकार आणि विधानाचार्य यांना विधान पार पाडण्यासाठी आमंत्रित केले जाते. हजारोंच्या संख्येने श्रावकांची अशा कार्यक्रमांमध्ये उपस्थिती असते. सिंथेसायझर, ॲक्टोपॅड यासारख्या आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक वाद्यांचादेखील उपयोग पंचकल्याणक महोत्सवांमध्ये अलीकडे केला जात आहे. कार्यक्रम किती मोठा आहे यावरून विधानाच्या सादरीकरणामध्ये किती आणि कोणती वाद्य वापरायची याचे नियोजन केले जाते. असे जरी असले तरी या सर्व वाद्यांमध्ये आणि श्रावकाच्या सादरीकरणामध्ये असणारा संवाद महत्वपूर्ण ठरतो. यासाठी श्रावकांच्या आवाज-धर्मानुसार वाद्य स्वरांमध्ये लावली जातात. विधानांमधील तत्वार्थाप्रमाणे आवाज कमी-जास्त प्रमाणात ठेवत सर्व वाद्यांचा सुयोग्य मेळ साधला जातो. यामुळे विधानाच्या रचनेमध्ये असलेले तत्वज्ञान सहजतेने आणि सुस्पष्टतेने समजायला मदत होते. हा संगीतवाद्य आणि श्रावक यांच्यातील असलेला संवाद होय. आवश्यक त्या ठिकाणी असलेला कोरससुद्धा विधानांच्या सादरीकरणाची भव्यता वाढवण्यासाठी पूरक ठरतो. ज्याप्रमाणे संवादिनी या वाद्यामध्ये असलेल्या शुद्ध, कोमल आणि तीव्र स्वरांच्या पट्ट्या अनेक असल्या तरी कौशल्यपूर्ण वादनामुळे श्रोत्यांना सुमधूरतेचाच आस्वाद मिळतो त्याचप्रमाणे अनेक श्रावकांचे एकत्र येणे आणि साथसंगतीला असलेली अनेक वाद्ये यांच्यामधील परस्परपूरकतेमुळे मंगलमयी ध्वनिचीच निर्मिती होते. असा मंगल ध्वनी सर्वांसाठीच पोषक असतो. कारण तो उत्तम संवादाचा परिणाम असतो.

५) **श्रावक-श्राविका मधील अंतर्गत संवाद-** जैन विधानांचे गायन होत असताना श्रावक-श्राविका म्हणजेच स्त्रीया आणि पुरुष एकत्रितपणे या पूजा-विधीमध्ये सहभागी असतात. यात लहान मुलांचादेखील समावेश असतो. त्यामुळे त्यांच्यामध्ये संवादाचे असणे अत्यंत महत्वाचे ठरते. ही सामुहिक विधा असली तरी त्यात गायनाचा अंतर्भाव असल्यामुळे स्त्री आणि पुरुष यांच्या स्वरपट्ट्यांचा विचारदेखील महत्वाचा ठरतो. अर्थातच श्रावक-श्राविकांना या तांत्रिक बाबींची जाणीव असतेच असे नाही. परंतु समूह नियमांचे पालन मात्र त्यांच्याकडून व्यवस्थितपणे केल्याचे लक्षात येते.

श्लोकांमधील ओळी ह्या उंच सुरातील म्हणजेच तार सप्तकातील असतात तेव्हा श्रावकांकडून (पुरुष) त्याचे गायन केले जाते. त्याचबरोबर मंद्र किंवा मध्य सप्तकातील ओळींचे गायन श्राविकांकडून (स्त्रिया) केले जाते. हे श्रावक-श्राविकांकडून पाळल्या जाणारे उत्तम संगीतसंवादाचे लक्षण आहे. भारतीय संगीतामध्ये 'सा रे ग' आणि 'प ध नी' या स्वरांच्या मध्ये मध्यम हा स्वर आहे. हा स्वर स्त्री आणि पुरुष यांच्या बरोबर मधला स्वर मानला जातो. मध्यमाच्या आधी पुरुषांची स्वर पट्टी असते आणि मध्यामानंतर स्त्रियांची स्वर पट्टी असते. या संदर्भात स्पष्टीकरण देताना संगीत आचार्य राम अवतार वीर यांनी म्हटले आहे, "The note 'Ma' is based on the sound of female."[9] याप्रमाणे जैन विधानांच्या गायनामध्ये श्रावक-श्राविकांनी केलेले स्वरनिहाय अनुपालन शास्त्राधारित वाटते.

'जैन विधानांमधील संगीतसंवाद' या शोधनिबंधाच्या अंगाने अभ्यास केला असता संगीतामध्ये अतिशय महत्वाच्या मानल्या गेलेल्या संवाद या संकल्पनेची जवळून प्रचीती घेता आली. पूजन-विधानांच्या रचनांमध्ये अंतर्निहित असलेले तीर्थंकर प्ररुपित तत्वज्ञान संगीताच्या माध्यमातून कसे उकलले जाते आणि या प्रक्रियेमध्ये संवाद कसा महत्वाचा ठरतो ही महत्वपूर्ण प्रक्रिया या शोधनिबंधाच्या निमित्ताने पुनःप्रत्ययास आली. भगवान महावीर आणि सर्वच तीर्थंकरांनी त्यांच्या आयुष्यात अहर्निश केलेली साधना आणि त्या साधनेतून मनुष्याच्या कल्याणासाठी निर्माण झालेले अनमोल तत्वज्ञान वर्तमान काळातील सर्वसामान्य जनतेपर्यंत पोचवण्यासाठी संगीतासारख्या माध्यमाचा उपयोग होणे हे सुद्धा विशेष अशा संवादाचे लक्षण आहे. प्रस्तुत शोधनिबंधातून निदर्शनास आलेले महत्वाचे निष्कर्ष खालीलप्रमाणे आहेत.

निष्कर्ष-

१. विधानांच्या रचना या गेय असून त्या विशिष्ट छंदांमध्ये निबद्ध आहेत.
२. विधानांच्या रचना संगीतानुकुल असून त्या विविध शैलीच्या संगीताशी संवाद साधणाऱ्या आहेत.
३. जैन विधान रचना तीर्थंकर प्ररुपित तत्वज्ञानाचा उद्घोष करणाऱ्या आहेत.
४. जैन विधानांमध्ये तीर्थंकर प्ररुपित तत्वज्ञान आणि संगीतप्रवणतेचा सुंदर संवाद आढळतो.
५. जैन विधानांच्या सांगीतिक रचनांमध्ये समूहाला धारण करण्याची क्षमता आहे. त्यामुळे समूहसंगीत आणि कल्याणकारी तत्वज्ञान यांचा सुसंवाद यात आढळतो.

संदर्भ -

1. जोशी, प्रल्हाद नरहर. (१९८२). *आदर्श मराठी शब्दकोश.* पुणे: विदर्भ मराठवाडा बुक कंपनी. पृष्ठ क्र. १२
2 पंडित, संतलाल. (1984). *श्री सिद्धचक्र विधान.* जयपूर: अखिल भारतीय जैन युवा फैडरेशन. पृष्ठ क्र. १७
3 जैन, अखिल 'बंसल'. (२०१६). *जिनेन्द्र अर्चना.* जयपूर: पंडित टोडरमल स्मारक ट्रस्ट.पृष्ठ क्र. १७२

4 उ.नि. (३) पृष्ठ क्र. १७३

5 उ.नि. (१) पृष्ठ क्र. १२३०

6 अज्ञात, (वि.सं. २५०९). *जैन ज्ञानकोश भाग-४*. औरंगाबाद: मोतीलाल हिराचंद गांधी. पृष्ठ.क्र. २७६

7 बृहस्पति, आचार्य (२००९). *आचार्य पार्श्वदेव कृत संगीत समयसार*. नवी दिल्ली: भारतीय ज्ञानपीठ. पृष्ठ क्र.३०

8 वसंत,(२०१५). *संगीत विशारद*. हाथरस :संगीत कार्यालय. पृष्ठ क्र. ३३

9 Veer, Ram Avatar. (1986). *The Music of India Vol.I.* New Delhi :Pankaj Publications. Page No. 98

****

ISSN : 2277- 4262
SJIF : 8.244
INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY E-JOURNAL
An International Peer Reviewed, Refereed Journal

हिन्दी फिल्म संगीत में अन्य भारतीय सांगीतिक शैलियों का अंतर्संवाद

- डॉ. सिद्धी भटनागर
वनस्थली विध्यापीठ
टोंक, राजस्थान

शोध सारांश- *वैसे तो विश्व में अनेक प्रकार का संगीत विद्यमान् है किंतु यदि हम बात करें भारतीय संगीत की तो वह अपने में कुछ विशिष्ट विशेषताएँ संजोए हुए है जो समय, स्थिति, भाषा, परिवेश, जलवायु एवं और भी बहुत विशेषताओं के अनुरूप उपलब्ध होता है। भारत में मुख्य तौर पर लोक संगीत, सुगम संगीत एवं शास्त्रीय संगीत- यह तीन प्रकार की विधाएँ मुख्य रूप से दिखाई देती है। आधुनिक समय में संगीत की तीनों विशिष्ट धाराओं को अपने में वैशिष्ट्य पूर्ण ढंग से समाहित करने वाला, विभिन्न विधाओं से युक्त संगीत "चित्रपट संगीत अथवा फ़िल्मी संगीत" कहा जाता है।*

मुख्य बिंदु- *फिल्म संगीत, सुगम संगीत, शास्त्रीय संगीत, सांगीतिक विधा।*

भारत एक विशाल राष्ट्र है जिसके अंतर्गत 28 राज्य हैं। इन राज्यों में विभिन्न जाति, धर्म, संप्रदाय, वेशभूषा, भाषा, संस्कार एवं परंपराओं के लोग निवास करते हैं अर्थात प्रत्येक राज्य उपरोक्त विशेषताओं के कारण एक दूसरे राज्य से भिन्न है। प्रत्येक राज्य की परंपराएं गीत, संगीत, भाषा, पर्व, त्योहार, संस्कृति एवं मान्यताएं परस्पर एक दूसरे से भिन्न है। इन विभिन्नताओं के साथ बात करें फिल्मों की तो उसमें देश, काल, वातावरण, पृष्ठभूमि, परिस्थिति, पात्र, भाषा आदि में विभिन्नताओं के साथ प्रत्येक राज्य का चित्रांकन होता है। शायद ही फिल्म जगत के इतिहास में ऐसा हुआ हो कि किसी राज्य की पृष्ठभूमि फिल्मों से अछूती रह गई हो। फिर चाहे बात राजस्थान की पृष्ठभूमि की हो या फिर बिहार या झारखंड की और फिल्म की कहानी एवं पृष्ठभूमि के अनुरूप ही उसमें गीतों का समावेश किया जाता है। समाजवादी चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया के अनुसार- भारत को दो ही चीजें एकजुट रख सकती हैं- पहला गांधी और दूसरा फिल्म।[1]

इसका अर्थ है कि भारत में विभिन्नता में एकता को बनाए रखने के लिए सिनेमा अथवा फिल्मों का प्रभाव भारतीय दर्शकों पर स्वाभाविक रूप से देखा जा सकता है। इसके पीछे कई कारण है- पहला तो यह कि फिल्म में सभी कलाओं का समावेश रहता है जैसे- चित्रकला, काव्य कला, नाट्य कला, संगीत (गायन वादन नृत्य), अभिनय लेखन (कथा साहित्य) इत्यादि। यह सभी कलाएं स्वतंत्र रूप से मानव मन को आनंदित एवं मंत्रमुग्ध करने की क्षमता रखती हैं और फिर जब यह सभी कलाएं परस्पर एक साथ आपस में समायोजन के साथ दर्शकों एवं श्रोताओं के समक्ष प्रस्तुत की जाती है तो सामान्य श्रोता उससे क्यों नहीं अभीभूत होंगे। दूसरा कारण यह है जैसा कि पूर्व में कहा गया कि फिल्म संगीत ही एकमात्र ऐसा माध्यम है जिसमें भारत में व्याप्त सभी विविधताओं को एक मंच के माध्यम से प्रस्तुत/ व्यक्त करने की क्षमता/ सामर्थ्य है और तीसरा एवं मुख्य कारण यह भी है कि यही एक सबसे सरल सहज एवं सुगमता से प्राप्त हो पाने वाला माध्यम है केवल इसी के माध्यम से पूरे भारत के सभी राज्यों एवं सभी लोगों तक एक साथ एक ही फिल्म को देखा एवं संगीत को सुना जा सकता है।

फिल्मों में 138 करोड़ जनता को विभिन्न जाति, संप्रदाय, भाषा होते हुए भी एक सूत्र में बांध कर रख पाने वाली अनूठी क्षमता है। प्रत्येक फिल्म का अपना उद्देश्य होता है, एक सामाजिक लक्ष्य होता है और फिल्म संगीत भी उस लक्ष्य की पूर्ति में और उसकी पृष्ठभूमि और संवादों की प्रभावक्ता की वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

फिल्मों में दो प्रकार से संगीत का प्रयोग होता है पहला- गीतों के माध्यम से और दूसरा- संवादों एवं दृश्यों की प्रभावात्मकता बढ़ाने हेतु पार्श्व संगीत के माध्यम से। इसमें संगीत के प्रयोग का जो पहला प्रकार है अर्थात जो फिल्मों में प्रयुक्त गीत हैं वह तो दृश्य और कहानी के अनुरूप प्रभावशाली होते ही हैं और फिल्म के अतिरिक्त भी श्रोताओं द्वारा सुने जाते हैं और दूसरा प्रयोग, जो दृश्य एवं संवादों के अनुरूप उनके पीछे चलता है वह संगीत; संवादों एवं तत्कालीन परिस्थिति को दर्शाने में इतनी अहम भूमिका निभाता है कि कई बार तो बिना शब्दों के ही उस दृश्य और संगीत को सुनकर दर्शकों को भावों और मन:स्थिति का पता लग जाता है। जहां शब्द नहीं होते, संवाद नहीं होते, जहां शब्दों द्वारा भावों की अभिव्यक्ति में असमर्थता होती है उस स्थिति के संदर्भ में भरत नाट्य शास्त्र में लिखते हैं-

यानि वाक्यैस्तु न बुयात्तानि गीतै सदाहरेत।
गीतैरेव हि वाक्यार्थै: रसपाको बलाश्रय: ॥[2]

अर्थात जिन्हें बातों द्वारा व्यक्त न किया जा सके, उन्हें गीत के द्वारा अभिव्यक्त या प्रस्तुत किया जाना चाहिए। क्योंकि गीतों के गाए जाने से वाक्य, अर्थ अथवा रचना\बंदिश में रस एवं परिपक्वता आ जाती है। नाट्यशास्त्र में भरत द्वारा कथित इस कथन से पता चलता है कि नाट्य की सरसता बनाये रखने के लिये संगीत कितना ज़रूरी है-

यथा वर्णाद्रते चित्रं शोभते न निवेशनम।
एवमेव विना गानं नाटयं रागं न गच्छति॥[3]

अर्थात- जिस प्रकार कोई भवन उचित प्रकार से निर्मित होने पर भी चित्रकारी के बिना शोभा नहीं पाता, उसी प्रकार कोई नाट्य-प्रयोग भी बिना गीतों के शोभा नहीं पा सकता अथवा जिस प्रकार कोई चित्र बिना रंगों के शोभा नहीं पाता उसी प्रकार नाट्य/अभिनय भी बिना गीत- संगीत के शोभा नहीं पाता।

फिल्मों में संगीत के महत्व को इस उदाहरण से समझाया या व्यक्त किया जा सकता है जैसे सीप बिना मोती के एवं नेत्र बिना ज्योति के चाहे कितने भी सौंदर्यशाली क्यों ना हों शोभा नहीं पाते, उसी प्रकार फिल्म की कहानी का सार अथवा निचोड़ उसका संगीत ही होता है। फिल्म की पृष्ठभूमि, भाषा, स्थिति, परिवेश, काव्य कथन, संवाद उसके संगीत से ही समझ आ जाते हैं। फिल्मों में संगीत, फिल्म के उद्देश्य एवं लक्ष्य को सीधे दर्शकों एवं श्रोताओं के हृदय से जोड़ने का अहम कार्य करता है।

अब संगीत हिन्दी फिल्मों में वही स्थान रखता है जो शरीर में आत्मा। फिल्मों में उच्च श्रेणी के संगीत निर्देशकों में मुख्य स्थान रखने वाले सुप्रसिद्ध संगीतज्ञ सी.रामचंद्र का कथन है- ''जिस प्रकार शरीर और आत्मा इन दोनों को मिलाकर मानव पूर्ण होता है, ठीक उसी प्रकार सुगम तथा शास्त्रीय संगीत को मिलाकर संगीत का रूप पूर्ण होता है। सुगम संगीत में जनजीवन की अभिव्यक्ति मिलती है और जनजीवन का उठान स्पष्ट झलकता है, वहीं शास्त्रीय संगीत, सुगम संगीत की आत्मा है। हम दोनों को एक दूसरे से पृथक नहीं कर सकते। दोनों के मिलन पर ही संगीत का प्रगटीकरण होता है।''[4] और दोनों ही प्रकार के संगीत को फिल्म संगीत ही परस्पर जोडने की सामर्थ्य रखता है।

इसी संदर्भ में फिल्म संगीत में अपनी एक विशिष्ट शैली रखने वाले उच्च कोटि के संगीत- निर्देशक एस.डी.बर्मन ने कुछ इस प्रकार कहा है- ''विदेशों में भी भारतीय संगीत चित्रपटों के द्वारा ही पहुंचता है। युवाओं को संगीत की ओर झुकाने में चित्रपटों का विशेष योगदान रहा है। वास्तव में चित्रपट इस दिशा में महान क्रियात्मक कार्य कर सकते हैं बशर्ते कि चित्रपट निर्मातागण भारतीय संगीत के यथार्थ स्तर की उच्चता का ध्यान रखें। उन्हें अपने दिमाग से इस बात को निकाल देना चाहिये कि शास्त्रीय संगीत को आम जनता पसंद नहीं करेगी, यह बात नहीं। आज तो आम जनता विशुद्ध शास्त्रीय संगीत को ही चाहती है।''[5] और यह बात तर्क संगत भी प्रतीत होती है, और मेरा मानना है कि हम सभी इस बात से कहीं ना कहीं एकमत होंगें कि स्मृति पटल/मानव मस्तिष्क पर सदैव के लिए छा जाने वाले फिल्म संगीत की चर्चा करें तो ज्ञात होता है कि शास्त्रीय संगीत का आधार लेकर बनाए गए गीत सदैव दीर्घायु को प्राप्त होते हैं। इस बात को और प्रमाणिकता देने हेतू यहां कुछ उदाहरण भी प्रस्तुत करना चाहुंगी और उदाहरणस्वरूप दिए गये उन गीतों में मुख्य रूप से आधुनिक गीतों को सम्मिलित करना चाहुंगी क्योंकि यह समझना भी आवश्यक है जैसा कि एस.डी.बर्मन ने भी अपने शब्दों में कहा कि 'ऐसा बिल्कुल नहीं है कि आज की युवा पीढी शास्त्रीय संगीत पर आधारित गीत- संगीत पसंद नहीं करती।'

क्र.सं.	गीत	फिल्म	वर्ष	राग
1.	अब तोहे जाने ना दूंगी	बाजीराव मस्तानी	2015	पहाडी + देसकार
2.	आयो रे सखी	Water	2005	काफी+ चम्पाकली+ पीलू
3.	ऐसा लगता है	Refugee	2000	बिलावल+ खमाज
4.	अली मौला	क़ुरबान	2009	चारुकेशी
5.	बापू सेहत के लिये	दंगल	2016	काफी
6.	ऐ हैरते आशिक़ी	गुरु	2007	पहाडी+ खमाज+ यमन

7.	बनारसिया	रांझना	2013	खमाज+ पहाडी

शास्त्रीय संगीत पर आधारित फिल्मी गीतों के अतिरिक्त यह जानना भी अति आवश्यक है कि किस प्रकार हिन्दी फिल्म संगीत अपने अंदर सभी भारतीय सांगीतिक शैलियों को समेटे हुए है। फिल्मों में देश, काल, कहानी, वातावरण, पात्र, भाषा, परिवेश, रहन- सहन के अनुरूप संगीत का सृजन करना पडता है इसलिए उसके संगीत निर्देशक को संगीत का वृहद ज्ञान होना अनिवार्य एवं अपेक्षित होता है। जिस प्रकार संगीत निर्देशक को प्रत्येक प्रांत एवं भाषा की संगीत एवं लोक धुनों से परिचित होना आवश्यक है वहीं गायन की अन्य विधाओं जैसे शास्त्रीय, उपशास्त्रीय, सुगम संगीत जैसे उदाहरणस्वरूप ग़ज़ल, भजन, ठुमरी, ख़्याल, क़व्वाली का भी विधिवत ज्ञान होना आवश्यक है। गायन की सभी विधाओं से भली-भांति परिचित होने के अभाव में वह संगीत के साथ न्याय नहीं कर पाता। यदि उसकी सभी विधाओं पर अपेक्षित पकड ना हो तो फिल्म में संगीत की दृष्टि से परिपक्वता का अभाव रहता है और इससे फिल्मों की प्रभावोत्पादकता में भी कमी आती है और संगीत के सुधी श्रोताओं को भी संगीत से तृप्ति नहीं हो पाती।

कहीं-कहीं फिल्मों में जहां संवाद एवं अभिनय कारगर नहीं हो पाता या पर्याप्त प्रभाव डालने में समर्थ नहीं हो पाता तब संगीत ही उस अभाव अथवा रिक्तता की पूर्ति कर उस दृश्य में प्राण फूंकने की क्षमता रखता है। जब तक फिल्म में भावानुरूप गीतों का समावेश नहीं होता तब तक वह फिल्म भावों और अभिनय को पुष्टता एवं परिपक्वता प्रदान करते हुए पूर्णता को प्राप्त नहीं कर पाती। किंतु हमारे हिंदी सिनेमा के विषय में यह बात उल्लेखनीय है कि हमारा यह सौभाग्य है कि हिंदी फिल्म के इतिहास से लेकर अब तक संगीत निर्देशन के क्षेत्र में शास्त्रीय संगीत के गुणी एवं जानकार कलाकार अपनी कला एवं कला की विविधता के जौहर दिखाते आए हैं। संगीत की विविध विधाओं पर समान अधिकार रखने वाले यह गुणी कलाकार अपनी बहुमुखी कला का परिचय देते हुए फिल्मों को प्रत्येक प्रकार का संगीत देकर अपनी सुलझी हुई सोच, कला की परिपक्वता एवं सूझबूझ से संगीत को अपना चिरस्थायी एवं सराहनीय सहयोग देते आए हैं और निरंतर दे रहे हैं।

हिन्दी फिल्म जगत के कुशल संगीतकारों ने शास्त्रीय संगीत को आधार बनाते हुए संगीत की विभिन्न विधाओं का प्रयोग इतनी सूझबूझ एवं सुंदरता के साथ किया एवं कर रहे हैं कि शास्त्रीय संगीत एवं उपशास्त्रीय के दिग्गज कलाकार एवं गायक वादक भी उनकी कार्यकुशलता की प्रशंसा करने पर विवश हो जाते हैं। फिल्म के संगीत निर्देशक को जब कभी शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय संगीतज्ञ की आवश्यकता पडती है तो वे निसंकोच उनसे सहयोग का प्रस्ताव रखते हैं और शास्त्रीय कलाकार भी फिल्म संगीत के वृहद मंच के माध्यम से अपनी कला को प्रस्तुत करने में स्वयं को गौरवान्वित अनुभव करते हैं। फिल्मों के गायक, वादक, नर्तक एवं निर्देशक के रूप में शास्त्रीय संगीतज्ञों द्वारा मिला योगदान फिल्मों के इतिहास में सदैव सराहनीय एवं प्रशंसनीय रहा है।

फिल्मों में प्रयोग की जाने वाली शास्त्रीय एवं सुगम संगीत की वह विधाएं जिनका प्रयोग फिल्मों में रागों को आधार मानते हुए किया गया है उनमें से कुछ चुनिंदा गीत विधाओं के प्रमुख उदाहरण यहां प्रस्तुत हैं-

क्रम सं.	**फिल्म**	**शैली**	**राग**	**गीत के बोल**	**वर्ष**
1	हर हर ब्योम्केश	भजन	भैरवी	चैन कहाँ प्रभु बिना	2015
2	लगान	भजन	खमाज+ चारुकेशी	ओ पालनहारे	2001
3	गदर	ठुमरी	खमाज	आन मिलो सजना	2001
4	उमराव जान	गज़ल	पहाडी	झूठे इल्ज़ाम	2006
5	हम दिल दे चुके सनम	ख़्याल	अहीर भैरव	अलबेला सजन	1999
6	लगान	देशभक्ति	जोग+ गावति	बार- बार हां बोलो	2001
7	जोधा अक़बर	भजन	गुर्जरी तोडी+ भैरवी+ चारुकेशी+ भैरव	मनमोहना	2008
8	वीर	ठुमरी	तिलक कामोद	कान्हा	2010
9	सरफरोश	क़व्वाली	गावति+ जोग	ज़िंदगी मौत ना बन जाये	1999
10	गंगाजल	लोकगीत	खमाज+ पहाडी	चांदी के रुपैया	2003
11	खोया- खोया चांद	दादरा\ ठुमरी	पीलू+ गारा+ खमाज	चले आओ सैंया	2007

12	सरदारी बेग़म	दादरा\ ठुमरी	भैरवी	चली पी के नगर	1996
13	संगीत	भजन	भैरवी	चली आइयो राधे	1992
14	चक्रव्यूह	ठुमरी	खमाज/ पहाडी	आइयो पिया जी	2012
15	हम दिल दे चुके सनम	ख़्याल	अहीर भैरव	अलबेला सजन	1999
16	बाज़ी राव मस्तानी	ख़्याल	भूपाली+ देसकार	अलबेला सजन	2015
17	तथास्तु	क़व्वाली	चारुकेशी+ नटभैरव	अली अली अल्लाह हो अली	2006
18	जीना सिर्फ मेरे लिए	क़व्वाली	दरबारी कान्हड़ा	अल्लाह अल्लाह	2002
19	ये दिल आशिक़ाना	क़व्वाली	गावति+ झिंझोटी	अल्लाह अल्लाह तारीफ तेरी	2002
20	फुक़रे	लोकगीत	काफी	अम्बर सरिया	2013
21	दिल्ली-6	ख़्याल	गुर्जरी तोडी	भोर भई	2009
22	दिल्ली-6	लोकगीत		ससुराल गेंदा फूल	2009
23	ताज़महल	ग़ज़ल	मियां मल्हार	अपनी ज़ुल्फे मेरी शानों पे	2005
24	In custody	ग़ज़ल	छायानट+ बिहाग	ऐ ज़ज़्बा ऐ इश्क़	1993
25	तनु वेड्स मनु	सूफी	पहाडी	ऐ रंगरेज़	2011
26	दिल्ली-6	सूफी	खमाज+ पहाडी+ यमन	अर्ज़िया सारी	2009
27	राज़ी	देशभक्ति	पहाडी	ऐ वतन	2018
28	रोज़ा	देशभक्ति	पहाडी+ नट भैरव	भारत हमको जान से प्यारा है	1993
29	बजरंगी भाईजान	क़व्वाली	पहाडी+ खमाज	भर दो झोली	2015
30	हज़ारों ख़्वाहिशें ऐसी भी	ठुमरी	मारु बिहाग+ पहाड़ी	भोर भई ना आये पिया	2005

फिल्मों में शास्त्रीय संगीत पर आधारित गीतों का महत्वपूर्ण स्थान है। शास्त्रीय संगीत के अनभिज्ञ श्रोताओं में भी शास्त्रीय संगीत पर आधारित गीतों के प्रति अनायास ही रुचि देखी जा सकती है। फिल्मों के माध्यम से अपनी शास्त्रीय संगीत रूपी महान परंपरा एवं धरोहर की सांस्कृतिक धारा का निरंतर प्रवाहित होते रहना आवश्यक ही नहीं अपितु अनिवार्य है ताकि आगामी पीढ़ी अपनी संस्कृति के निर्मल प्रवाह को निरंतर बनाए रख सकें।

प्राचीन काल से लेकर आधुनिक वर्तमान समय तक आते-आते शास्त्रीय संगीत एवं इसकी अन्य शैलियों में कुछ परिवर्तन आते रहे हैं और समय के साथ होने वाले परिवर्तन स्वाभाविक भी हैं। शास्त्रीय संगीत को साधारण जनता के लिए सरल, सहज एवं सुगम बनाने हेतु सरलीकरण का मार्ग अपनाना भी उस परिवर्तन का ही एक अंश है। ग़ज़ल, भजन, ठुमरी, सूफी, क़व्वाली, ख़्याल तथा अन्य गायकियों के द्वारा सर्वसाधारण श्रोताओं के सम्मुख समयानुरूप शास्त्रीय संगीत का प्रयोग किस प्रकार किया जाता है, समय एवं परिस्थिति के अनुरूप विशुद्ध रूप में शास्त्रीय संगीत को आधार मानकर संगीत निर्देशक किस प्रकार अपने निर्देशन में इसका प्रयोग करते रहे हैं एवं कर रहे हैं यह अपने आप में एक विस्तृत विषय है।

संदर्भ ग्रंथ सूची -

1. बिहारी,विनीता. (2018). *भारतीय सिनेमा की विकास यात्रा.* नई दिल्ली: कनिष्क पब्लिशिंग हाउस. पृ.सं.541
2. परांजपे, शरच्चंद्र श्रीधर. (1969). *भारतीय संगीत का इतिहास.* वाराणसी: चौखम्बा विद्याभवन.पृ.सं.284
3. शास्त्री,बाबूलाल शुक्ल. (1985). *नाट्यशास्त्रम.* वाराणसी : चौखम्बा संस्कृत संस्थान.पृ.सं.317
4. जोशी, उमेश. (1957). *भारतीय संगीत का इतिहास.* फिरोज़ाबाद :मानसरोवर प्रकाशन महल.पृ.सं.445
5. वही,पृ.सं.446

ISSN : 2277- 4262
SJIF : 8.244
INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY E-JOURNAL
An International Peer Reviewed, Refereed Journal

CONSONANCE BETWEEN LYRICS AND MUSICAL NOTES IN HINDUSTANI VOCAL MUSIC: FROM THE PERSPECTIVES OF COMPOSITION AND IMPROVISATION

-**Dr. Swapnil C. Chaphekar**
Assistant Professor
Chinmaya Vishwavidyapeeth
Pune
- **Prof..Kunal Ingle**
Department of Music
University Of Mumbai
Mumbai

Abstract- *The relationship between vocal music and words is inseparable. Every vocal music composition consists of two inevitable elements – lyrics and notes. The composition is considered to be the best only if the music and the words are mixed together like 'Dugdhasharkara Yoga' (how sugar and milk mix well together) in all the types of songs sung in all the musical styles. Naturally, music and words become the main integral parts of such compositions. Therefore, such compositions convey a two-fold beauty, a poetic beauty as well as a musical beauty. The connoisseurs may not know how the two different arts – literature and music – are clubbed together to create such excellent compositions, but the musicians must know the process, which can help in composing as well as improvising. This research paper dives deep into creative process of Hindustani vocal music compositions from the literary as well as musical angle. The research paper studies composer's as well as impromptu vocalist's perspectives upon the consonance between the lyrics and musical notes.*

The research paper also seeks to explore how the lyrics and music influence each other. Understanding their dialogue will guide new composers and vocalists, satisfy the curiosity of the audience, and may help to explore new possibilities of this consonance.

Keywords- *Hindustani Music, Bandish or Cheez, Vaggeyakar, Khayal, Raga.*

Analysis- The consonance between the lyrics and music can be analysed at two levels. Firstly, it should be analysed that what a composer thinks when he composes the Bandish. Secondly, the perspective of a vocalist should be analysed when he is improvising the Bandish.

A. A compositional aspect

When a classical vocalist performs, he focuses mostly on the Raga aspect. He is there to explore the Raga; its various facets, beauty arenas and create the mood or Rasa which can be felt by the audience too. In this journey of the exploration, he takes help of a Bandish. Bandish gives compound to his musical thoughts and helps to convey the Rasa. The Bandish is a medium to explore the Raga. But it is not the only medium. The Raga can be explored in Nom-Tom Aalaps which are done before the Bandish even begins. The Agra Gharana exponents cover the entire Raga in such Anibaddha Aalaps. It means that the Raga is not dependent solely on the Bandish for the development. In such case, the relationship between the literature of the Bandish and the Rasa of the Raga must be examined carefully.

The creative process of Bandish compositions gives insight into how it is as it is. Many Vaggeyakars state that they come up with a unique tune or phrase of a Raga which they want to hold upon. This aspect or tune of that Raga may not have been used as a Mukhada for any of the previous compositions. Then they write suitable lyrics for the tune and the Bandish gets completed. This process underlines that the tune or the melody takes birth first. It also indicates that in classical music, the notes or the phrases are of prime-most importance and the lyrics is a supporting element.

The question one must ask now is what happens when the Vaggeyakar writes the lyrics for the tune? What drives him? What is his thought process when he weaves a poetry around that particular tune? Why does he choose only that particular subject for the poetry and not anything else? What is his definition of 'suitable' lyrics? These questions help to dive deep into the art of composing lyrics. After a careful study, meeting various Vaggeyakars and by self-experience of being a Vaggeyakar, the author has come up with some interesting insights about this entire process.

The unique musical phrase he has come up with is a product of his Raga exploration process and at the same time his vision due to being a composer. Otherwise, many good vocalists perform such unique phrases in their performances, but they do not feel like holding on some beautiful phrases to create Bandishes. Now when he needs lyrics, he naturally explores first what the Raga wants to say; what is being expressed by the Raga. If he is composing during his practice or while contemplating on that Raga, naturally the mood of the Raga takes over him and the words flow which convey the same mood as that of the Raga. 'Kin Bairan Kaan Bhare', a Bandish in Raga Darbari Kanada is an excellent example of such composition. It perfectly portrays the despair of the heroine, which is one of the facets of this Raga. Such consonance is seen in many Bandishes. The consonance between the Rasa of the Raga and the lyrics is so natural that such compositions hit the hearts of the audience and become popular at once.

In some cases, the lyrics or the situation for the poetry comes first. Once, a great composer's wife was angry with him. He wanted to persuade her gently. Some poetic lines occurred in his mind. He then found a suitable Raga, composed the Bandish, and presented it to his wife, who was naturally pleased by this gesture; and gave up all her anger. This is the story behind the composition 'Maan Jaa More Piyaa' in Darbari Kanada and the great composer was none other than Pandit Jasraj. In such cases, the words, and the feelings behind them drive the composition. The composer then thinks of a suitable Raga to bind them. This time too, the relationship between the Rasa and the lyrics is important and a correct combination can help to create a best possible Bandish.

B. An improvisational aspect

A Bandish comes to a vocalist in an aural tradition, where the Guru gives proper training – called as Taaleem – to the disciple regarding the nuances of the composition. At the same time, the Guru also teaches how the Bandish can be improvised in a best possible way. The system he also has received from his Guru, and he might have added some aspects out of his own contemplation and experience. The disciples then do the practice on the Bandish, keeping all the training in mind and try to maintain what the Guru insisted upon. Thus, the improvisation of a Bandish also has some elements which are passed on to generation by generations. It must be checked that where it originates. Certainly, it originates with the Vaggeyakar, who is also a composer and first performer of the Bandish. He knows the nuances of the Bandish better than anyone and decides what treatment suits it best. Others learn from him or follow him; keeping in mind what he intended. In this entire process, it can be said that the thoughts of the original composers are followed in the tradition - knowingly or unknowingly.

This analysis again draws attention to the lyrical aspect of the Bandish. The Vaggeyakar knows the feel of the Raga and accordingly he has chosen the lyrics. He tries to maintain what the poetry says, and Raga helps to keep it so. This shows that the relationship between the lyrical content and melodic content is unbreakable.

One might ask then, why do have Bandishes of different topics, sometimes exactly opposite Rasas, in a same Raga? Raga Bihag has a popular Bandish 'Lat Ulajhi Sulajha Jaa Baalam' which indicates romance. At the same time, the same Raga has a Bandish of separation 'Mandir Deep Dhare Birahana'. Bihag has many Bandishes which have various shades in their lyrical content. The analyser must dive deep into the lyrical content to find its true meaning. Many times, a poetry consists of some metaphors to indicate something subtle and divine. If 'Lat Ulajhi' is Shrangara Rasa, then 'Mandir Deep Dhare' is also Vipralambh Shringara – a romance in separation. One can go even one step ahead to seek the true divine meaning in it. It is not a mere Shringara between two lovers; it is a divine love; a Bhakti between Jeeva and Shiva or Devotee and God. The praise of kings or Ashtanayikas are mediums to praise God. Hindustani vocal compositions use various such themes, but if contemplated on them deeply, one can figure out the true meaning. This is the beauty of a poetry. It gives the divine touch to music. The improviser can keep this in mind while developing the Khayals.

Conclusion- From the analysis above, one can say that a Bandish is a well-thought amalgamation of lyrics and music which is intended to maintain, explore, and nurture the Rasa of the Raga.

References:

1. Athavale, Pt. V. R., (2004). Raga Vaibhav. Mumbai: Sanskar Prakashan
2. Amonkar, Ganasaraswati Kishori, (2009). Swarartharamani - Raagrasasiddhant. Pune: Rajhans Prakashan
3. Ray, Vimalakant, (2014). Bharatiya Sangeet Kosh. Delhi: Vani Prakashan
4. Garg, Dr. Uma, (2020). Sangeet Ka Soundaryabodh. Patna: Sanjay Prakashan

****

ISSN : 2277- 4262
SJIF : 8.244
INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY E-JOURNAL
An International Peer Reviewed, Refereed Journal

भारतीय संगीत के विकास में संवाद तत्व का प्रयोगात्मक विश्लेषण

-बबलू कुमार 'केतन'

प्रयाग संगीत समिति, इलाहाबाद

सारांश-- संगीत के हर पहलुओं में संवाद तत्व निहित है। संगीत में यदि संवाद तत्व की भूमिका नहीं होती तो शायद इसमे इतना मधुरता नहीं देखने को मिलती।हिंदी शब्दकोश के अनुसार संवाद शब्द (सम + वाद+ घञ) से मिलकर बना है। जिसका का अर्थ है ऐसी विधि जिसके द्वारा हम किसी भी माध्यम से अपने आंतरिक भावों, संवेगों, विचारों, ज्ञान अथवा किन्हीं विशिष्ट तथ्यों को किसी दूसरे तक पहुंचाते हैं और फलस्वरूप दूसरे की प्रतिक्रिया ग्रहण करते हैं। विचारों का पारस्परिक आदान-प्रदान ही संवाद है। यह संवाद शब्दों के माध्यम से, किसी कला के माध्यम से, मुखमुद्रा या हस्त संचालन आदि से या पात्र आदि के माध्यम से भी संभव है। संगीत की भाषा में यह भी कहा जाता है की दो स्वर आपस में मिल जाना या स्वरों का आपसी मधुर सम्पर्क को ही स्वर संवाद कहलाते हैं। संगीत में मुख्य स्वर- संवाद दो ही माने जाते हैं — एक ' सा – म ' और दूसरा — ' सा– प '। जिसके बीच में 9 और 13 का श्रुति अन्तर है। ऐसा नहीं है कि केवल सा प और सा म का ही संवाद मधुर होता हैं। अनेक रागों में अनेको स्वर संवाद हैं जो लुभावना लगता है। जैसे राग रागेश्री में मीड के साथ ध ग का संवाद बहुत ही कर्णप्रिय लगता हैं।

सूचक शब्द- ग्राम, तंतु वाद्य, वादी, संवादी, संवाद तत्व, अनिष्ट, निष्ट, श्रुति।

भूमिका- भारतीय संगीत विश्व का श्रेष्ठतम संगीत है। यह संगीत सर्वाधिक प्राचीन तथा अनोखा माना जाता है। भारत में प्राय: समस्त विद्याओं के लिए कोई ना कोई देवी या देवता निश्चित कर दिये गयगये हैं। इसी आधार पर सरस्वती को विद्या तथा संगीत की देवी माना गया है। मां सरस्वती के हाथों में वीणा, शंकर के हाथों में डमरू तथा स्वर्ग में गांधार (गायन करने वाले) ,किन्नर (वादन करने वाले) और अप्सरा (नृत्य करने वाली स्त्रियां) आदि के उल्लेख से स्पष्ट है कि भारतीय संगीत अत्यंत प्राचीन है।

संगीत' शब्द 'सम्+ग्र' धातु से बना है। अन्य भाषाओं में 'सं' का 'सिं' हो गया है और 'गै' या 'गा' धातु (जिसका भी अर्थ गाना होता है) किसी न किसी रूप में इसी अर्थ में अन्य भाषाओं में भी वर्तमान है। ऐंग्लो सैक्सन में इसका रूपान्तर है 'सिंगन' (singan) जो आधुनिक अंग्रेजी में 'सिंग' हो गया है, आइसलैंड की भाषा में इसका रूप है 'सिग' (singja), (केवल वर्ण विन्यास में अन्तर आ गया है,) डैनिश भाषा में है 'सिंग (Synge), डच में है 'त्सिगन' (tsingen), जर्मन में है 'सिंगेन' (singen)। अरबी में 'गना' शब्द है जो 'गान' से पूर्णतः मिलता है। सर्वप्रथम 'संगीतरत्नाकर' ग्रन्थ में गायन, वादन और नृत्य के मेल को ही 'संगीत' कहा गया है। वस्तुतः 'गीत' शब्द में 'सम्' जोड़कर 'संगीत' शब्द बना, जिसका अर्थ है 'गान सहित'। नृत्य और वादन के साथ किया गया गान 'संगीत' है।

भारतीय संगीत का इतिहास विचित्रतापूर्ण रहा है। ऐसा कहा जाता है कि संगीत की उत्पत्ति सृष्टि के साथ हुई। सत् चित आनन्द स्वरूप ब्रह्मा ने अपनी त्रिगुणात्मिका प्रकृति के द्वारा इस संसार की रचना की। ब्रह्मा आनंद स्वरूप हैं। आत: इसके आनंद तत्व से संगीत की उत्पत्ति हुई। उस ब्रह्मा ने सर्वप्रथम अपने को तीन रूपों में प्रकट किया ब्रह्मा, विष्णु और महेश। इन तीनों ने क्रमशः सरस्वती, लक्ष्मी और काली यह तीन शक्तियों से इस सत, चित आनन्दमय विश्व की उत्पत्ति की। विश्व के उसी आनंद में तत्व का साकार रूप संगीत है। जिसकी अधिष्ठात्री देवी सरस्वती मानी जाती है। ब्रह्मा के चार मुख्य हैं और चारों मूर्खों से उन्होंने चार वेदों की उत्पत्ति की जिसके नाम है - ऋग्वेद, यजुर्वेद, अथर्ववेद और सामवेद। सामवेद के समस्त मंत्र गेय हैं। अतः सामवेद से ही संगीत की उत्पत्ति मानी जाती है। सामवेदीय गेय पद उदात्त,अनुदात्त और स्वरित इन तीन स्वरों में गाये जाते हैं। इन तीनों स्वरों के अंतर्गत 'सा, रे, ग, म, प, ध, नि' इन सात स्वरों का समावेश है।

आचार्य पाणिनी ने कहा है-

उदात्त निषाद गांधारावनुदात्त ऋषभधैवतौ।
स्वरितप्रभवा ह्यते षड्जमध्यमपंचमा:।।

संगीत चिन्तामणि के अनुसार, "संगीत" एक व्यापक शब्द है। गीत वाद्य और नृत्य तीनों मिलकर संगीत कहलाते है, जिसमें गीत प्रधान तत्व है, वाद्य उसका अनुकारक है और नृत्य उपरंजक है, अर्थात् वाद्य गीत का अनुकरण करता हें और नृत्य वाद्य का। संगीत शब्द का प्राचीन पर्याय तायैत्रिक है।

संगीत में जो आहत नाद बरता जाता है, उसे शास्त्रीय भाषा में श्रुति और स्वर के नाम से पहचानते हैं। भारतीय संगीत के शास्त्र ग्रंथो जैसे संगीत रत्नाकर में श्रुति की परिभाषा इस प्रकार दिया गया है-

श्रवणच्छुतयो मता:।
श्रुयन्त इति श्रुतय: ।
श्रवणेद्रियग्राह्यत्वात् ध्वनिरेव श्रुतिर्भवेत् ।।

अर्थात् जो सुनाई दे, वह 'श्रुति' है। किन्तु संगीत शास्त्र में इतना व्यापक अर्थ लेने से काम नहीं चल सकता,क्योंकि कान से सुनाई देने वाली तो ऐसी अनेको ध्वनियां हैं, जो कि संगीत के काम नहीं आती। इसलिए उपरोक्त संस्कृत व्याख्याओं का जरा संकुचित अर्थ लेकर यह कहना होगा कि जो ध्वनि कान को सुनाई दे, दो रंजक होकर कान, मन और आत्मा को सुख दे, आनंद दे वही 'श्रुत' है। भारत में कुल 22 श्रुतियाँ मानी है जो निम्न है: तिव्रा, कुमुद्वती,मंदा, छंदोवती, दयावती,रन्जनी, रक्तिका, रोद्रा, क्रोधा, क्षिति, रक्ता, संदिपनी, आलापनी, वज्रिका, प्रसारिणी, प्रीति, मार्जनी, मदन्ती, रोहिणी, रम्या, उग्रा, क्षोभिणी। यही श्रुतियाँ गाने पर स्वर रूप में परिवर्तित हो जाती हैं और इन्ही स्वरों के सहयोग से हम संगीतिक स्वर संवाद की कल्पना कर पाते हैं।

संवाद शब्द का प्रयोग **वैदिक काल** से ही होता आ रहा है। ऋग्वेद में संवाद सूक्तों का विशेष प्रयोग देखने को मिलता है जैसे: इंद्र -मरुत संवाद (म.1,सू.65), इंद्र-अगस्त संवाद (म.1,सू.70), विश्वामित्र-नंदी सवाद (म.3,सू.33),यम-यमी संवाद (म.10, सू.10), पुरवा-उर्वशी संवाद (म.10,सू .95), सरमा-पाणी संवाद (म.10,सू. 108), इत्यादि।

संस्कृत हिंदी शब्दकोश के अनुसार संवाद शब्द (सम + वाद+ घञ) से मिलकर बना है। जिसका का अर्थ है :

- वाद- विवाद, चर्चा, वार्तालाप,कथोपकथन
- समरुपता, समानता,सादृश्य अथवा मेलजोल
- समाचर/सूचना देना
- स्वीकृत/सहमति इत्यादि।

संवाद की विभिन्न परिभाषाओं का अध्ययन करने के बाद हम कह सकते हैं कि ऐसी विधि जिसके द्वारा हम किसी भी माध्यम से अपने आंतरिक भावों, संवेगों, विचारों, ज्ञान अथवा किन्हीं विशिष्ट तथ्यों को किसी दूसरे तक पहुंचाते हैं और फलस्वरूप दूसरे की प्रतिक्रिया ग्रहण करते हैं। विचारों का पारस्परिक आदान-प्रदान ही संवाद है। यह संवाद, शब्दों के माध्यम से, किसी कला के माध्यम से, मुखमुद्रा या हस्त संचालन आदि से या पात्र आदि के माध्यम से भी संभव है।

संगीत की भाषा में दो स्वरों का आपस में मिल जाना या स्वरों का आपसी मधुर सम्पर्क ही '**स्वर-संवाद**' कहलता हैं। स्वर संवाद तत्व का संबंध स्वरो के इष्टता से है। इष्ट का अर्थ 'प्रिय' या 'चाहा हुआ ' है। जब दो स्वर साथ साथ छेड़े जाने पर भले प्रतित हों, वे परस्पर इष्ट कहलाते हैं।

इष्टता के दो प्रकार हैं- सामान्य इष्टता और परम इष्टता। सामान्य इष्टता को '**अनुवाद**' और परम इष्टता को **संवाद** कहा जाता है। इसी प्रकार परम अनिष्टता को '**विवाद**' कहा जाता है।

षड्ज और पंचम को साथ साथ छेड़ने पर अथवा षड्ज और मध्यम को साथ साथ छेड़ने पर जिस इष्टता की प्राप्ति होती है, उसे '**स्वर सम्वाद**' कहते हैं। जिन दो स्वरों **षड्ज-पंचम** अथवा **षड्ज-मध्यम** के बराबर अन्तर हो, उनमे भी परस्पर स्वर संवाद होता है।

षड्ज और अन्तर(स्वयंभू) गंधार का पारस्परिक इष्ट और प्राकृतिक अन्तर एक विशेष इष्टता है, जिसका परिमाण 'संवाद' की अपेक्षा कम और अनुवाद की अपेक्षा अधिक है। **मतंग** ने मध्यम ग्राम में इस अन्तर को भी संवाद कहा है।

संवाद का एक दूसरा आ अर्थ 'सादृश्य' अथवा 'एक जैसी वस्तु का अन्यत्र दर्शन है। इसे स्वर-संघात (स्वर-समूह) का संवाद या राग- संवाद कहा जा सकता है।

जिन दो स्वरों को क्रमपूर्वक छेड़ने में उस समय कानों को अच्छा न लगे जबकि उन दोनों में से कोई एक अंश स्वर (प्रधान स्वर या किनोट) हो, तो उन दोनों का पारस्परिक अन्तराल 'विवादी' कहलाता है।अर्थात् 'विवाद' दो स्वरों में पाये जाने वाले अनिष्ट अन्तराल का द्योतक है। स्वरों का पारस्परिक विवाद संबंध अत्यंत अनिष्ट कहलाता है। जैसे - रे- ग, 'ध - नि' अंतराल 'ग- - म' और नि -सां' अंतराल को विवाद कहा गया है।

तीन,चार, छः, सात, नौ, और तेरह श्रुतियों के अन्तर पर स्थित स्वर परस्पर इष्ट होते हैं और पाँच, आठ तथा दस श्रुतियों का अन्तर 'अनिष्ट' कहा गया है।

महर्षि भरत द्वारा किया गया स्वर-संवाद पर प्रयोग : महर्षि भारत ने सा-प और स-म को लेकर चर्चा की है। इसकी जांच के लिए तानपूरा के दो तारों को एक स्वर में मिला लिया और एक तार को जरा सा चढा दिया। फिर दोनो तारों की ध्वनि को एक साथ छेड़ने शूरू की तो बेसुरा ध्वनि सुनाई पड़ी।इतना ही नहीं जब दोनो स्वरों का अन्तराल एक अर्ध्य स्वर होता है तो और अधिक बेसुरापन हो जाता है। तार को क्रमशः और चढ़ाते है तो बेसुरापन घटता जाता है और कोमल ग (6/5) प्राय: लुप्त हो जाता है। शुद्ध ग (5/4) पर पहुँचकर संगीत सुरीली हो जाती है। तार को उसके बाद भी चढ़ाएँ तो फिर बेसुरापन बढ़ेगा और म (4/2) पर फिर संगीत सुरीली हो जाती है। इस प्रकार तानपूरे के दोनों तारों के स्वरों की संगति या सम्बंध बेसुरा हो-होकर प(3/2), ध (5/3) पर सुरीली हो जाता है।अन्त में नी पर बेसुरा होकर पुन: पूरी तरह सुरीला हो जाता है।इससे स्पष्ट है कि सा-प, सा-म के अलावा कुछ और संवाद भी (ग्राम में) मौजूद है। जिन स्वरों का षड्ज से संवाद है उन्हे **इष्ट स्वर** और जिनका विवाद है उन्हें **अनिष्ट स्वर** कह दिया जाता है।

विदेशी शुद्ध ग्राम की सारणी देखने से पता चलता है कि जिन स्वरों का षड्ज से अंतराल सरल है अर्थात छोटी-छोटी संख्याओं से प्रकट किया गया है।अंक के छोटेपन पर हीं इष्टता की मात्रानिर्भर करती है, जिसका उदाहरण इस प्रकार है: -

अति इष्ट - प (3/2), म (4/3)
इष्ट - ध (5/3), ग (5/4)
अल्प इष्ट -ग (कोमल) [6/5] ध (कोमल) [8/5]
अनिष्ट - र [6/8] लघु स्वर [10/9]
अति अनिष्ट - रे (कोमल) [1/1, 6/5]

इस विचार से यह मानना पड़ता है कि हिन्दुस्तानी शुद्ध सप्तक का ध (2/1, 7/6) अति अनिष्ट स्वरों में है। वास्तव में इष्ट और अनिष्ट स्वरों का सीधा संबंध आवर्तकों से है जिनको प्राचीन संगीत की दृष्टी से श्रुति-अंतराल कहा जा सकता है।

पण्डित ओंकारनाथ ठाकुर द्वारा किया गया स्वर - संवाद पर प्रयोग: नौ श्रुति अन्तर वाला षड्ज-मध्यम संवाद तथा त्रयोदश: श्रुति अन्तर वाला षड्ज पंचम तो सभी जनते हैं और मानते भी हैं परंतु इनके अतिरिक्त षटश्रुति और सप्तश्रुति के अन्तर से भी संवाद होते हैं,जो स्वरों के भीतर समाये हुए हैं।

जो लोग **तंतुवाद्य** बजाने के अभ्यासी हैं अथवा जिन्हे तानपुरा पर गाने का अभ्यास है वे जानते हैं कि तारों के भीतर स्थित एक स्वयंभू गांधार सुनाई देता है। तानपूरा की खरज (षड्ज) की तार से गांधार बहुत साफ सुनाई देता है। उसे स्वयंभू कह सकते हैं क्योंकि वह अपने आप उत्पन्न होता है। षड्ज से उस गांधार का अन्तर सात श्रुति का है। जैसे इस सात श्रुति के गांधार का षड्ज के साथ स्वयंभू संवाद होता है, उसी प्रकार छ: श्रुति के गांधार का भी उससे कुछ कम, किन्तु फिर भी कानों को भानेवाला **संवाद** है। जब सा के साथ त्रयोदश श्रुतिवाला पंचम मिलाया जाय तब एक विशिष्ट प्रकार के स्वर संवाद का सुखानुभव आत्मा को होता है। तीन स्वरों (सा - ग - प) के संवाद में तीन प्रकार के संवाद उपलब्ध होते हैं।

सा - प	**त्रयोदश श्रुति अन्तर संवाद**
सा - ग	**सप्त श्रुति अन्तर संवाद**
ग - प	**षटश्रुति अन्तर संवाद**

इस प्रकार सभी स्वरों में पारस्परिक नौ, त्रयोदश, सप्त और षट श्रुति अंतरों से संवाद होता है।

तानपूरा के तारों पर संगीत के महत्वपूर्ण संवाद षड्ज- पंचम (स-प), षड्ज-मध्यम (सा-म), और षड्ज-गांधार (सा-ग) तो तानपूरा छेड़ने से ही उभरने लगते हैं; क्योंकि षड्ज की ध्वनि में यह तीनों संवाद प्राकृतिक रूप से निहित रहते हैं। पंचम के ध्वनित होने पर (उसे षड्ज मान ले तो) उससे भी यह तीनों संवाद उभरते हैं। इस प्रकार षड्ज से गंधार, माध्यम और पंचम तथा पंचम के तार द्वारा उत्पन्न तीनों संवाद

हमें निषाद, षड्ज और रिषभ के रूप में मिल जाते हैं। इस प्रकार केवल षड्ज और पंचम की गूँज द्वारा उनमें निहित ध्वनियां स, रे, ग, म, प, नि प्रप्त हो जाती है। रिषभ से संवाद होने के कारण धैवत भी सूक्ष्म रुप से ध्वनित होकर अनुभव में आने लगता है।

कंपन संख्या के आधर पर इस बात को निम्नांकित प्रकार से समझा जा सकता है -

• **सा-सां (पूर्ण संवाद) :** सप्तक के सात शुद्ध स्वरों की कंपन संख्या इस प्रकार है:-

केंद्र अर्थात् बीच में जोड़ के तार मध्य षड्ज से मिले हुए रहते हैं। इनसे निकलने वाला सामुदायिक ध्वनि-योग 240 + 240 = 480 कंपन संख्या है। लेकिन 480 कंपन संख्या तार षड्ज की भी है, इसलिए जोड़ के तारों से सा-सां संवाद मिलता है। चारों तारों की कंपन संख्या का जोड़ इस प्रकार है:- 360 + 240 + 240 + 120 = 960, इसीप्रकार सा- प संवाद, सा-म संवाद और सा-ग संवाद।

राग और राग गायन में संवाद तत्व : राग गायन में संवाद तत्व का आशय राग में पर्युक्त होने वाले स्वर और स्वर संगतियों से है। जिसका प्रयोग होने से राग की रंजकता और बढ़ जाती है। जैसे : राग यमन में प-रे , राग रागेश्री में ध-ग, राग बसंत में रे-सा इत्यादि रागों में स्वर-संवाद का प्रयोग श्रोताओं को मन्त्रमुग्ध करने में सहायक सिद्ध होते हैं।

निष्कर्ष- विभिन्न संगीतज्ञों और संगीतशास्त्रीयों द्वारा दिये गये संकल्पनाओं और सिद्धांतों का गहराई से अध्ययन करने के बाद हमें यहीं देखने को मिला है कि संवाद तत्व के अभाव में सुंदर संगीत की कल्पना करना ठीक उतना ही कठिन है जितना कि घुंघरू के अभाव में नर्तक का सुंदर नृत्य। अत: संगीत में संवाद तत्व का होना अत्यावश्यक है और इसका हम संगीत विद्यार्थियों को गुरू के मार्गदर्शन में अधिक से अधिक अभ्यास कर उन्हे साधने की जरुरत है। जिससे की हमरा भारतीय संगीत और समृद्ध हो सके।

संदर्भ सूची-

१. बसंत. (2019). *संगीत विशारद* .हाथरस :संगीत कार्यालय.
२. पाठक, जगदीश नारायण. (1964). *संगीत शास्त्र प्रवीण.*
३. कुमार, अशोक. (2007). *संगीत और संवाद.* नई दिल्ली :कनिष्क पब्लिशर्स. पृष्ठ संख्या
४. शर्मा, अरूणा. (2012). *राग-रंजकता एवं स्वर-संवाद.* नई दिल्ली: राज पब्लिकेशन्स.
५. ठाकुर,ओंकारनाथ(1957). *संगीतांजलि.* वराणसी: सुलेमानी प्रेस. पृष्ठ संख्या
६. फ्रामजी, फिरोझ. (1935). *भारतीय श्रुति-स्वर-राग शास्त्र.* पूना: फिरोझ फ्रामजी पब्लिकेशन्स

****

ISSN : 2277- 4262
SJIF : 8.244
INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY E-JOURNAL
An International Peer Reviewed, Refereed Journal

DANCE STYLE IN SANKARADEVA'S ANKIYA NAAT : AN ANALYTICAL STUDY

-Monashree Pathak
Research scholar, Department of Performing Arts,
Mahapurush Srimanta Sankaradeva Viswavidyalaya
Nagaon, Assam

Abstract-- *Mahapurusha Srimanta Sankardeva was an Assamese saint and scholar. Sankardeva has contributed immensely for the Assamese religion to language, literature and culture to creative art. He spread neo vaishnavism in Assam and also help the society to regain its faith, culture, social organisation and integrity.*

In 15th century Sankardeva propagated bhakti dharma among the common people through his writing and acting on a full - fledged Assamese drama which is called as Ankiya Bhaona or Ankiya Naats. The whole structure of Ankiya Naats are made up of Sanskrit drama or the classical elements. However, he ornamented the plays homely by connecting some elements of Assam's semi-dramatic events, like 'Putala Nach', ' Ojapali', etc. He composed all total six number of Ankiya Naats. One of the Speciality of this Ankiya Naat is Sankardevas planning of dance in its composition. Dance is more prominent in Ankiya Naats even though it is dramatic. Dances are scattered in Ankiya Naats from the beginning to the end and which are later known as "Sattriya Dance".

Among the other classical dance form, "Sattriya" is one of the classical dance form which is still prevalent in the Satras of Assam as a living tradition.

This research paper will study about the dances which is a part of the Sankardeva's ' Ankiya Bhaona'.

Keywords- *Ankiya, Assam, Bhaona, Cultural, Sankardeva*

Introduction- *Ankiya Naat*, has been one of the greatest contributions of Sankaradeva towards Assamese culture and society. It is said to be the greatest because *Ankiya Naat* combines all the cultural elements that he created- musical instruments and accessories, songs and music, dance and drama, colour and light, costumes and musk etc.

यो-यं ध्वनि विशेषस्तू, स्वरवर्ण विभूषित:।
रंजको जनचित्तानाम् स रागः कथ्यते बुधैः।।

For propagation of his creed '*Ek Sarana Naam Dharma'*, Sankaradeva created *Ankiya Naat.* To convey religious messages to the villagers through entertainment, Sankaradeva created this art form- which is full with dance, music, drama, colour, light and many more. In mediaeval Assam, the illiterate rural folks were sharply divided in caste lines, where practice of black magic and animal (even human) sacrifices were common, Sankaradeva showed the path of salvation through 'Bhakti' (devotion) simply by means of *Naam* i.e. congregational recitation or musical conversation with the God. This new art form called *Ankiya Naat* demanded cooperation of a large number of people irrespective of caste differences and it also abled to pull large crowd undermining caste differences.

The *Sattriya* dance emerged within the fold of *Ankiya Naat*. Sankaradeva's choreography of a large number of dances used in *Ankiya Naat* has been the focal point of study of this seminar paper.

Objectives of the study- The prime objective of the present study is to understand the proper use of the dance numbers created by Sankaradeva in his *Ankiya Naat* as well as to understand the theoretical background of these dances.

Methodology of the Study- The paper is descriptive in nature. Analytical method is also used for this study. The paper is based on secondary data collected from various books, journal, internet sources etc.

***Ankiya Naat* and *Sattriya Dance*-** Like *Kuchipudi* of Andhra Pradesh and *Kathakakali* of Kerala, *Sattriya Dance* of Assam has also emerged from a form of dance-drama called *Ankiya Naat. Ankiya Naat* has been the seedbed of the *Sattriya Dances* of Assam (Mahanta, 2016, p. 75). Sankaradeva created *Ankiya Naat* as a composite form of dance, drama and music- where story reveals through music, dance and dialogue. However, dance played more significant role in *Ankiya Naat.* Madhabdeva the chief apostle of Sankaradeva and few other disciples, inspired by their Guru created a number of dance numbers outside *Ankiya Naat.* Thus, *Sattriya Dance* has consists of two distinct sets of dances- one for the drama and other for independent performance.

It is mentioned earlier that though *Ankiya Naat* is drama, dance plays a very significant role in the sense that without dance nothing can happen in it. Right from the beginning to the end, *Ankiya Naat* is dance, dance and dance. The entry and exit of characters in the stage, the fights, and the love affairs- everything depicts through different dances in *Ankiya Naat*.

One distinctive character of Sankaradeva's *Ankiya Naat* is that it comprises all the three aspects histrionic art, viz. *nritta, nritya* and *natya*. *Nritta* corresponds to pure dance that comprises basic stance, footwork, decorative hand movements, jumps etc. In *Nritta* everything is stylized and has high aesthetic value. The *Nritya* is the interpretive dance (abhinaya). In *Ankiya Naat, nritya* is exhibited through the interpretation of *Geeta- Sloka* and *Bhatima*. *Natya-* the composite of music, dance and speech is the soul of *Ankiya Naat* consists of definite theme and dialogue. In *Ankiya Naat* , *Nritta* provides aesthetic beauty to the audience while *Nritya* and *Natya* brings the theme to the heart of the audience.

The Repertoire of the Dance- The performance of *Ankiya Naat* is called *bhaona-* which has a rigorous dance repertoire of its own. In it all the characters of the drama, irrespective of their roles, need to perform dance. No character can enter or leave the stage without dancing. This principle of compulsory dancing by each and every character of the play gives birth to a varied and large number of dance items.

The full-fledged repertoire of *Ankiya Naat* consists of nine distinctive dance items (Mahanta, 2012, p. 276). These are-

a) *Gayana-bayanar nac* (Dances of preliminaries)
b) *Sutradhari- nac* (Dance of Sutradhara)
c) *Gosai Pravesh nac* (Entrance dance of Lord)
d) *Gopi Pravesh nac* (Entrance dance of the principal consorts of the Lord i.e. *Gosai* and heroine of the play with her female companions)
e) *Bhawariya Pravesh nac* (Entrance dance of dramatic characters)
f) *Yuddhar nac* (Dances used in fighting, war)
g) *Geeta-Sloka-Bhotimar nac* (Dances used in songs, hymns etc.)
h) *Bhangi nac* (Dances with optimum physical possibility)
i) *Kharmanar nac* (Dance in *kharman tala*)

A brief discussion of the above mentioned dance items will be helpful to understand the uses of different dances in *Ankiya Naat*.

a) Gayan-bayanor dance (Dances of preliminaries)**:** The dance of *Gayana-bayana* is the most important part of the Preliminaries (purvaranga). It is to be mentioned here that before the beginning of the actual drama preliminaries are performed on the stage to secure heavenly grace for the show. *Natyashastra* mentioned about 19 preliminaries out of which 16 preliminaries are performed in *Ankiya bhaona*. The actual preliminaries start with the holy orchestra called *Gayana-bayana*. The orchestra troup comprising the *bayanas* (drummers) and *gayanas* (singers with cymbals) enters the stage by passing through *Agnigada*- a kind of fire work which is placed in the extreme end - opposite of *Guru-Asana* (Holy alter). At the back side of *Agnigada*, a curtain-known as *Ar-kapur* is held by two monks and the troup bows to the *Guru-Asana* and enters the stage amidst the sound of *haridhani*- shouting glorification of God and beating of instruments like *Doba* (Big Drum), *Khol, Tal* striking of *Bar-kah* and blowing of *Kali* etc.

The orchestra starts its initial concert called *Boha Cahini* (in sitting position). In this concert the *bayanas* plays more significant role than the *gayanas*. The *bayanas* plays *khol* and hence gets less scope to use hand gestures. After *Boha Cahini,* the troup plays the *Thiya Cahini* (in standing position)- where beautiful foot works are used by the *bayanas* while plying *Khol*. Immediately after the completion of the *Thiya Cahini,* the orchestra starts *dhemali*- (pleasure sport) which has been the richest and most elegant part of the concert. It is generally inter-woven with various styles of the instrumental music with dancing and singing. There have been at least 19 *dhemalies* (Mahanta, 2016, p. 189) and a unit comprising maximum 4 *dhemalies*, selected among the 19 are played as preliminaries.

Thus, *Gayana-bayana* is a group dance where uses of hand gestures are limited as the dancer and the drummer is the same person. Yet, hand gestures like *Jalak, Chata, Mujura* (Swastik), *Ketela, Alapadma* etc. are used repeatedly. The drummer-dancers perform extensive foot works along with attractive body movement like- dipping, bobbing, leaning, elevating, whirling, jumping etc. Leaning known as '*hali*' has been a most notable characteristic feature of this dance form.

b) ***Sutradhari*** **dance** (Dance of *Sutradhara*)**:** The Character *Sutradhara* has been a unique creation of Sankaradeva in the sense that in *Ankiya Bhaona, Sutradhara* has to perform a comprehensive role from the beginning to the end of the drama as a dancer, singer and above all as a stage director. In *Sattriya* repertoire, the dance of the *Sutradhara* combines all the three components of classical dance, viz., *nritta*, *nritya* and *natya.* The dancer begins with a long *nritta* piece and continues for pretty long time (Mahanta, The Sattriya Dance of Assam, 2016, p. 115)**.** After that *sutradhara* presents *abhinaya* part- which are generally incorporated in the text of the play in the form of *sloka, geeta, bhatima* etc. It is to be mentioned here that the *Sutradhara* himself has to recites these compositions and has to interpret these through gesture. The *Sutradhara* has to perform a number of functions relating to preliminaries like- *Nandi, Prastavana, Prarocana, Trigata and Rangadvara*.

The dance of the *Sutradhara* is woven with *tandava* style of dancing. The entire dance is classified into following sequences-

a) *Proveshor nac* (Entrance dance)
b) *Ragor nac* (Dance in *Raga*)
c) *Gotor nac* (*Gotor* dance)
d) *Slokar nac* (Dance in *Sloka*)

After the entrance, the *Sutradhara* performs a considerable number of pure dance sequences and then he recites raga. After reciting raga, the *Sutradhara* presents dance in raga. After presenting dance in raga, the *Sutradhara* recites the *bhatima* and performs *abhinaya* (acting) in its tune. After presenting *bhatima*, the *Sutradhara* presents *Gotor nac*. The last part of the *Sutradhari* dance has been *Slokar nac* i.e. dance in *Sloka*- which is a pure dance piece performed in *slokar-bajana*.

c) *Gosai Pravesh Nac* (Entrance dance of Lord): The entrance dance of the Lord in a dramatic performance is called *Gosai-nac* (Mahanta, The Sattriya Dance of Assam, 2016, p. 121). In *Ankiya Naat*, Lord (*Gosai*) is either *Rama* or *Krishna*. The main story of the play starts with entrance of the Lord- i.e. either *Rama* or *Krishna*. Before entrance of the Lord, an entrance song

called as *pravesar-gita* is sung in the *Sindhura raga* in line with *pravesiki dhruva* as mentioned in the *Natyashastra*. An example of *pravesar-gita* of the play *Parijat Haran* is as under-

Pravesh Geeta (entrance song) / *Raga: Sindhura* / *Tala: Ek Tala*

Dhrung "Are Godrurketu Keyoo Parvesh

Madanak Laj Herirup Lesh"

The *Gosai-nac* is a pure dance arranged to the rhythmic syllables of *Khol*, set to *tala*. Generally, in *Ankiya Naat* '*Bongshi hasta*' (hand gestures showing flute in hand) is used in case of *Krishna* and '*dhenu hasta'* (hand gestures showing bow and arrow in hand) is used in case of *Rama* in the *Gosai-nac*. In some plays, the chief companion of the Lord also appears in the stage along with the Lord. The companion of the Lord is determined by the theme of the play. Thus, in the play *Rama-vijaya* the Lord (here Rama) is accompanied by *Laksmana* and *Krishna* is accompanied by *Rukmini* in the play *Parijata-harana*. The male companion of the Lord takes their position in the same row after the Lord and dance accordingly. On the other hand, the female companion of the Lord takes her position behind the Lord and perform dance in *Lasya* style.

d) *Gopi Pravesh Nac* : This is the entrance dance of the principal consorts of the Lord i.e. *Gosai* and the heroine of the play with her female companions. In *Ankiya Naat*, *Gopi Pravesh nac* takes place after the *Gosai Pravesh nac*. A *pravesar gita* (entrance song) is sung in *Suhai raga* before the entrance of the *Gopi*. *Gopi nac* is a pure dance woven with purely *lasya* technique of dancing. It is performed in *bajanas* set in *ek-tala* in holy orchestra. Projection of feminine grace has been a distinguishing feature of the dance. An example of *Gopi pravesar gita* (entrance song) of the play *Rukmini Haran* is as under-

Raga: Suhai, Tala: Ek Tala

Dhrung"Aawot Rukmini Koi Porosar

Sakhi Saba SangeRange Karata Bihar"

e) *Bhawariya Pravesh Nac* (Entrance dance of dramatic characters)**:** It is mentioned that all the characters of the *Ankiya Naat* have to enter the stage by performing a dance- specifically choreographed for that character. In *Ankiya Naat*, *Bhawariya* i.e. characters means all the other characters- except *Sutradhara, Gosai and Gopi*. Thus, *Bhawariya* implies *Raja* (King), *Rishi-Muni* (sages), *Raksasa* (demons), *Dut* (Massanger) etc. Generally, before the entrance of the main character like king, an entrance song- expressing the status, mood, costumes etc. of the king is sung.

Only a short piece of *Bajana* without flourishing ingredients, called '*bhongi-bajana*' is provided to the other characters of the *Ankiya Naat*. The dance is mostly built with foot works and body movements and hand gestures have little importance in it. It seems that Sankaradeva followed the *Natyashastra* regarding classification of characters in *Ankiya Naat*. In *Ankiya Naat,* the characters are classified into three different types- superior, middling and lower category characters. It is noteworthy here that on the basis of rank and corresponding characteristic features and ranks in the drama, different actor-dancers are provided with differently choreographed dance piece.

The heroes of the *Ankiya naat* have been classified into 4 types in accordance with the *Natyasastra*. These are-

i. *Dhirodatta* - It refers to a hero who is passionate and ambitious, brave and haughty, self-controlled and exalted. He is brave and noble minded and has forgivness. Example- Sri Ramchandra.
ii. *Dhira prashanta* - It refers to the self-controlled and calm type of hero- who is brave and yet calm and thankful. As for example- Karna, Boloram etc.
iii. *Dhiralalita*- Such type of heroes are brave and sportive, self-controlled and light-hearted, fond of arts, always happy and carefree. As for example- Krishna.

iv. *Dhirodatt*- One who is elusive, fickle minded, greedy, boastful etc. Example- Raavan, Kans etc.

It is to be mentioned here that prior to the entrance of the kings bearing *Dhirodatta* and *Dhiralalita* character, an entrance song (*pravesiki-dhruva*) is sung. The dance piece for the entrance of the kings is variegated as each dance piece is choreographed distinctively according to the nature of the character. The bajanas used in this dance number reveals its distinctiveness as kings bearing *Dhirodatta and Dhiralalita* character shows dignified stepping, while the kings bearing *Dhirodatt* character places their steps in a nimble manner and tries to evoke a sense of gallantry through body movements.

In *Ankiya Naat*, there are specified *pravesar gita* (entrance song) for characters like *Sisupala* (king), *Jarasandha* (king), *Narakasura* (king), various sages, *Bhat* etc.- which are sets to particular *raga* and *tala*. Sometimes *pravesar gita* (entrance song) contains description of the characters and its deeds. An example of *pravesar gita* (entrance song) from the play '*Ram Vijaya'* is as under-

Dhrung- "*Aawe Koutuk Kousik Chanda"*

Mala Mathe Hate Dhoru Danda

Pada- *Laroyo Bahu Hariguna Gawe*

Sasokita Vabe Choudise Sawe"

f) *Yuddhar Nac* (Dances used in fighting, war**):** It is already mentioned that in *Ankiya Naat* nothing can happen without dance- even war. So, *Yuddhar nac* is a piece of dance where fighting scene is depicted. The actor dancers generally use accessories of warfare like- bows and arrows, shields and swords, thunderbolt, spears etc. The accessories used in war are symbolic in shape and made of wood and bamboo. There is no physical striking and everything is presented by means of hints, gestures and postures.

In *Ankiya Bhaona*, the actor-dancers have to strictly follow the rules of *sthana* (standing and readiness) as mentioned in *Natya Sastra* regarding taking aim and discharge of weapons. The actor-dancers make ready their weapons from the *Alidha sthana* and to discharge their weapons from the *Pratyalidha sthana* as described in the *Natya Sastra*. In this way it can be said that *Yuddhar nac* has some classical connotations. It is noteworthy here that *Yuddhar nac* is performed to *bajanas* set in various *talas* like- *Ek tal, Cuta tal, Rupak tal, Pari tal* etc. It is also worth mentioning here that for a particular weapon, a particular *bajana* has been designed to suit it.

g) *Geeta-Sloka-Bhatimar Nac* (Dances used in songs, hymns etc.)**:** *Ankiya Bhaona* is packed with songs and music. Songs are used to present the story attractively as well as to interpret the story to the audience. The actor-dancer has to perform dance in three different literary compositions, viz., *Geeta, Sloka and Bhatima*. So, these dance numbers are interpretive dance. To intensify the emotive content of the song, the actor-dancer resorts to miming.

Natya Sastra mentioned about five kinds of *dhruvas* songs in a drama- which are also used in *Ankiya Naat*. These are-

i) *Pravesiki* (Entering)

ii) *Naiskramiki* (Departing)

iii) *Antara* (Transitional)

iv) *Prasadiki* (Calming)

v) *Aksepiki* (Indivating)

This *Geetar nac* is based on *Aksepiki, Prasadiki* and *Antara dhruvas.* Above all these songs, *Nandi Geeta* and *Khorman Geeta* are also used in *Ankiya Naat*. In *Ankiya Naat,* dances are performed in two types of *sloka:*

A) Nandi *sloka,* and

B) *Sloka* described in the play.

In *Ankiya Naat,* four different types of *bhatima* are used. These are-

a) *Nandi*

b) *Bhator Bhatima*

c) *Caritramukhor Bhatima*

d) *Muktimangal Bhatima.*

It is worth mentioning here is that to perform dance in the above mentioned three different literary compositions, the dancer-actor needs comprehensive knowledge of dance (*nritya*) and acting *(natya*). Another cardinal feature of dances in *Geeta, Sloka* and *Bhatima* has been that a word for word interpretation through hand gestures is necessary in dance in *sloka* and *Bhatima*. However, display of imperative hand gesture for each word of *bhatima* is obligatory, while in case of *sloka,* it is the option of the actor-dancer (Mahanta, The Sattriya Dance of Assam, 2016, p. 102).

h) *Bhongi Nac* (Dances with optimum physical possibility**):** *Bhongi nac* lies scattered in the entire drama and helps in presenting the story in a more artistic way. The dance pattern is brief but well developed. Through these dance numbers, different circumstances and situations relating to the theme of the drama are exhibited attractively. *Bhongi nac* emerges out of the dramatic events like- *Kalidaman, Parijatharan* etc.

i) Kharmanar Nac (Dance in *kharman tala*)**:** The name of the dance is connected with the name of a particular *tala*- called *kharman*. The drama ends with the performance of the dance. It is always performed by the hero and in sometimes the companion of the hero as well as all the actor –actresses of the drama participates in the dance.

Conclusion- *Ankiya Naat* can be reasonably termed as dance-drama in the sense that dances plays a very significant role in it. So actors in *Ankiya Naat* not only need knowledge of acting but also deserve a good knowledge of dance.

With the change of time, society has also changed- which ultimately brought changes to the culture. In changing situation, already some essential elements of *Ankiya Naat* like- compulsory rules governing entrance and exit of characters of the drama have disappeared. Similarly rules governing *Yuddhar nac* have also disappeared. If this trend continues, *Ankiya Naat* will be like ordinary show of theatre or a serial. *Ankiya Naat,* devoid of its age old traditions, still may remain as a source of entertainment- but people will perhaps unable to believe that *Ankiya Naat* had been the seed bed of *Sattriya dance*.

In the mediaeval Assam, Sankaradeva had to deal with illiterate rural folks- who may not even comprehend dialogues. So, he introduced dance in his dramas. Those who cannot understand dialogues can easily comprehend it through dance. The language of dance is universal. Hence, Sankaradeva took help of dance to connect the illiterate masses. It looks that Sankaradeva didn't created dance as an autonomous domain like drama, but created it to make his drama more attractive.

References-

1. Dev Goswami, Keshavananda. (2001).S*attra-Songskritir Ruprekha*. Dibrugarh: Banalata.
2. Kotoky, Brajen.(2008). Agnigarh. *jorhat:* Jorhat Zila Sahitya Sabha.
3. Mahanta, Jagannath.(2012).*Sattriya Nrittya Gita Badyar Hatputhi*. Guwahati: Bhabani books.

4. Mahanta,Jagannath. (2016).*The Sattriya Dance of Assam- Analytical Study*. New Delhi: Sangeet Natak Akademi.

5. . Bora, Mahim.(2008). *Sankaradevar N*at. Guwahati: Publication Board Assam.

6. Borah, Karuna. 2009.*Sattriya Nrityar Rupdarshan*. Majuli: Grantha Sanskriti.

7. Das, Jyotishman. (2009).Ankiya Bhaona and its impact on socio-cultural life of Assam. International Journal of Humanities and Social Science Invention 8 62-65.

8. Kandali,Mallika.(2007).*NrityakalaPrasangaaru Sattriya Nritya*.Guwahati: The Written Word

9. .Goswami,Narayan Chandra.(2003).Sattriya Sanskritir Swarnarekha. Jorhat: Bidya bhaban

****

ISSN : 2277- 4262
SJIF : 8.244
INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY E-JOURNAL
An International Peer Reviewed, Refereed Journal

MUSIC IN JAINISM
(RAGA IN BRIHHADDESI AND RAGA-DHYAN IN SANGITUPANISHAD–SARODDHAR)

-Shilpa Vijay Shah
Phd Research Scholar (Music),
Sarvajanik University, Surat

Abstract- *Matang Muni is the first author to describe the word raga,and he has started his description, with a tantric halo, or the desitva of dhvani, and then he goes on to describe svaras, each as having deities, and also gives a tantric manglacharan shlok in the beginning of desiraga chapter .*

Jain acharya Shri Sudhakalash also is considered the first author to describe ragas-raginis in form of personification and classifies ragas and raginis according to their gender. His descriptions of svaras and raga- raginis also seem to have a common tantric influence like Matang Muni.

Thus there appears to be the commonness of tantric influence in both these valuable texts, Brihhaddesi, being the first text to contain description of the word "Raga and Sangitupanishad-Saroddhar being the first text to contain descriptions of raga visualizations in form of raga- dhyanas.

The raga dhyan parampara strongly reflects the consonance,communication and exchange in music and other arts like miniature painting and at the same time also shows the music flow of change and continuity from Raga to Raga dhyan iconification

Keywords- *Jainism , Raga, Brihhadeshi, Raga Dhyan, Sangitupanishad Saroddhar*

Introduction- Matang's Brihhaddesi : Concept of Raga. Raga is a unique concept of Indian music and Matang's text throws a flood of light on the history of music as it contains the description of 'Raga' for the first time in music history as follows:1

This is the earliest definition of raga in terms of rajyate (delight), ranjaka (pleasing), and ranjana (colouring). So 'Raga' is that which colors the mind. In the words of Matang Muni:

That which colours or delights the mind of the good, through a specific - svar and varna or through a type of dhvani is known by the wise as 'Raga'. That which is a visesa (special) dhvani, bedecked with svar and varna and is colorful or delightful to the minds of the people is called Raga."Raga is born from the act of colouring or delighting, this has been said to be the etymology of the word raga.1(BD 3.263.66). Further, in BD, the classification of notes in form of sonance also gives rise to the notion of individuality of ragas,which is further seen in the text of Sudhakalash where he assigns every raga a distinct visualization.

In the Brihhaddesi, the four-fold division - vadi, samvadi, anuvadi, and vivadi comprise samanya/general division.According to him the vadi or vadana is directly related to qualitative aspect of raga determined by the ansh svar. It is the vadi svaras though only seven, that are to be understood as tenfold like the ansh2 (BD 1.4.anu 20) .It produces the ragatva of raga ie ragasya ragatvam which means the raga-ness of raga. Matang Muni also pointed towards the quality of singularity of raga and raga-ness of raga, which means that there is a musical and aesthetical uniqueness of every raga individually.This aspect has paved the way for Sudhakalash also in his aesthetic descriptions of all ragas.

Thus on one hand we find according to Matang Muni, classification of ragas in a strict - shashtric extrovert approach while on the other hand we have Shri Sudhakalash who has classified ragas and raginis in an aesthetic approach having imagination and contemplation of raga dhyanas, which are introvert in nature.

Classification of Ragas: Brihhaddesi:

The gramaragas in Matang's work are classified according to seven gitis (more as performance styles) defined by other features like ornaments, relationships, rhythm, text etc. The gitis are as suddha, bhinna, gaudika, raga giti/ vesara, sadharani, bhasha and vibhasha. He gives the names of Ragas for the first time as Takka Raga, Souvira Raga, Malava Pancham Raga, Khadava Raga, Malava Kaisika, Votta Raga, Hindoloka and Takka Kaisika raga, and later he assigned bhasa -gitis to them which are suggestive of female characteristics, and a pointer in new direction for for future musicologists.3

Sangitupanishad Saroddhara by Shri Sudhakalash:

The oldest extant descriptions of ragas in terms of personification or deification is first seen in this music treatise written by Jain Acharya Shri Sudhakalash in 1350. This Treatise is amongst the few texts written which deal with essentially the tantric characterization of raga. In this treatise, along with the technical description of ragas, extra-musical significations are designated by short couplets/poems called dhyana or contemplations. His descriptions also correspond to literary sources which depict raga in miniature paintings in Kalpasutra manuscript. The raga paintings are multi-armed and multi-headed representations of deities, featuring typical emblems and animal vehicles.

Dhyanas:Dhyana is a technical term borrowed from yoga. It is the seventh step amongst the eight steps of Patanjali in his Yogasutra. This could imply that the raga-dhyanas suggest that music was viewed as yoga and secondly usage of the word dhyanas is also used in tantric texts, so it could mean a tantric dhyan.Thus we can understand that the personification of ragas in terms of deities is based in the philosophical and yogic discipline of Tantra.

Tantra: Tantra is a complex combination of Indian beliefs rooted both in Aryan and non- Aryan traditions. The treatises and practices that formed the core of tantra developed during the second half of the first millenium and can be traced back to many religions namely Hinduism, Buddhism and Jainism and it was also seen in cults like Sakta (the cult to devi, or the goddess), Saiva (the cult of Shiva) and Vaisnava (the cult of vishnu).

Tantric Evidence in Music:

The earliest evidence of a tantric view of music comes from the manglacharan shlok of Brihhaddesi, which is the auspicious introductory stanza of desiraga chapter. There is a debate constantly going on regarding the possibility of descriptions of raga-dhyanas in Brihhadesi, but as now, only a few verses of this chapter are existing.

But the manglacharan shlok indicates that the chapter on desi-ragas was strongly conceived in tantric terms. Yet the fact remains that the oldest source of tantric raga dhyanas are in the treatise of Sudhakalash. It is matter of indepth research whether the roots can be traced back to Matang, or whether the system of raga-dhyana seems to have developed in the context of desiragas of Matang. It is also a matter of investigation. as to what was the source of Shri Sudhakalash regarding his description of tantric raga dhyanas and whether it was a source from within the stream of Jain beliefs and practices or borrowed from other religion or maybe other way round.

Apart from this, there is also another astonishing commonness in both these texts. A tantric halo of svaras in both the texts.

Matang says each of these namely sa, ri, ga, ma, pa dha, ni has an agamic significance, the svar ri and ni are ending with short i, they represent the Kama-bijia (Sakti-bija) and the other five svars are endowed with Visnu-bija.Matang has given deities for each svaras, following early tradition of vedic literature.4

Matang explains dhvani as para yoni, as the basic womb of all creation. This can only be understood in terms of yoga and tantra

Sudhakalash also mentions Shiva and Shakti in his treatise to explain universe and to attribute masculine and feminine characteristics and also explains that the sound -nada is perceived in two hand cymbals because they embody Shiva and Shakti.Sudhakalash has not given much technical information on svaras but instead Sudhakalash has described svaras, their physical appearance(as multi-armed, multi-headed ,head of an elephant etc) colour, and their deities(which vary with Matang's deities of svaras),which is a tradition found in tantric ritual literature.Jaina meditative and devotional tradition had for its subject matter a large multi leveled pantheonof deities and subordinate deities. He also describes the shrutis, taans, murchannas and grams, which finds co-relation to paintings in Devsano pado kalpasutra manuscript. The source of his descriptions of svara, shruti, taan, murchana and gram is yet an area to be researched on.

Thus the concept of tantric raga-dhyanas and such description of svaras etc all seem to be in some commonness with the Brihhaddesi of Matang Muni and there seems to be a tantric influence on both these authors.

The Tantric Raga-Dhyana of Sudhakalash- The raga-dhyanas given by him are purely tantric in nature. They do not deal with human being.Each raga has been described, the colour of the body, the colour of the attire ,how many hands it has and what is held in each hand i.e ayuddha. Ayuddhas do not only mean weapon,it also may mean "what you hold in your hand" so ragas are described according to the number of their hands, according to the ayuddhas held in each hand and also according to their vehicle (vahana).Just as Shiva has nandi as vahana, and just as Kartikeya has peacock, each and every raga and ragini has been described with a vahana. Thus these raga-dhyanas reflect strongly the tantric stream of thought .

Classification of Ragas : Sudhakalash

This is also the earliest known work on iconography of various ragas. It is an important text as it reflects the change in understanding and classifying the ragas and raginis by assigning gender and visualising an iconography. The ragas are multi armed tantric style deities.The raga dhyanas are described in chapter three, from verses 72 to111.

The book also mentions ragadhyanas of six ragas namely Sri ,Vasanta, Bhairava, Panchama, Megha and Nattnarayan ragas and their Bhasas.5

Conclusion- The study of both the texts show regional influences and development of aesthetic aspects apart from the shashtric rules. There also appears to be some commonness of tantric influence seen in both the texts which point towards the prevailing tantric trends of that eras. The raga dhyan parampara strongly reflects the consonance, communication and exchange in music and other arts like miniature painting and at the same time also shows the music flow of change and continuity from Raga to Raga dhyan iconification.

References-

1. Sharma,Prem Lata ; (1992) *Brihhadddesi of Sri Matang Muni*:" Kalamulasastra Series 8 New Delhi : .IGNCA,
2. Sharma,Prem Lata (1994).*Brihhadddesi of Sri Matang Muni*. Kalamulasastra Series 10 Volume II .New Delhi : IGNCA
3. Allyn Miner (1998)English Translation, *The Sangitopanisat -Saroddharah by Sri Sudhakalash*, (first edition), Delh: IGNCA.
4. Dr Umakant Shah (1978)*The treasures of Jaina Bhandars.* Ahmedabad.: L. D. Institute of Indology.
5. Sharma,Prem Lata. (1994) "*Brihhadddesi of Sri Matang Muni:" Kalamulasastra Series 10 Volume II* .New Delhi : IGNCA
6. Sharma,Prem Lata. (1992). *Brihhadddesi of Sri Matang Muni*:", Kalamulasastra Series 8 .New Delhi : IGNCA

7. Sharma,Prem Lata. (1994). *"Brihhadddesi of Sri Matang Muni:" Kalamulasastra Series 10 Volume II* .New Delhi : IGNCA
8. Sharma,Prem Lata. (1992). *Brihhadddesi of Sri Matang Muni:", Kalamulasastra Series 8* .New Delhi : IGNCA
9. Allyn Miner. (1998). English Translation, *The Sangitopanisat -Saroddharah by Sri Sudhakalash.New Delhi: IGNCA.*

****

ISSN : 2277- 4262
SJIF : 8.244
INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY E-JOURNAL
An International Peer Reviewed, Refereed Journal

संगीत शिक्षा में स्वर संवाद का महत्व

- देवेश सिंह
शोध अध्येता,
संगीत विभाग, मुंबई विश्वविद्यालय, सांस्कृतिक भवन,
विद्यानगरी, कलीना, सांताक्रूज (पूर्व), मुम्बई 400098

सारांश- भरतमुनि द्वारा रचित नाट्यशास्त्र में सारणा चतुश्त्यी तत्पश्चात बाईस श्रुतियों पर बारह स्वरों की स्थापना एवं स्वर ज्ञात होने के पश्चात किन्ही दो स्वरों में परस्पर संवाद को किस प्रकार स्थापित किया जाता है तथा संगीत शिक्षा में स्वर-संवाद का क्या महत्व है, प्रस्तुत शोध पत्र में इसे विस्तृत रूप से समझानें का प्रयास किया गया है।

संगीत विद्वानों नें स्वर-संवाद युक्त अलंकारों अथवा स्वरावलियों को सदैव इस प्रकार रचा है जिससे शिष्यों को विधिवत स्वर ज्ञान हो सके एवं स्वर-संवाद की समझ होनें पर शिष्य इतनें सक्षम हो कि एक समय आनें पर वह स्वयं रचनाएँ कर सके। स्वर-संवाद को जाने बिना एक कुशल संगीतज्ञ बनना लगभग असंभव है। इसकी महत्ता को समझते हुये मैंने इस विषय पर यह शोध पत्र लिखा है।

विशिष्ट शब्दावलियाँ: .श्रुति .श्रुति-स्वर विभाजन.सारणा चतुश्त्यी.स्वर-संवाद .स्वर-संवाद के अंतर्गत प्रयुक्त अलंकार

संवाद तत्व की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि- संगीत की उत्पत्ति कब एवं किस प्रकार हुई इस बारे में विद्वानों नें कई मत दिये है। [1]कुछ विद्वानों के मतानुसार इसकी उत्पत्ति भगवान शंकर के डमरू से हुई, उन्होनें यह विद्या माता सरस्वती को दी, माता सरस्वती से नारद मुनि को यह विद्या प्राप्त हुई तत्पश्चात नारद मुनि नें यह विद्या भरत सहित अन्य विद्वानों को प्रदान किया। इन विद्वानों नें कालांतर में संगीत कला को जन-जन तक पहुंचाया। क्रमानुसार स्वर से सप्तक तथा सप्तक से मूर्छना का विकास हुआ।

कुछ विद्वानों के मतानुसार संगीत का जन्म सृष्टि के निर्माण के साथ ही हो गया था। ओंकार में निहित ध्वनि ही सांगीतिक नाद की जन्मदाता बनी। सृष्टि में निहित सूक्ष्म ध्वनियाँ जैसे सूर्य की किरणें, हवाओं की सरसराहट, पक्षियों के चहचहाने, नदियों- झरनों की कलकल ध्वनि आदि में संगीत सदा से निहित था। मानव जाति के विकास के साथ ही संगीत भी विकसित होता गया। समय के साथ मानव जाति का मस्तिष्क इतना विकसित हुआ कि वह श्रुति एवं स्वर को पहचानने में सक्षम हो गया।

भारतीय संगीत में नाद से श्रुति एवं श्रुति से स्वर की उत्पत्ति मानी जाती है। वैदिक काल में केवल तीन स्वरों का प्रयोग वैदिक-गान में किया जाता था। यह स्वर क्रमसह उद्दात, अनुद्दात एवं स्वरित थे। उद्दात स्वर मध्य सप्तक, अनुद्दात स्वर तार सप्तक व स्वरित स्वर ऊपर के स्वर से नीचे के स्वर पे आने को कहते थे। सामवेद में साम-गान का उल्लेख मिलता है इसमें अन्य स्वर प्रयोग में आए।

वर्तमान में बाईस श्रुतियों में कुल बारह स्वर प्रयोग में लाये जाते हैं, जिनमें सात शुद्ध स्वर व पाँच विकृत स्वर हैं। स्वरों के क्रमानुगत विकास से तो लगभग सभी संगीत प्रेमी और शोधार्थी अवगत हैं। इन्ही बारह स्वरों को विशिष्ट रूप से नियमबद्ध कर सांगीतिक रचनाएँ की जाती हैं। जिस प्रकार कई फूलों को एक धागे में पिरोकर एक सुंदर माला तैयार किया जाता है उसी प्रकार कई स्वरों का विशेष प्रकार से स्वर- समूह बनाकर एक सुंदर रचना की जाती है।

श्रीनिवास, अहोबल इत्यादि जैसे विद्वानों नें किन्ही दो स्वरों के मध्य संवाद किस प्रकार स्थापित होता है, यह विस्तार से समझाया है, जो एक निश्चित श्रुत्यंतर पर स्थित होते हैं। प्रस्तुत शोध पत्र में संगीत के स्वर संवाद के सैद्धान्तिक तत्व की चर्चा करते हुये आज वर्तमान में संगीत शिक्षा में इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डालनें का प्रयत्न किया गया है,विद्वानों नें श्रुति की परिभाषा इस प्रकार दी है **"श्रयते इति श्रुति:"** अर्थात वह संगीतोपयोगी सूक्ष्म ध्वनि जो कानों को साफ-साफ सुनाई दे और स्पष्ट तरीके से पृथक-पृथक पहचानी जा सके उसे श्रुति की संज्ञा देते है। संगीत साधकों नें ऐसी बाईस श्रुतिया बताई हैं।

स्वर-संवाद को समझने से पूर्व बाईस श्रुतियों पर सात स्वरों के स्थान को समझना अनिवार्य है। संगीत में बाईस श्रुतियों के मध्य इतना सूक्ष्म अंतर है कि इन्हें किसी सामान्य संगीत साधक द्वारा पहचानना लगभग असंभव प्रतीत होता है, जिस कारण विद्वानों नें इन्हें कुछ निश्चित श्रुत्यंतर पर स्थापित किया जिसे "श्रुति- स्वर विभाजन" कहा जाता है। [2]**"चतुश्च-चतुश्च-चतुश्च चैव षड्ज माध्यम, पंचम: द्वै-द्वै निषाद गंधारों त्रिस्त्री ऋषभ धैवतों"** अर्थात सा,म और प कि चार-चार श्रुतियाँ, नि और ग कि दो-दो श्रुतियाँ एवं रे और ध कि तीन-तीन श्रुतियाँ बताई गयी

हैं , परंतु स्वर के स्थापत्य स्थान में प्राचीन-मध्यकालीन तथा आधुनिक कालीन संगीतज्ञों में तनिक भेद है। प्राचीन अथवा मध्यकालीन विद्वानों नें शुद्ध स्वरों को उनके अंतिम श्रुति पर रखा अपितु आधुनिक संगीतकारों नें शुद्ध स्वरों को उनकी पहली श्रुति पर स्थापित किया। ऐसे कुल सात शुद्ध एवं पाँच विकृत स्वरों की स्थापना हुई। यह सात शुद्ध विकृत और पाँच विकृत स्वर मुख्यतः तीन ग्रामों अथवा सप्तकों में विभाजित हैं जो क्रमसह मंद्र, मध्य एवं तार सप्तक कहे जाते हैं। इन तीनों सप्तकों में श्रुति- स्वर विभाजन समान तरीके से किया गया है। [3]पंडित दामोदर के अनुसार, "स्वर और श्रुति एक ही हैं। जैसे तिल में तेल होता है, लकड़ी में जैसे आग होती है, उसी प्रकार उन्होनें स्वरों में श्रुतियों को समाहित माना है।"

सारणा चतुश्ट्यी का उल्लेख सर्वप्रथम हमे भरत मुनि द्वारा रचित "नाट्यशास्त्र" में मिलता है। इस क्रिया के अंतर्गत भरत मुनि नें षड्ज-मध्यम एवं षड्ज-पंचम भाव को आधार मानकर सम्पूर्ण सप्तक में संवाद भाव को देखनें का प्रयत्न किया है। इस प्रयोग को भरत मुनि नें चार भागों में किया, प्रत्येक भाग को सारणा तथा चारों भागो को सारणा चतुश्ट्यी की संज्ञा दी।

सर्वप्रथम समान लंबाई- चौड़ाई और पर्दे वाले दो वीणाओं के सातों तारों को एक प्रकार मिला लिया। सातों स्वरों को 4-3-2-4-4-3-2 के अनुपात में आखरी श्रुति पर स्थापित किया। एक को अचल वीणा(ध्रुव वीणा) व दूसरे को चल वीणा(अध्रुव वीणा) नाम दिया।

प्रथम सारणा में चल वीणा के पंचम को एक श्रुति नीचे किया जिससे वह सोलहवी श्रुति पर आ गया, इससे अचल वीणा के ऋषभ से जो कि सातवी श्रुति पर स्थित था, चल वीणा के पंचम का षड्ज-मध्यम संवाद बन गया। इससे यह ज्ञात हुआ कि षड्ज-मध्यम भाव में 9 श्रुतियों का अंतर है।

द्वितीय सारणा में पुनः चल वीणा के पंचम को एक श्रुति नीचे करनें से पंचम 15वी श्रुति पर आ गया इससे भरत मुनि को माध्यम ग्राम दिखा। पुनः सारे स्वर एक-एक श्रुति नीचे उतारने से षड्ज ग्राम मिला। अब चल वीणा का गांधार- निषाद का अचल वीणा के ऋषभ-धैवत से संवाद हो गया।

तृतीय सारणा के अंतर्गत पहले दो सारणाओं की तरह सर्वप्रथम पंचम को एक श्रुति नीचा कर मध्यम ग्राम को स्थापित किया तथा प्राप्त नए पंचम को षड्ज ग्राम का पंचम रखकर बाकी सभी स्वरों को षड्ज–पंचम भाव के हिसाब से एक –एक श्रुति नीचे किया।इस प्रकार तीसरी सारणा के आखिर में 3 श्रुति नीचे वीणा फिर से षड्ज ग्राम में स्थानांतरित हो गया तथा सातों स्वर क्रमशः 1 , 4 , 6 , 10 , 14 , 17 और 19 वीं श्रुति पर स्थापित हो गए। इस प्रकार दोनों वीणाओं को मिलाकर चल वीणा(अध्रुव वीणा) का रे और ध, अचल वीणा(ध्रुव वीणा) के सा और प से संवाद स्थापित हो गया।

चतुश्र सारणा अथवा अंतिम सारणा में भरत मुनि ने अन्य तीन सारणाओं की तरह ही पंचम स्वर को एक श्रुति नीचे उतार दिया तत्पश्चात बाकी स्वरों को भी एक –एक श्रुति उतार दिया। इस बार पंचम 13 वीं श्रुति पर आ गया।

चारों सारणाएँ करने पर सारे स्वर चार-चार श्रुति नीचे की श्रुतियों पर उतर गए। अंत में भरत मुनि ने पाया कि चल वीणा(अध्रुव वीणा) का प ,म और सा का अचल वीणा(ध्रुव वीणा) के म, ग और मंद्र नि से परस्पर संवाद स्थापित हो गया है।

इस प्रकार सर्वप्रथम भरत मुनि नें भारतीय संगीत में वीणा के तार पर स्वर-संवाद को स्थापित किया और इसकी उपयोगिता को उजागर किया।

स्वर संवाद एवं भाव संकल्पना - महर्षि भरत नें नाट्यशास्त्र में सा- म और सा-प ऐसे दो स्वर संवादों की चर्चा है। स्वर संवाद का अभिप्राय है,किन्ही दो स्वरों में ऐसा तादात्म स्थापित हो जाना जो सुनने में कर्णप्रिय लगे। भरत सहित अन्य विद्वानों का यह मत है कि दो स्वरों के मध्य संवाद हेतु उनमें 9 या 13 श्रुतियों का अंतर होना आवश्यक है तभी उनमें संवाद संभव है। जिन दो स्वरों को एक साथ गाने या बजानें पर ध्वनि अप्रिय लगे उसे विवाद कहा जाता है। सांगीतिक भाषा में इन्हें इष्ट स्वर(संवाद) एवं अनिष्ट स्वर(विवाद) कहा गया है।

हमने यह देखा कि भरत मुनि नें मुख्य रूप से सा-म और सा-प संवाद बताया है अपितु व्यावहारिक तौर पर विद्वानो नें चिंतन-मनन कर यह पाया कि इन दोनों स्वर संवादो के अलावा और षड्ज स्वर का कुछ अन्य स्वरों से भी संवाद स्थापित हो रहा है जो सुनने में कर्णप्रिय प्रतीत होते है, कुल 6 स्वर-संवाद दिखाई दिये। [4]जिन्हें विद्वानों नें इष्ट एवं अति-इष्ट कि संज्ञा दी। प्रारम्भ के सा-म तथा सा-प स्वर संवाद को अति-इष्ट कहा गया तथा अन्य चार को इष्ट स्वर-संवाद कहा गया।

इष्ट स्वर	**अति इष्ट स्वर**
षड्ज- गांधार(कोमल)	षड्ज- मध्यम(शुद्ध)
षड्ज- गांधार(शुद्ध)	षड्ज- पंचम
षड्ज- धैवत(कोमल)	
षड्ज- धैवत(शुद्ध)	

इनके विपरीत स्वरों को सा स्वर के साथ परस्पर गानें या बजानें से अनिष्ट स्वर संवाद स्थापित होता है । इसके अतिरिक्त विद्वानों नें उत्तम स्वर संवाद की भी चर्चा की है जिनमें स्वर अपनें स्थान से दो गुना ऊंचे स्थित होते है जैसे मध्य सप्तक का सा और तार सप्तक का सां यह संवाद प्रत्येक स्वर के दो गुने स्वर से बनते है जो सुनने में कर्णप्रिय लगते हैं।

जिस प्रकार हमनें इष्ट स्वर संवाद को समझा उसी प्रकार कुछ अनिष्ट स्वर संवाद का भी उल्लेख करना अनिवार्य है। जब तक अनिष्ट स्वर संवाद को नही समझा जाएगा तब तक इष्ट स्वर-संवाद को समझना कठिन है। यह अनिष्ट स्वर- संवाद वह हैं जो सुनने में बिलकुल भी प्रिय नही लगते हैं और स्वर-अभ्यास के साथ-साथ राग गायन में भी इनका प्रयोग वर्जित है। विद्वानों नें इन्हें भी दो प्रकार से विभाजित किया है वह निम्नलिखित हैं।

अनिष्ट स्वर-संवाद	**अति अनिष्ट स्वर-संवाद**
षड्ज-रिषभ(शुद्ध)	षड्ज-रिषभ(कोमल)
षड्ज-निषाद(कोमल)	षड्ज-मध्यम(तीव्र)
	षड्ज-निषाद(शुद्ध)

अपितु संगीत में हर एक स्वर का समान महत्व है परंतु मनोहारी और कर्णप्रिय संवाद किन्ही निश्चित दो स्वरों के मध्य ही स्थापित होता है और यही इसकी सुंदरता है। यह स्वर संवाद वैज्ञानिक है जो तीनों स्वर सप्तकों में समान श्रुतियांतर पर ही स्थापित होते है जिन्हें पाश्चात्य संगीत में कौन्सोनंस(Consonance) कहा गया है।

संगीत में नाद से श्रुति, श्रुति से स्वर तत्पश्चात संवाद तत्व के आधार पर सात शुद्ध एवं पाँच विकृत स्वरों का अविष्कार हुआ जिसका उल्लेख भरत्तोक्त सारणा चतुश्ट्यी में किया गया हैं। यह हमनें समझनें का प्रयास किया। प्रत्येक संगीत विद्वान का अपनें शिष्यों को शिक्षा प्रदान करनें की अपनी विधि है, किंचित यह विधि कई बार एक जैसी नहीं होती है। प्रत्येक स्वरों को लगानें के पृथक-पृथक तरीके हैं जो प्राचीन काल से लेकर मध्यकालीन संगीत तक कुछ भिन्न-भिन्न हो गए जिन्हें आज हम संगीत के विभिन्न घरानों के रूप मे देखते है, परंतु घरानों के अस्तित्व के पूर्व से ही गुरु अपनें शिष्यों को संवाद युक्त स्वर-संगतियाँ सिखाते आ रहें हैं। यह स्वर संगतियाँ ही शिष्यों में स्वर-संस्कार एवं स्वरों के बीच अंतर को समझने में लाभकारी रही हैं। संवाद युक्त स्वर संगतियाँ गले को तैयार तो करती ही हैं अपितु स्वरों को और करीब से जानने में मदत करती हैं। स्वर-संवाद युक्त कुछ अलंकार इस प्रकार हैं।

सा-ग(संवाद)- सा ग, रे म, ग प, म ध, प नि, ध सां

सा-म(संवाद)- सा म, रे प, ग ध, म नि, प सां

सा-प(संवाद)- सा प, रे ध, ग नि, म सां

स्वरों के मध्य साम्यता स्थापित होते ही वह हमारे कानों को मधुर लगनें लगते हैं इसीलिए विद्वानों नें स्वर-संवाद को बहुत महत्व दिया है। परंतु इष्ट स्वर- संवाद युक्त स्वर अलंकारों का अभ्यास करना जितना अनिवार्य है उतनी ही अनिवार्यता अनिष्ट स्वर-संवाद युक्त अलंकारों का भी है। जिस प्रकार शुद्ध स्वर स्थान को समझे बिना तीव्र अथवा कोमल स्वरों को समझना कठिन है उसी प्रकार अनिष्ट स्वर-संवाद के अभ्यास किए बिना इष्ट स्वर-संवाद पर पकड बनाना कठिन हैं, इसी कारण विद्वानों का मानना है की उत्तम संगीतकर बनने के लिए बारह स्वरों का अभ्यास होना अति- आवश्यक है।

संवादाधारित स्वरालंकार- [5]सांगीतिक रचना करते समय स्वर-संवाद का विशेष ध्यान रखा जाता है परंतु स्वर अभ्यास करते समय गुरु अपनें शिष्यों को हर- एक स्वरों के मध्य संवाद करना सिखाते हैं जिससे स्वरों पर एक अच्छी पकड स्थापित हो सके, अपितु स्वर अभ्यास तो जीवन भर करने पर भी कम ही प्रतीत होती है।

जिस प्रकार एक चौड़े मार्ग पर चलना आसान होता है और मार्ग जितना तनु अथवा पतला हो उस पर चलना उतना ही कठिन हो जाता है उसी प्रकार दो स्वरों के मध्य अंतर जितना कम होगा उन्हें सटीक स्थान पर गाना उतना ही मुश्किल होगा जैसे- सारे, रे ग, ग म, म प, प ध, ध नि, नि सां। इसकी जटिलता का आभास हमें वाद्यों को सुर में मिलाते समय होता है, इसीलिए गुरु अपनें शिष्यों को मिश्रित स्वर-अलंकारों का अभ्यास कराते हैं। यह मिश्रित अलंकार इस प्रकार हैं:-

1. सा रे सा ग, रे ग रे म, ग म ग प, म प म ध, प ध प नि, ध नि ध सां
2. सा ग प म, रे म ध प, ग प नि ध, म ध सां नि, प नि रें सां
3. सा ग म रे ग प, रे म प ग म ध, ग प ध म प नि, म ध नि प ध सां
4. सा सा रे रे सा म ग रे सा रे ग प म ग रे सा, प प म प रे रे ग म प सा रे प म ग रे सा
   ग ग प प, रे रे प प, सा सा प प, म ग रे सा
5. सा रे, सा ग, सा म, सा प, सा ध, सा नि, सा सां

6. सा रे ग म, सा ग रे म, रे सा ग म, ग सा रे म, रे ग सा म, ग रे सा म

उपरोक्त मिश्रित स्वर-संवाद युक्त अलंकारों के नियमित अभ्यास से गायन अथवा वादन में परिपक्वता आती है, इनका अभ्यास गुरु के मार्गदर्शन में करने पर उत्तम परिणाम प्राप्त होता है।

निष्कर्ष- संगीत कला ऐसी सर्वव्यापी है कि मानव के जन्म के साथ ही उसके शरीर में चल रही सांसें, हृदय गति कि आवाज़, उसके रोनें- हसनें आदि में वह निहित है। बुद्धि के विकास के साथ ही सांगीतिक नाद, नाद से श्रुति एवं श्रुति से स्वर कि स्थापना हुई। प्रारम्भ में एक स्वर फिर तीन स्वर तत्पश्चात विद्वानों नें वैज्ञानिक तरीके से संवाद तत्व के आधार पर बारह स्वरों को स्थापित कर जन मानस तक पहुंचाया। इन स्वर स्थानों के आधार पर गुणी जनों ने अपनें शिष्यों को विभिन्न प्रकार के स्वर-अलंकारों को सिखाया जो प्रथा आज भी निरंतर गतिशील है।

इस शोध कार्य के माध्यम से हर एक स्वर का सही प्रकार से अभ्यास करने की महत्ता एवं किन्ही दो अथवा दो से अधिक स्वरों के मध्य संवाद स्थापित होने से जो भाव की उत्पत्ति होती है उसे उजागर करने का प्रयास किया गया है।

संगीत एक ललित कला है जिसके माध्यम से हम अपनें भावों को प्रकट करते हैं, पूर्ण चेतना से गुरु के मार्गदर्शन में रह कर एवं हर एक स्वर का विधिवत अभ्यास द्वारा ही इस विद्या में निपुणता प्राप्त करना संभव है। स्वरों में जितनी परिपक्वता आएगी, उनके मध्य भाव संवाद स्थापित होगा जिससे इस कला में अनवरत निखार की संभावना बढ़ती जाएगी। संगीत में भाव का सीधा संबद्ध स्वरों की निश्चित स्थान अथवा श्रुतिस्थान से है जो अभ्यास से ही उत्पन्न होता है। वर्तमान में संगीत शिक्षण शैली ऐसी ही हो जिसमें भाव की उत्पत्ति का मार्ग स्वराभ्यास एवं उनके मध्य संवाद स्थापित करने की कला में निहित हो।

संदर्भ सूचि

1. जोशी उमेश. (2021) *भारतीय संगीत का इतिहास'* दिल्ली :कल्पना प्रकाशन. पृष्ठ सं 27

2 मुंजाल अंजू.(2016). *संगीत मंजुषा*'.नई दिल्ली: सरस्वती हाउस प्राइवेट लिमिटेड, पृष्ठ सं 58

3 शर्मा स्वतंत्र. (1986). *भारतीय संगीत का वैज्ञानिक विश्लेषण*'.नई दिल्ली: प्रतिभा प्रकाशन. पृष्ठ सं 33

4 सिंह ललितकिशोर. (1962). *ध्वनि और संगीत.* नयी दिल्ली :भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन. पृष्ठ 96-118

5 https://youtu.be/UuqLI8PKLyU

****

ISSN : 2277- 4262
SJIF : 8.244
INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY E-JOURNAL
An International Peer Reviewed, Refereed Journal

हिन्दी चित्रपट मे पार्श्वसंगीत : एक संवाद का माध्यम

मिलिंद कुमार सिंह
शोध अध्येता
प्रो. कुणाल ईंगले
शोध निर्देशक
संगीत विभाग
मुम्बई विश्वविद्यालय

सारांश -हिन्दी चित्रपट में पार्श्व संगीत का संवाद स्थापित करने में एक महत्वपूर्ण योगदान है। यह संवाद चाहें चित्रपट के प्रसंगो के बीच हो या चित्रपट का दर्शको के साथ संवाद हो, सभी प्रकार से पार्श्व संगीत हिन्दी चित्रपट में एक संवाद का माध्यम है। पार्श्व संगीत का विभिन्न प्रकार से चित्रपट में अपना योगदान है, चाहें वो भाव स्थापित करता हो या अभिनेता का चरित्र स्थापित करना हो, इन सब मे संगीत का प्रयोग किया जाता है। जिन प्रसंगो में किसी प्रकार का अभिनय नही होता, उन प्रसंगो में पार्श्वसंगीत द्वारा ही दर्शको के साथ संवाद स्थापित किया जाता है। संगीत किसी भी चित्रपट को एक निश्चित दिशा प्रदान करता है। संगीत सुनकर ही हम सोच लेते है, चित्रपट क्या संदेश अपने दर्शको तक पहुचाना चाहता है। अगर चित्रपट में कोई भी संवाद ना हो, फिर भी पार्श्व संगीत के माध्यम से हमे चित्रपट को समझने में कोई परेशानी महसूस नही होती है।

प्रस्तावना : चित्रपट हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है, और बात करे हिन्दी चित्रपट की तो यह कई दशकों से भारतीय लोगों के बीच बहुत लोकप्रिय रहा है। कोई भी चित्रपट संगीत के बिना अधुरा है। हम कह सकते है कि संगीत किसी भी चित्रपट की आत्मा होती है। हिंदी चित्रपट मे संगीत का प्रयोग अर्देशिर ईरानी की पहली साउंड (बोलती) फिल्म आलम आरा से मौजूद हैं, जिसमें सात गाने थे। १९३१ में भारतीय सिनेमा के आगमन के समय से ही गानो की संख्या वाले संगीत भारतीय सिनेमा में एक नियमित विशेषता रही है। १९३४ में हिंदी फिल्मी गाने ग्रमोफोन पर रिकॉर्ड होने लगे और बाद में, रेडियो चैनलो पर बजाए जाने लगे, जिससे भारत में जन मनोरंजन के एक नए रुप को जन्म दिया गया जो लोकप्रिय माँग के लिए उत्तरदायी था। हिंदी सिनेमा ने कई तरह की फिल्मों का निर्माण किया, जिन्हे आसानी से " ऐतिहासिक", "पौराणिक", "भक्ति", अदि शैलियों में वर्गीकृत किया जा सकता है, और इस वर्गीकरण ने इन फिल्मों मे प्रयोग होने वाले संगीत को बहुत प्रभावित किया।

किसी भी चित्रपट मे संगीत का प्रयोग दो प्रकार से किया जाता है। एक जिसे हम गीत या फिल्मी गानों के रुप में देखते है और दुसरा वह संगीत को किसी प्रसंग तथा संवाद के साथ - साथ प्रयोग किया जाता है, जिसे हम पार्श्वसंगीत कहते हैं। पार्श्वसंगीत किसी भी चित्रपट की आत्मा होती है, जिसे ज्यादातर दर्शक नजरअंदाज कर देते है। वे जानते हैं कि फिल्म का आनंद लेते हुए उन्हे अच्छा महसूस होता है लेकिन वे जो सुनते है उसके महत्व को कमी भी संसाधित नही करते हैं। प्रस्तुत 'शोध पत्र' में पार्श्वसंगीत के महत्व की चर्चा की गई है तथा यह दर्शकों एवं चित्रपट के प्रसंगो के बीच किस प्रकार संवाद स्थापित करता है, इस विषय पर भी प्रकाश डाला गया है।

कुंजी शब्द- पार्श्व संगीत , हिंदी चित्रपट , संवाद , पार्श्वसंगीत

पार्श्वसंगीत संगीत प्रदर्शन का एक तरीका है जिसमें संगीत संभावित श्रोताओ तथा दर्शको का प्रथमिक ध्यान केंद्रित करनें का इरादा नही रखता है, लेकिन इसकी सामग्री, और ध्वनि स्तर को जानबूझकर मनुष्य के व्यवहार और भावनात्मक प्रतिक्रियाओं को प्रभावित करने के लिए चुना जाता है, जैसे, एकाग्रता, विश्राम, व्याकुलता और उत्तेजना इत्यादि। श्रोता विशिष्ट रुप से पार्श्व संगीत के अधीन होते हैं।

हिन्दी चित्रपट मे पार्श्वसंगीत की भूमिका –

भाव स्थापित करना : - फिल्मों की खूबी यह है कि आप एक कहानी कह सकते है और कम समय मे असंख्य भावनाओंऔर अवधारणाओंका निर्माण कर सकते हैं। संगीत किसी भी चित्रपट का भाव स्थापित करने में सहायक होता है। यह दर्शको को फिल्म के शैली तीव्रता के स्तर

और फिल्म के प्रकार के बारे मे एक विचार देता हैं। हालांकि यह एक अवचेतन प्रभाव है यह काफी तेजी से होता है। संवाद और प्रसंग दो निवेश

(इनपुट) बनाते हैं, संगीत दर्शको के दिमाग मे एक तीसरा निवेश बनाता है, जो उन्हें दृश्यों को एक निश्चित तरीके से सोचने और व्याख्या करने में मदद करता है। कभी इसे स्पष्ट किया जाता है तो कभी सूक्ष्म।

विपरीत विचार स्थापित करना : दृश्य के विपरीत संगीत बनाना संभव है, जो दर्शकों को एक अलक दृष्टिकोन देता है। यह अक्सर उन भूखंडो में उपयोग किया जाता है। जिनमें एक मोड़ होता है। उदाहरण के लिए, कल्पना किजिए कि एक खलनायक का चरित्र वास्तव में एक नायक का है और फिल्म निर्माता कहानी के अंत मे यह बताना चाहता है। संगीत शुरुआत मे चरित्र के वास्तविक व्यक्तित्व को प्रकट करने के बजाय दर्शको के दृष्टिकोन से एक परिप्रेक्ष्य बनाकर मदद कर सकता हैं। अन्य उदाहरण यह ले सकते हैं कि संगीत का उपयोग प्रत्याशा की झूठी भावना पैदा करने और फिर पीछे हटने के लिए किया जा सकता है। यह दर्शको को यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि कुछ होने वाला है, लेकिन वास्तव मे ऐसा नही होता है।

बिषयगत विकास : पार्श्व संगीत के प्रयोग से, चित्रपट के विषयगत विकास की भी संभावना है, क्योंकि इसमें कुछ संगीत विषयों का उपयोग करना और फिर कहानी की प्रगति के रूप में उन्हें विकसित करना संभव है। संगीतकार एक संगीत विषय को विकसित करने के लिए कई तरह की तकनीकों का उपयोग कर सकते हैं, जैसे कि वाद्य-वृंद (आर्केस्ट्रेशन) का आकार बढ़ाना, कहानी की प्रगति के रुप मे अनुरुप विषय की धुन (मेलोडी) विकसित करना आदि।

अभिनेता का चरित्र स्थापित करना : चरित्र विषय (कैरेक्टर थीम) दशर्को को प्लॉट के संबंध में बिंदुओ को समझने और जोड़ने में मदद करती है। उदाहरण के लिए, यदि कहानी मे कोई बुरा आदमी है और हमारे पास उसका चरित्र विषय है अर्थात कोई विशेष संगीत है, तो हर बार वह आनेवाला होता है यदि वह संगीत बजाया जाता है, तो दर्शको को संकेत मिलता है कि कुछ बुरा होने वाला है।

संगीत ध्वनियों का समग्र प्रभाव : (साउंडस्केप) किसी फिल्म में प्रयुक्त ध्वनि का प्रयोग, निर्देशक, निर्माता और संगीत, निर्देशक का सामूहिक निर्णय हो सकता है। वाद्ययंतो और ध्वनियो का एक अनूठा मिश्रण बनाने से फिल्म को एक कर्णात्मक व्यक्तित्व मिलता है। हर परियोजना के लिए हमेशा नई ध्वनियों साधनो का उपयोग करना आवश्यक नही होता है लेकिन केवल एक ही ध्वनि का अलग-अलग तरीके से प्रत्येक बार ध्वनि दृश्य मे गहराई मिलती है और यह उस विशेष परियोजना के लिए अद्वितीय बनाती है। इसका दर्शको पर अवचेतन प्रभाव पडता है और उन्हें कहानी से बेहतर तरीके से जुडने मे मदद मिलती है।

समय की धारणा : कहानी और पटकथा की गति धीमी या तेज हो सकती है जो निर्देशक की दृष्टि और फिल्म बनाने की तकनीक पर निर्भर करती हैं। यहाँ संगीत की भूमिका गति पैदा करना तथा प्रसंगो की स्पष्ट गति को बदलाना है। दृश्य की तीव्रता के अनुसार संगीत की गति को बदलकर समय की धारणा में हेरफेर किया जा सकता है। यदि यह प्रभावी ढंग से नही किया जाता है तो कहानी दर्शको का ध्यान बताए रखने में सक्षम हुए बिना धीमी या तेज हो सकती है।

गतिशीलता स्थापित करना : हर अच्छी फिल्म में गतिशीलता होती है। ऐसे दृश्य हैं जो हल्के होते हैं और दृश्य जो अधिक तीव्र होते हैं। संगीत परिस्थितियों की गंभीरता पर सही हद तक जोर दे सकता है। कभी-कभी मौन भी गतिशीलता बनाने मे मदद करने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण का काम करता है। ध्वनि और संगीत के बीच परस्पर क्रिया एक ऐसा अनुभव पैदा करने में मदद करती है, जहाँ दर्शकों का कहानी की ओर रुचि बढाई जाती है।

भावनाओंको व्यक्त करना : संगीत आपको, खुश या उदास महसूस करने के अलावा और बहुत कुछ कर सकता है। यह आपको पात्रों, उनके संवादो और कहानी के बारे में एक निश्चित तरीक से सोचने और महसूस करने के लिए प्रेरित कर सकता है। यह दर्शको को पात्रो से बेहतर तरीके से संबंधित होने मे मदद करता है और यह अवचेतन रुप से फिल्म के बारे में एक परिप्रेक्ष्य भी बनाता है। उदाहरण के लिए यदि आपके पास कमोबेश तटस्थ दृश्य हैं जिसमें एक अभिव्यक्तिहीन व्यक्ति, अपने अपार्टमेंट की खिड़की से बाहर देख रहा है, तो संगीत इस बात का संकेत दे सकता है कि वह व्यक्ति क्या महसूस कर रहा है या क्या सोच रहा है।

दृश्यों को एक साथ जोड़ना : संगीत दर्शको को एक बेहतर विचार देता है कि फिल्म के दृश्य एक दुसरे से और कहानी के साथ कैसे जुडते है। कहानी के प्रवाह को बेहतर बनाने के लिए संगीत विडियो संपादन को सुचारु बताते और दृश्यों को एक साथ मिलाने मे मदद करता है। हालाँकि, दृश्यों के बीच संयोजकता को खोना आसान है यदि संगीत जैसा होना चाहिए उससे अधिक विपरीत है।

समय अवधि, संस्कृति और स्थान : संगीत का उपयोग किसी स्थान या समय अवधि की विशेषताओंको बढ़ाने के लिए भी किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, यदि फिल्म १७ वीं शताब्दी पर आधारित है, और भारत मे आधारित है, तो संगीत उस समय की संस्कृति से प्रभावित पारंपारिक भारतीय लोक वाद्ययंत्रो और संगीत शैलियो के चतुर उपयोग से उस युग और स्थान की जीवंतता बनाने मे मदद कर सकता है।

निष्कर्ष : हिन्दी चित्रपट में पार्श्वसंगीत संगीत की एक अहम भूमिका है, जिसे नजरअंदाज नही किया जा सकता है। चित्रपट को जीवंत रखने तथा दर्शको को चित्रपट से जोडे रखने मे पार्श्व संगीत का महत्वपूर्ण योगदान है। दृश्यों का एक दुसरे से संवाद तथा चित्रपट का दर्शको से संवाद तभी संभव है जब पार्श्व संगीत का बखुबी प्रयोग किया गया हो। ऐसे दृश्य जहाँ कोई अभिनय नही होता तथा किसी प्रकार का संवाद भी नही होता, पार्श्व संगीत ऐसे दृश्यों का दर्शको के साथ संवाद स्थापित करता है। किसी भी दृश्य के भावनाओ का स्पष्ट रुप से प्रकटीकरण करता, संगीत की सहायता के बिना बहुत कठिन है। १९८७ में एक हिन्दी चित्रपट बनी थी, जिसका नाम पुष्पक विमान था इस चित्रपट मे एक भी संवाद नही थे, परन्तु चित्रपट देखते समय दर्शको को हर प्रसंग का भाव स्पष्ट रुप से प्रकट होगा। ऐसे फिल्मो मे पार्श्व संगीत भावों को व्यक्त करने मे बहुत सहायक होता है। इस प्रकार हम देखते हैं, कि हिन्दी चित्रपट मे पार्श्व संगीत संवाद का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

संदर्भ ग्रंथ सुची-

1) Ranade Ashok.(2006). *Hindi Film songs : Music Beyond boundaries.New Delhi:* Promilla and Company.
2) Theodor, W Adorno, Hanns Bister, Grahan Mccann.(2007). *Composing for the films.* Continuum Publication.
3) Moitra, Shantana, Chakraworty Aruna. *On the wings of Music - A book of Journeys.* New Delhi: Harpar Collins Publishers India.
4) Davis, Richard.(2010). *Complete Guide to film scoring.* Berklee PressPublications.
5) Andy hill.(2017). *Scoring the Scene*. Hal Leonard Corporation.
6) Anantraman Ganesh.(2008). *Bollywood Melodies : A History*. Penguine Books India Pvt. Limited.
7) https://www.wikipedia.org.
8) https://www.google.com